संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 11 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 311 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी (मेट्स) के रजत जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन करते हुए।

## उद्धव राम मंदिर के विरोधियों के साथ: शाह

● वे राहुल से सावरकर के लिए दो अच्छे शब्द बुलवाकर बताएं; खुद तय करें कहां बैठना है

**साधा निशाना**

▶▶ जब तक हमारे एक भी सांसद-विधायक रहेंगे, हम धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई** : गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के मुंबई, जलगांव, बुलढाणा और अमरावती में चुनावी सभाएं कीं। उन्होंने कहा कि 'महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। जब तक हमारे एक भी सांसद-विधायक रहेंगे, हम धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे।' उन्होंने कहा कि एमवीए की सारी योजनाएं महाराष्ट्र की विचारधारा का अपमान करने वाली हैं। इन योजनाओं से पता चलता है कि एमवीए किसी भी तरह सत्ता पाना चाहती है, फिर चाहे उसे राज्य की संस्कृति से छल ही क्यों न करना पड़े। शाह बोले- 'उद्धव ठाकरे राम मंदिर, सावरकर, 370 और सीएए-यूसीसी का विरोध करने वालों के साथ हैं। क्या वे राहुल गांधी और कांग्रेस के नेताओं से वीर सावरकर और बाला साहेब ठाकरे जी के लिए दो अच्छी बातें बुलवा सकते हैं? वे नहीं बोलेंगे। यह अघाड़ी गठबंधन आंतरिक विरोधाभासों से घिरा हुआ है। उद्धव जी को तय करना है कि वो कहां बैठेंगे।'



### उद्धव ठाकरे पर कसा तंज

**गौरतलब** है कि 2023 में राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ टिप्पणी करते हुए उन्हें कायर कहा था, जिसके लिए उन्हें सावरकर के परिजनों द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में पक्ष बनाया गया था। शाह ने उद्धव ठाकरे पर भी कटाक्ष किया और कहा, 'उद्धव जी, मैं तय नहीं कर सकता कि आप कहां बैठते हैं, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि आप उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध किया था। आप उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का विरोध किया था।

**मुख्यमंत्री चेहरा:** शाह ने कहा, "भाजपा, एनसीपी अजित पवार और एकनाथ शिंदे की शिवसेना गठबंधन ने अपना-अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अभी हमारे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं। चुनाव के बाद गठबंधन के तीनों सहयोगी मुख्यमंत्री पर फैसला लेंगे।"

**महाराष्ट्र पुनरुत्थान:** अमित शाह ने कहा, "महाराष्ट्र कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। भक्ति आंदोलन की शुरूआत भी महाराष्ट्र से हुई। गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी ने यहीं से किया। सामाजिक क्रांति की शुरूआत यहीं से हुई। हमारे संकल्प पत्र में महाराष्ट्र की जनता का प्रतिबिम्ब है। किसानों का सम्मान, गरीबों का कल्याण, महिलाओं का स्वाभिमान बढ़ाने, विरासत का पुनरुत्थान करने का संकल्प आज महायुति ने लिया है।"

**कश्मीर चुनाव:** शाह ने कहा- आज अंबेडकर जी की भूमि पर मैं खड़ा हूं। आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर की धरती पर भारत के संविधान के तहत मुख्यमंत्री ने शपथ ली है। 370 हटने के बाद यह चुनाव हुआ। देश को इस पर नाज है।

### 'राहुल गांधी ने सावरकर का अपमना किया'



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन पर वीर सावरकर का अपमान करने का आरोप लगाया। अमित साह ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को चुनौती दी कि वह राहुल गांधी से सावरकर और शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की प्रशंसा करने को कहें। गृह मंत्री ने मुंबई में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं इस मंच से उद्धव ठाकरे से पूछना चाहता हूं। क्या वह राहुल गांधी से वीर सावरकर के बारे में कुछ अच्छा कहने को कह सकते हैं? क्या कोई कांग्रेस नेता बालासाहेब ठाकरे के सम्मान में कुछ बोल सकता है? यह एक आंतरिक (वैचारिक) मतभेद है। महाराष्ट्र के लोगों को एमवीए गठबंधन में इस तरह के विरोधाभासों पर ध्यान देना चाहिए।'

**संविधान का अपमान करने का लगाया आरोप** : अमति शाह ने राहुल गांधी पर संविधान और बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'जब मीडिया के एक मित्र (मीडियाकर्मी) ने संविधान का वह कवर खोला, जिसे राहुल गांधी लहरा रहे थे और संसद को बाबासाहेब अंबेडकर के संकल्पों की याद दिला रहे थे तो अंदर कुछ भी नहीं था।

**राहुल गांधी और सावरकर:** गृह मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता से कहता हूं कि आप लगातार तीसरी बार महायुति की सरकार को अपना जनादेश दीजिए। क्या कांग्रेस का कोई नेता वीर सावरकर का नाम ले सकता है? क्या कोई नेता बाला साहेब ठाकरे की तारीफ कर सकता है? राहुल गांधी वीर सावरकर के लिए दो अच्छे शब्द बोलकर दिखा दें।

**कांग्रेस के वादे:** शाह बोले, "मैं कहता हूं कि कांग्रेस वादे करे तो सोच-समझकर करे, क्योंकि ये वादा पूरा नहीं करते और जवाब मुझे देना पड़ता है। तेलंगाना, हिमाचल इसके उदाहरण है। इनके वादों की विश्वसनीयता पाताल से नीचे चली गई है।

**उलेमाओं की आरक्षण की मांग:** गृह मंत्री ने कहा, "उलेमाओं ने कांग्रेस ने मांग की है कि माइनॉरिटी को आरक्षण दें और कांग्रेस के नेता नाना पटोले ने इसे स्वीकृति दी है। क्या आप लोग कांग्रेस के मंसूबे के साथ सहमत हैं। क्या पिछड़ों, एससी-एसटी का आरक्षण लेकर मुस्लिमों को दिया जाए, आप सहमत हैं।

## बुलडोजर जस्टिस कानून के तहत अस्वीकार्य: चंद्रचूड़



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ आज यानी 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। 11 नवंबर को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश की शपथ लेंगे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बुलडोजर जस्टिस पर अपना आखिरी फैसला सुनाया। उन्होंने बुलडोजर जस्टिस की आलोचना की। सीजेआई ने कहा कि यह कानून के तहत अस्वीकार्य है। अब लोगों के मन में यह सवाल है कि सेवानिवृत्त होने के बाद सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ आखिर क्या काम करेंगे?

**हर काम में ईमानदार रहना चाहिए**

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मेरा निजी विश्वास है कि जब आप सीजेआई या न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद भी लोग आपको हमेशा न्यायाधीश या सीजेआई के रूप में देखते हैं। समाज एक निश्चित व्यवहार की अपेक्षा करता है। मैं यह मानता हूं कि मुझे अपने पद के प्रति और सेवानिवृत्ति होने के बाद हर काम में ईमानदार रहना चाहिए।"

**आलोचना**

▶▶ 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए मुख्य न्यायाधीश, बुलडोजर जस्टिस पर सुनाया अपना आखिरी फैसला

**न्यायाधिकरणों में होती है सेवानिवृत्त जजों की नियुक्ति**

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानूनों के तहत सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, दूरसंचार विवाद निपटान एवं अपीलीय न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग जैसे कई न्यायाधिकरणों में काम करना पड़ता है। इन न्यायाधिकरणों के समक्ष आने वाले मामले बेहद अहम होते हैं।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## महासागरों की निगरानी के लिए भारत के पास प्रभावी तंत्र: नौसेना प्रमुख

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा है कि भारत के पास महासागरों की निगरानी के लिए प्रभावी तंत्र है। भारत इस बात से पूरी तरह से अवगत है कि 'कौन कहां है और क्या कर रहा है' ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश के हितों के साथ कोई समझौता न हो। भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी क्विज प्रतियोगिता 'थिनक्यू 2024' के ग्रैंड फिनाले के बाद त्रिपाठी ने यह भी कहा कि भारत अपने 'हित के क्षेत्र' में गतिविधियों पर 'कड़ी नजर' रखता है। नौसेना प्रमुख ने कहा, चीन दुनिया के किसी भी हिस्से में जो कुछ भी करता है, उसे करने दें। वे हमारे हित वाले क्षेत्र में क्या करते हैं, हम उस पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हमारे हिस्से में ऐसा कुछ भी नहीं होता है जिसके बारे में हमें पता न हो। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नवाचार नौसेना की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। भारतीय नौसेना को उन दो युवा महिला नौसेना अधिकारियों पर गर्व है जो 'नाविका सागर परिक्रमा-2' के तहत एक नाव में सवार होकर विश्व का चक्कर लगाने के मिशन पर हैं।

## महाविकास अघाड़ी का घोषणा पत्र जारी

**वादा**

▶▶ किसानों को तीन लाख तक का कर्ज माफ और बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास आघाड़ी (एमवीए) का घोषणा पत्र जारी किया है। और हर वर्ष पांच सौ रुपये में छह रसोईगैस सिलेंडर और बेरोजगारों को चार हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया है। रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) की नेता सुप्रिया सुले, शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत सहित एमवीए ने नेता की मौजूदगी में कांग्रेस के राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाविकास आघाड़ी का घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि महाविकास आघाड़ी ने महाराष्ट्र के लिए पांच गारंटी घोषित की थी।

हमारी पांच गारंटी महाराष्ट्र में सभी के कल्याण में सहायक होंगी।

## अपराधियों का प्रोडक्शन हाउस है सपा: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा का मतलब माफिया और अपराधियों का जमावड़ा। कृष्णानंद राय और राजू पाल की दिन दहाड़े हत्या हुई। माफिया अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और खान मुबारक जैसे माफिया सपा से ही जुड़े थे। सीएम योगी रविवार को फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगंज में कोटवां स्थित तिलक इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में जनसभआ को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि पहले जनता का पैसा सैफई घराने के पास पैसा चला जाता था। उनके कारिंदों के पास चला जाता था। यह पीडीए नहीं प्रोडक्शन हाउस है दंगाइयों का। यूपी का कोई माफिया ऐसा नहीं है जो सपा का शागिर्द न हो। माफिया अतीक और मुख्तार, खान मुबारक यह सभी सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज है। सपा मूल्यों के लिए स्थापित किया गया था। जिस मूल्यों के लिए सपा की स्थापना की गई थी।



## कनाडा में खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप दल्ला गिरफ्तार!

**टीम एक्शन इंडिया**

**ओटावा** : कनाडा से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि कनाडा पुलिस ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के सहयोगी खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप दल्ला को हिरासत में लिया है। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि हिरासत में लिए जाने के बाद अर्श दल्ला को रिहा कर दिया गया या वह अभी भी जेल में है।

**शिक्षा व संस्कार** भारत को पुन:: विश्व गुरु बनाने के लिए महर्षि दयानंद की शिक्षाओं को अपनाने की जरूरत : मुख्यमंत्री

## गुरूकुलों में तैयार किए जा रहे अच्छे नागरिक: सीएम

**टीम एक्सन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए युवा पीढ़ी को महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। इसके लिए हमें युवाओं को अच्छी शिक्षा व संस्कार देने चाहिए। इस कार्य को गुरुकुल कुरुक्षेत्र के साथ-साथ आर्य समाज की तरफ से चलाए जा रहे अन्य गुरुकुल संस्थानों द्वारा भी बखूबी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा की तरफ से आयोजित आर्य महासम्मेलन के समापन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री सैनी ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, पूर्व राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा के साथ गुरुकुल का भ्रमण किया और देसी गाय की गौशाला का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने आर्य समाज के प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जयंती वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की प्रगति तथा मानव कल्याण के लिए आर्य समाज के प्रतिनिधियों ने आज इस दो दिवसीय आर्य महासम्मेलन में गहन विचार-मंथन किया है इससे समाज को एक नई दिशा मिलेगी। इस आयोजन के लिए आर्य समाज के लोग बधाई के पात्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद ने वर्ष 1875 में आर्य समाज का गठन किया था।




**आर्य सम्मेलन**

▶▶ गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित आर्य महासम्मेलन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया संबोधित



# काला जठेड़ी के नाम पर सर्राफा कारोबारी से मांगी रंगदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** रोहिणी क्षेत्र में ज्वेलरी की दुकान चलाने वाले एक ज्वेलर्स के पास काला जठेड़ी गिरोह के नाम पर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। इंटरनेट मीडिया पर ज्वेलर्स व आरोपित के बीच हुई बात का 6 मिनट 46 सेकेंड का एक आडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पीड़ित ने इसकी शिकायत रोहिणी जिला पुलिस समेत ज्वैलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी लिखित में शिकायत दी है। पीड़ित पुलिस से मदद की गुहार लगा रहा है। फिलहाल इस पूरे मामने में पुलिस मामले की जांच कर रही है।




**कॉलर बोला- तेरे पास है मोटी रकम**
पीड़ित ने अपनी शिकायत में दी जानकारी में कहा कि बीते छह और सात नवंबर को पीड़ित के पास वॉट्सऐप कॉल आया था, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को काला जेठड़ी का सदस्य बताते हुए रंगदारी मांगी। कॉलर ने उनसे बोला कि मार्किट से सभी

**जांच जारी**

**⏩ इंटरनेट मीडिया पर ज्वेलर्स व आरोपित के बीच हुई बात का 6 मिनट 46 सेकेंड का एक आडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।**

रंगदारी देते हैं। तेरे पास मोटी रकम है।
**पीड़ित ने कहा- मैं कर्जदार हूं**
जिस पर पीड़ित ने कहा कि मैं एक करोड़ 20 लाख रुपये का कर्जदार हूं। किसी से भी पूछ सकते हैं और जिनसे उधार ले रखा है, उनकी पीडीएफ भी भेज सकता हूं। आरोपित से बाद में पीड़ित की पत्नी ने रोते हुए अपनी मजबूरी बताकर बैंक से लोन की बात बताई।
**देने पड़ती है रंगदारी**
इस पर आरोपित ने कहा कि जिसको भी हम फोन करते हैं, उसको रंगदारी तो देनी ही पड़ती है। साथ धमकी भी दी, पुलिस के पास जाना है तो जा सकते हो। हम खबर भी देखते है। हमें पता चल जाएगा।
साथ में आरोपित कहता है कि अगर रंगदारी देने के बाद कोई तुझे परेशान करे तो हमें बताना।
आरोपी आगे कहता है कि सारी जानकारी तुम्हारे बारे में सही है। इस धमकी भरे कॉल के बाद पीड़ित परिवार में डर का माहौल है। पुलिस इस मामले में जांच कर ही है।

# फ्लैटों में चल रहा था देह व्यापार, छापा मार तीन को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबाबाद।** पुलिस ने तुलसी निकेतन स्थित दो फ्लैटों में छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से संचालिका समेत दो महिलाओं को पकड़ लिया है। एक पुरुष और संचालिका मौके से भाग गई। पुलिस फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में देह व्यापार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस की टीम को तुलसी निकेतन में देह व्यापार की सूचना मिली। शुक्रवार रात पुलिस टीम ने दो फ्लैटों पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक संचालिका और एक महिला को पकड़ लिया। पुलिस को देखकर मौके से एक व्यक्ति और महिला भाग गई।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विपुल शर्मा, पुत्रः संजय शर्मा, पताः 6/332, गीता कॉलोनी, दिल्ली** ने **FIR No. 421/2022, U/s 3/4/5/55 G. Act, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विपुल शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विपुल शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 421/2022, U/s 3/4/5/55 G. Act, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **विपुल शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कमरा संख्या 07, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/14915/SHD/2024

# व्यापारी से बदमाशों ने छीने लाखों रुपये से भरा बैग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली : आजादपुर** मंडी के अंदर एक कारोबारी से करीब 1 लाख 75 हजार लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर घटनास्थल पर पहुंची महेंद्रा पार्क थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों का पता लगाने में जुट गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपितों की शिनाख्त में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपितों को पकड़ लेगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक निसारुल हक परिवार के साथ मार्या एन्क्लेव में परिवार के साथ रहते हैं, जिनका आजादपुर मंडी में कारोबार है। बीते शनिवार को अलग अलग फर्म से 2 लाख 35 हजार रुपये लेकर ट्रक




चालकों को देने के लिए मेट्रो पिलर नंबर-270 के पास पहुंचे। इस दौरान 60 हजार रुपये चालकों को दे चुके थे। बाकी करीब एक लाख 75 हजार रुपये बैग में रखा हुआ था।
**रुपये से भरा बैग बदमाश लेकर हुए फरार**
दोपहर करीब 2:15 बजे एक बदमाश आया। पीड़ित कुछ समझ बाते, इससे पहले आरोपित बैग लूटकर भाग चुका था। जिसके पीछे पीड़ित भी चिल्लाते हुए भागे, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। पीड़ित ने इसकी जानकारी तुरंत पीसीआर को दी। महेंद्रा पार्क थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस अधिकारी का कहना है कि इस मामले में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई जारी है।
**पुलिस सीसीटीवी कैमरे से जानकारी जुटा रही**
सूत्रों के मुताबिक एक आरोपित बैग लेकर भागा, जबकि थोड़ी दूर पर इसके अन्य साथी भी मौजूद थे। सभी के बारे में पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों से जानकारी जुटा रही है। वहीं, आढ़तियों का कहना है कि मंडी में इस तरह के वारदातों में बढ़ोतरी हो रही है। यहां सुरक्षा के इंतजाम को लेकर स्थानीय पुलिस को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

**वारदात**

**⏩ घटनास्थल पर पहुंची महेंद्रा पार्क थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों का पता लगाने में जुट गई**

# भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। हादसा सुबह छह बजे हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे में घायल हुए लोगों को अस्पताल ले गयी। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों में अमन पुत्र देवी सिंह (50), देवी सिंह पुत्र रामशाह (60), राजकुमारी (30), विमलेश पत्नी ज्ञानी सिंह (40) और कमलेश पत्नी जीवन (40) हैं। ये लोग काशीराम कॉलोनी के पास के निवासी थे और एक ही परिवार के थे। ये सभी कार में सवार होकर काशीराम कॉलोनी घोड़ी बछेडा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेस वे पर उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सेक्टर 146 मेट्रो स्टेशन के पास रोड के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से तेज गति से टकरा गई।
इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। भीषण हादसे के बाद थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने पहले तत्काल राहत-बचाव कार्य करते हुए कार में सवार सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

## नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPLC की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| S.No. | Job No. | Name of Work | Amount(Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | 23/महा.प्र./वरि. प्रबन्धक(एन.टी.सी./2024–25 | ग्राम वाजिदपुर से सैक्टर–135 गोलचक्कर व सैक्टर–135 से 45.00 मी0 चौड़े मार्ग पर थर्मोप्लास्टिक पेन्ट का कार्य, नौएडा। | 2635200.40 |
| 2. | 24/महा.प्र./वरि. प्रबन्धक(एन.टी.सी./2024–25 | सैक्टर–16,17,19,21,25A, 27,26,29,30 व 31 में स्पीड ब्रैकरों पर थर्मोप्लास्टिक पेन्ट का कार्य, नौएडा। | 1620320.00 |
| 3. | 26/महा.प्र./वरि. प्रबन्धक(एन.टी.सी./2024–25 | खोडा लेबर चौक से एन.एच.–9 टी–प्वाइट सैक्टर–62 तक थर्मोप्लास्टिक पेन्ट का कार्य, नौएडा। | 2819968.00 |

जिन्हें दिनांक **13.11.2024** से दिनांक **26.11.2024** को सायं **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री– क्वालिफिकेशन दिनांक **27.11.2024** को प्रातः **11.00** बजे खोली जायेगी।

"महत्वपूर्ण सूचना–
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध हैं। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (**Flood Plain Zone**) में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

महाप्रबंधक (एन.टी.सी.), नौएडा
स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# कमरे में घुसी पुलिस तो मची हड़बड़ी, घंटों के हिसाब से लिया था रूम

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद स्थित विजयनगर क्षेत्र के आंबेडकरनगर में होटलों में चल रहे देह व्यापार की शिकायत पर शनिवार को पुलिस ने छापा मारा। मौके से पुलिस को दो होटल में से तीन जोड़े आपत्तिजनक स्थिति में मिले। मामले में पुलिस ने तीन युवती व महिलाओं को रेस्क्यू किया और तीन युवक व दो होटल मालिक व प्रबंधक समेत छह को गिरफ्तार किया है। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि काफी दिनों से विजयनगर क्षेत्र में होटलों में देह व्यापार चलने की शिकायत मिल रही थीं। शनिवार को मामले में टीम के साथ औचक निरीक्षक किया तो होटल ड्रीम एम्पायर, होटल स्टे इन में से तीन जोड़े आपत्तिजनक स्थिति में मिले। उनके पास से आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है।

# हिन्दू मंदिर पर हमले के खिलाफ कनाडा उच्चायोग के बाहर सिखों का प्रदर्शन

**विरोध**

**⏩ प्रदर्शन के चलते दिल्ली में कनाडाई उच्चायोग के बाहर बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कनाडा में हिन्दू मंदिर पर हुए हमले के खिलाफ रविवार को सिखों ने दिल्ली स्थित कनाडा उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के चलते दिल्ली में कनाडाई उच्चायोग के बाहर बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात रहा है। कनाडा के उच्चायोग, चाणक्यपुरी जा रहे हिंदू सिख ग्लोबल फोरम के कार्यकताओं को पुलिस ने तीन मूर्ति मार्ग पर रोक दिया। इस दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इन लोगों के हाथों में विभिन्न नारे लिखे पोस्टर लिए हुए थे, जिसमें हिन्दू सिख एकता और श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी का बलिदान, नहीं बंटेगा हिन्दुस्थान के नारे लिखे हुए थे। उल्लेखनीय है कि कनाडा के टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ मिलकर आयोजित एक वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी खालिस्तानी तत्वों ने रविवार 3 नवंबर को हिंसक व्यवधान पैदा किया था। 2-3 नवंबर को वैंकूवर और सरे में आयोजित इसी तरह के शिविरों को भी बाधित करने का भी प्रयास किया गया था। मंदिर के बाहर की गई हिंसा के कई वीडियो सामने आए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हुए हमले की कड़ी निंदा की थी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सूरज,** पुत्र राजिंदर, निवासी- सूकर बाजार रोड सत्तू का मकान, भाग्य विहार जैन स्कूल के पास, मदनपुर, दिल्ली, और ए-60, फेज-1, हरि एन्क्लेव किरारी सुलेमान नगर, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 239/18 धारा 323/354/354बी/509/34 भा.द.स, थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सूरज** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सूरज** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सूरज, एफ आई आर नंबर 239/18 धारा 323/354/354बी/509/34 भा.द.स, थाना कंझावला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 11.12.2024 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री ऐश्वर्या शर्मा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(महिला न्यायालय-01 उत्तर पश्चिम)
कमरा नंबर 106, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/14730/RD/2024

# दिल्ली में बीजेपी नेता की जमकर पिटाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके में रविवार को एक भाजपा नेता के साथ किसी अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर तब दुर्व्यवहार किया, जब वह दक्षिण पश्चिम दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके में अवैध बोरवेल काम को रोकने की कोशिश कर रहे थे। पार्टी ने कहा गया कि यह घटना तब हुई जब भाजपा नेता तेजेंद्र यादव और पार्षद जयवीर राणा तीन-चार अन्य पार्टी कार्यकताओं के साथ बोरवेल काम की जांच के लिए इलाके में गए थे। पार्टी के बयान में कहा गया, "हाथापाई के दौरान यादव के सिर पर चोटें आईं और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।" दिल्ली पुलिस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।
**आप के कार्यकर्ता पर लगाया आरोप**
दिल्ली बीजेपी ने एक्स पर पोस्ट किया- बिजवासन विधायक भूपेंद्र सिंह जून के लोग और उस के वार्ड का अध्यक्ष (जल और भू माफिया) अरुण शर्मा के द्वारा देर रात हो रहे अवैध बोरवैल को रुकवाने पहुंचे हमारे मंडल अध्यक्ष कापसहेड़ा तेजेन्द्र यादव पर जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी अनुसार अअढ के कार्यकर्ता अरुण शर्मा 2017 मे भी पानी सप्लाई से जुड़े झगड़े मे गोली चला चुका है, तब 3 महीने जेल रहा था। अभी भी केस चल रहा है।

**दुर्व्यवहार**

**⏩ भाजपा नेता के साथ किसी अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर तब दुर्व्यवहार किया**

## एक्शन इंडिया
### (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली-एनसीआर में सांसों पर संकट

## कई इलाकों में एक्यूआई 'बेहद खराब'; ड्रोन से की जा रही पानी की बौछार

**ठंड गायब**

**दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर ही रहा, यह 18.4 डिग्री दर्ज किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मौसमी उतार चढ़ाव के बीच रविवार को भी दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर ही रहा। यह 18.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहा। दिन में आसमान साफ रहा।

**कई दिनों बाद 350 से नीचे आया एक्यूआई**
दूसरी तरफ हवा चलने से दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) कई दिनों के बाद 350 से नीचे आया है। हालांकि प्रदूषण को श्रेणी अभी भी बहुत खराब ही है, लेकिन रविवार सुबह 10 बजे यह 333 रिकॉर्ड किया गया। एक्यूआईसीएन के अनुसार, सुबह 10 बजे जहांगीरपुरी में एक्यूआई 384, आनंद विहार में 254 और मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के पास एक्यूआई 288 दर्ज किया गया, जो प्रदूषण की बेहद खराब श्रेणी में आता है। मौसम विभाग की मानें तो अभी अगले कुछ दिन मौसम में बहुत अधिक बदलाव होने के आसार नहीं हैं। इससे पहले शनिवार को दिल्ली के बवाना, न्यू मोती बाग, रोहिणी, विवेक विहार और वजीरपुर सहित कुछ स्टेशनों ने 'गंभीर' प्रदूषण स्तर दर्ज किया गया और एक्यूआई 400 से ज्यादा रहा।





### दिल्ली-एनसीआर में बढ़ रही है एयर प्यूरीफायर की मांग

**करोलबाग** के अजय अग्रवाल ने हाल ही में एयर प्यूरीफायर खरीदा है, क्योंकि उनके बुजुर्ग पिता को वायु प्रदूषण का लेवल बढ़ने के साथ सांस लेने में परेशानी आने लगी है। वह कहते हैं कि चिकित्सकों ने उनके लिए सांस संबंधित समस्या के लिए प्रदूषण को बताया है और कहा है कि उनके पिता बाहर कम से कम निकले। दिल्ली-एनसीआर में ऐसे बहुत से परिवार हैं, जिनके घर में इन वर्षों में एसी, फ्रिज समेत अन्य जरूरी इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों की तरह एयर प्यूरीफायर भी जरूरत का उपकरण बन गया है। इसलिए इस उत्पाद का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक मांग की उम्मीद लगाई जा रही है। बाजार के जानकारों के अनुसार, इस वर्ष दिल्ली-एनसीआर में एयर प्यूरीफायर की बिक्री का आंकड़ा दो हजार करोड़ रुपये के आस-पास रह सकता है। हर वर्ष ठंड के मौसम में प्रदूषण बढ़ने के कारण एयर प्यूरीफायर की बिक्री में तेजी आती है, जिससे यह कमोबेश हर इलेक्ट्रानिक्स की दुकानों पर नजर आने लग गया है। जहां, इसके संबंध में पूछताछ के साथ ही बिक्री हो रही है।

**आनंद विहार में ड्रोन से पानी की बौछार**
आनंद विहार में प्रदूषण पर काबू पाने के लिए ड्रोन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। इसे दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के मॉनिटरिंग स्टेशन के 100 वर्ग मीटर के दायरे में ही उड़ाया जा रहा है। इतने क्षेत्रफल में ड्रोन ने शनिवार को 12 से छह बजे के बीच चार बार उड़ान भरी और पानी की बौछार की। इस दौरान यहां का पीएम-10 का स्तर 293 से 376 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। वहीं पीएम-2.5 का स्तर 118 से 177 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच रिकॉर्ड किया गया। यह बौछार की शुरूआत से पहले के दिनों की तुलना में कम रहा। यह सिलसिला एक सप्ताह तक चलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन जितने दिन उड़ेगा, उसके डाटा के विश्लेषण के आधार पर सही नतीजे तक पहुंचा जा सकेगा। एक दिन के डाटा के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

# भाजपा ने कानून व्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया: केजरीवाल



**केंद्र को घेरा**

**दिल्ली में अपराधों पर आम आदमी पार्टी ने एलजी और केंद्र पर फिर साधा निशाना**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** दिल्ली में अपराधों पर आम आदमी पार्टी ने एलजी और केंद्र पर फिर साधा निशाना है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपराधों पर कहा कि भाजपा से दिल्ली की कानून व्यवस्था ही नहीं संभल रही, तो जनता पूरी दिल्ली की जिम्मेदारी उन्हें कैसे दे दे? इससे पहले रोहिणी में फिरौती मांगने की एक घटना का जिक्र कर आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि कोई ऐसा दिन नहीं बीत रहा जब दिल्ली के अलग अलग हिस्सों से सरेआम गोलीबारी या रंगदारी मांगने की खबर न आ रही हो। उन्होंने कहा कि गैंगस्टरों के नेटवर्क को बचाने के चक्कर में भाजपा ने कानून व्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया है। इतनी बुरी हालत कभी नहीं देखी।

**दिल्ली को 90 के दशक के मुंबई वाली स्थिति में पहुंचा दिया: सिसोदिया**
सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से गोलीबारी की कई घटनाएं सामने आ रही हैं। दिल्ली में कई व्यापारियों को धमकाया जा रहा है। ऐसा लगता है कि भाजपा ने दिल्ली को 90 के दशक के मुंबई वाली स्थिति में पहुंचा दिया है।
भाजपा दिल्ली में गुंडों को बढ़ावा क्यों दे रही है? अगर वे दिल्ली में कानून व्यवस्था को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं तो उन्हें यह काम अअढ सरकार को सौंप देना चाहिए। हम 10 दिन में कानून व्यवस्था ठीक कर देंगे।



73वीं अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक क्लस्टर चैंपियनशिप 2024-2025 (एथलेटिक और साइक्लिंग) का उद्घाटन एलजी विनय कुमार सक्सेना ने किया।

# आआपा के हरशरण सिंह बल्ली की भाजपा में वापसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता हरशरण सिंह बल्ली ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी में वापसी कर ली औ। वह लगभग तीन दशक तक भाजपा का प्रमुख सिख चेहरा रहे और हरि नगर निर्वाचन क्षेत्र से चार बार जीत चुके हैं। पार्टी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली के पूर्व मंत्री सरदार हरशरण सिंह बल्ली और उनके बेटे सरदार गुरमीत सिंह 'रिंकू' बल्ली रविवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष आर्य और सुभाष सचदेवा भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी मतीन अहमद ने छोड़ा हाथ का साथ

**कांग्रेस को झटका**

**पार्टी के वरिष्ठ नेता मतीन अहमद हाथ का साथ छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मतीन अहमद हाथ का साथ छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। पांच बार के विधायक चौधरी मतीन अहमद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में आप में शामिल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक अरविंद केजरीवाल ने मतीन के घर जाकर उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। इस दौरान मंत्री इमरान हुसैन भी मौजूद रहे। सीलमपुर के मौजूदा विधायक अब्दुल रहमान और सीलमपुर की पार्षद हज्जन शकीला नहीं पहुंचीं। मतीन अहमद 1993 से 2015 तक सीलमपुर से विधायक रहे। साल 2015 और 2020 चुनावों में आप ने सीलमपुर विधानसभा सीट जीती, जिसमें 2015 में मोहम्मद इशराक और 2020 में अब्दुल रहमान ने जीत दर्ज की।

# तिहाड़ से बाहर आये युवक की मुंडका फायरिंग में हत्या




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली : मुंडका** इलाके में शनिवार रात बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त मुंडका गांव निवासी अमित लाकड़ा के रूप में हुई है। इस दौरान बदमाशों ने लगभग छह राउंड गोलियां चलाईं। मौके पर पहुंची पुलिस उसे घायलावस्था में पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत युवक गैंगस्टर अंकेश लाकड़ा का रिश्तेदार बताया जा रहा है। उसकी हत्या से दिल्ली में गैंगवार की संभावना बढ़ गई है। शनिवार शाम को पुलिस को मुंडका मेट्रो स्टेशन के कालेवा रेस्टोरेंट के पास युवक को गोली मारने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सड़क पर घायल पड़े युवक को पास के अस्पताल में लेकर गई।
यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मरने वाले की शिनाख्त अमित लाकड़ा के रूप में हुई है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक से आए दो युवकों ने अमित पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई हैं। उसे काफी नजदीक से गोली मारी गई है।

# दिल्ली के कई इलाकों में नहीं आएगा पानी, हेल्पलाइन नंबर जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** बाहरी दिल्ली के कुछ इलाकों में पानी की किल्लत हो सकती है। दिल्ली जल बोर्ड ने कहा कि इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। पानी सोमवार (11 नवंबर) शाम से मंगलवार सुबह तक नहीं आएगा। डीजेबी ने इसकी वजह भी बताई है। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार, रोहिणी सेक्टर 7 बीपीएस की 700 मिमी व्यास की आउटलेन लाइन पर फ्लो मीटर लगाने के कारण 16 घंटे तक पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। फ्लो मीटर लगाने का काम सोमवार सुबह 10 बजे से शुरू होगा और अगले 16 घंटे तक चलेगा। पानी की सप्लाई से प्रभावित इलाके रोहिणी सेक्टर 6, रोहिणी सेक्टर 7, रोहिणी सेक्टर 8 और उसके असापास के हैं। यहां पानी सोमवार शाम और मंगलवार सुबह नहीं आएगा। अगर सोमवार सुबह पानी की आपूर्ति होती है तो उसका पानी का प्रेशर काफी कम रहेगा।

**कचरा स्थल के चारों ओर नीली शीट लगाने के निर्देश**
दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबेराय ने रोहिणी जोन में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कचरे के अनुचित तरीके से निपटान पर नाखुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कचरा बिखरने, अनधिकृत डंपिंग, अस्वच्छ परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं और सर्विस सर्विस लेन में कचरा फैल रहा है। उन्होंने कचरे को मुख्य सड़कों से दिखाई देने से रोकने के लिए तत्काल उपाय लागू करने के निर्देश दिए और कहा कि अस्थायी रूप से दृश्य अवरोधक के रूप में चारों ओर नीली शीट्स का उपयोग किया जाए।ढलाव घरों के चारों ओर अस्थायी सीमा बनाकर कचरे को बिखरने से रोकने के उपाय किए जाएं और सफाई प्रोटोकाल के अनुसार दिन में दो बार कचरे का उठान होना चाहिए।



**प्रभावित**

**आउटलेन लाइन पर फ्लो मीटर लगाने के कारण 16 घंटे तक पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी**

**जारी किए हेल्पलाइन नंबर**
दिल्ली जल बोर्ड ने लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। आपातकाल स्थिति या फिर पानी का टैंकर मंगाने के लिए 1916 नंबर डायल कर सकते हैं।
मंगोलपुरी के लिए हेल्पलाइन नंबर- 01127915965
पश्चिम विहार के लिए हेल्पलाइन नंबर- 01125281197

# स्मॉग से राजधानी का बुरा हाल... आंखों में चुभन, सांस लेने में जलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी में लोग बेहद खराब हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी के साथ आंखों में जलन महसूस हो रही है। दिल्ली के कई हिस्सों में सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के करीब दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, सुबह आठ बजे आनंद विहार में एक्यूआई 351, मुंडका में 376, बवाना में 358, अशोक विहार 353, आईटीओ 328, जहांगीरपुरी 371, रोहिणी 365, नजफगढ़ 340, आरकेपुरम 366, पंजाबी बाग 351, सोनिया विहार 365, द्वारका सेक्टर 8 में 339 दर्ज किया गया है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है।



**स्थिति खराब**

**स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही हैं**

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक शनिवार को हवाएं दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही।

# डमी स्कूल चलाने वालों पर सीबीएसई कसेगा शिकंजा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** डमी स्कूल चलाना और बिना उपस्थिति के दाखिले स्वीकार करना स्कूलों को महंगा पड़ सकता है। ऐसा करने पर न केवल स्कूल की संबद्धता वापस ली जा सकती है, बल्कि दर्जा भी घटाया जा सकता है। बीते तीन माह से सीबीएसई ने ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया हुआ है। इस सप्ताह की शुरूआत में ही 21 स्कूलों की संबद्धता वापस ली है और 6 स्कूलों का दर्जा घटा दिया है। बोर्ड ने ऐसे स्कूलों के खिलाफ शिकंजा कसने के लिए औचक निरीक्षण जारी रखने की योजना बनाई है।
सीबीएसई ने सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के 27 स्कूलों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब इन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसके तहत इस सप्ताह ही 21 स्कूलों की संबद्धता वापस ले ली गई। इसमें 16 स्कूल दिल्ली और पांच राजस्थान के हैं। जिनकी संबद्धता वापस ली गई है, वहां पढने वाले बच्चों का चालू सत्र पूरा होगा। अगले सत्र से उन पर कार्रवाई लागू होगी। इसके साथ ही दिल्ली के छः स्कूलों का दर्जा वरिष्ठ माध्यमिक से घटाकर माध्यमिक किया गया है। बोर्ड के अनुसार, भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण जारी रखे जाएंगे जिससे कि सीबीएसई स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मानक बनाए रखें जाएं। बोर्ड का कहना है कि वह शैक्षिक सुधारों को आगे बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सख्ती**

**ऐसा करने पर न केवल स्कूल की संबद्धता वापस ली जा सकती है, बल्कि दर्जा भी घटाया जा सकता है**

# दिल्ली चुनाव से पहले सियासत तेज, इस बार क्या होंगे चुनावी मुद्दे?

## पेयजल समस्या और अधिक बिल को लेकर जनता के बीच पहुंच रही भाजपा, बिजली वितरण कंपनियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर कैग जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** दिल्ली में वर्षों से बिजली व पानी चुनावी मुद्दा बनता रहा है। निशुल्क बिजली-पानी को मुद्दा बनाकर आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता तक पहुंची है। अब विरोधी पार्टियां उसे बिजली-पानी के मुद्दे पर घेरने में जुट गई हैं। भाजपा इसे लेकर अधिक मुखर है। वह आप सरकार पर बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम) को लाभ पहुंचाने और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में विफल होने का आरोप लगा रही है।

**दिल्ली में 200 यूनिट बिजली मिलती है मुफ्त**
वर्ष 2015 में सत्ता में आने के बाद आप ने अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए प्रति माह 200 यूनिट तक निशुल्क बिजली और दो हजार लीटर निशुल्क पानी देने की घोषणा की थी। इसे वह अपनी सफलता बताते हुए दूसरे राज्यों में भी इसे प्रचारित करती है।




**भाजपा ने पेयजल की समस्या को बनाया मुद्दा**

**अपने-अपने दावे**

**इस बार गर्मी के मौसम में दिल्ली में जल संकट होने से भाजपा को उसे घेरने का मौका मिल गया**

उसका दावा है कि सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार ही निशुल्क बिजली व पानी दे रही है। परंतु, इस बार गर्मी के मौसम में दिल्ली में जल संकट होने से भाजपा को उसे घेरने का मौका मिल गया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया था। इस समय भी यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ने से अक्सर दिल्ली में पेयजल की समस्या हो रही है।

**केजरीवाल ने किया पानी का बिल माफ करने का वादा**
पेयजल आपूर्ति व दूषित पेयजल की समस्या के साथ ही उपभोक्ता पानी का अधिक बिल भेजने की शिकायत कर रहे हैं। भाजपा इसे फिर से चुनावी मुद्दा बनाने में लगी हुई है। पार्टी के नेता बयानबाजी करने के साथ ही सोशल मीडिया पर इसे लेकर अभियान चला रहे हैं। इसकी गंभीरता को देखते हुए आप संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी पदयात्रा में लोगों से पानी का बढ़ा हुआ बिल जमा नहीं करने और दोबारा सत्ता में आने पर उसे माफ करने का वादा कर रहे हैं। पानी के साथ ही बिजली पर भी खूब राजनीति हो रही है। भाजपा बिजली बिल पर पेंशन अधिभार, स्थायी शुल्क, बिजली खरीद समायोजन शुल्क लगाने का विरोध कर रही है। उसका आरोप है कि बिजली कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ा रही है।

**सरकार को कठघरे में खड़ा कर रही भाजपा**
अब डिस्काम की नियामक परिसंपत्ति 21 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने और बीएसईएस की दोनों कंपनियों पर दिल्ली सरकार के बिजली उत्पादन संयंत्रों का 26638 करोड़ से अधिक का बकाया होने को लेकर आप सरकार को कठघरे में खड़ा कर रही है।

# ईवीएम में गड़बड़ी के सबूत मंगाए थे, हारे प्रत्याशी भितरघात के सबूत लेकर पहुंचे

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के कारणों पर कांग्रेस की पड़ताल जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** विधानसभा चुनाव में हार के पीछे ई वी एम की हैकिंग को तलाश रही कांग्रेस के सामने बार बार भितरघात का पहलू सामने आ रहा है। नई दिल्ली में शनिवार को ई वी एम हैकिंग के मुद्दे पर सबूत पेश करने के लिए बुलाए गए हारे हुए 53 प्रत्याशियों में से पहले तो 14प्रत्याशी पहुंचे नहीं और जो पहुंचे उनमें से ज्यादातर भितरघात के सबूत लेकर पहुंचे।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कांग्रेस की हार के पीछे ई वी एम हैकिंग के साथ ही सत्ता के दुरुपयोग जैसे पहलुओं का पता लगाने के लिए आठ सदस्यों की कमेटी का गठन किया था। नई दिल्ली में शनिवार



को इसी कमेटी की बैठक में सबूतों के साथ हारे हुए 53प्रत्याशियों को बुलाया गया था लेकिन सिर्फ 39प्रत्याशी भितरघात के सबूतों के साथ पहुंचे।प्रत्याशी अपने साथ चुनाव में पार्टी के भीतर गुटबाजी-भीतरघात के सबूत लेकर पहुंचे थे। इस बैठक में मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम सांसद दिग्विजय सिंह और प्रदेश सहप्रभारी जितेंद्र बघेल भी मौजूद थे।

बैठक की शुरूआत में हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने खड़े होकर कहा इस बैठक में सिर्फ ई वी एम को लेकर ही चर्चा की जाएगी। गुटबाजी-भीतरघात समेत दूसरी शिकायतों पर कोई

**पड़ताल जारी**

**चर्चा की जाएगी। गुटबाजी-भीतरघात समेत दूसरी शिकायतों पर कोई बात नहीं करेगा**

बात नहीं करेगा। उदयभान की इस घोषणा पर हारे नेता हाथों में सबूत लिए साढ़े 3 घंटे चुपचाप बैठे रहे। लेकिन हिसार की बरवाला सीट से हारे उम्मीदवार रामनिवास घोड़ेला लिखित शिकायत और 2 पेन ड्राइव में भीतरघात के सबूत कमेटी को सौंपकर आ गए। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने ई वी एम को लेकर करीब एक घंटे व्याख्यान दिया। दिग्विजय सिंह ने कहा भाजपा ई वी एम के जरिए गड़बड़ी करती है। हमने भी मध्यप्रदेश में चुनाव को लेकर याचिका दायर की हुई है। कमेटी के चेयरमैन करण सिंह दलाल ने मीटिंग के बाद कहा कि जो 14 प्रत्याशी मीटिंग में नहीं पहुंचे, उनसे भी बातचीत की जाएगी।

इसके लिए वन टु वन बातचीत करेंगे या फिर एक और मीटिंग में इन्हें बुलाएंगे। इस बैठक के बाद ही हाईकमान को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। ई वी एम में गड़बड़ी के कारण भाजपा हरियाणा में चुनाव जीती। इसको लेकर सबूत जुटाए गए हैं और बाकी 14 लोगों से सबूत लेकर हाईकमान के सामने रखेंगे और उसके बाद कोर्ट का रुख करेंगे।

# नई शिक्षा नीति से युवाओं के लिए सृजित होंगे रोजगार के नए नए अवसरः शिक्षा मंत्री

**शिक्षा पर बल**

**जरूरत है तो सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी करने की: शिक्षा मंत्री**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: ह**रियाणा के शिक्षा, पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के 6 गांव के धन्यवाद दौरे के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरा करने के करीब होगा उस समय तक भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर है।

केंद्र व राज्य सरकार की नीतियां से विकास को बल मिला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसी नीति है जिससे डिग्री व डिप्लोमा लेकर संस्थान से बाहर निकलने वाले युवाओं को रोजगार के नियमित अवसर मिलेंगे। अगले वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति हरियाणा में लागू की जाएगी। उन्होंने नई शिक्षा नीति के लाभों से भी लोगों को अवगत कराया व उनसे सहयोग की अपील की।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत एक बार फिर विश्व गुरु बनेगा इसका श्रेय भारत की जनता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व को जा रहा है। मंत्री ने कहा कि जिन कार्यों की उन्होंने शुरूआत की थी उन्हें एक-एक करके पूरा किया जाएगा। इसके अलावा जो नए कार्य शुरू किए जा रहे हैं उन पर अति शीघ्रता से कार्य होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में योग्य शिक्षक हैं, जो बेहतर परिणाम दे सकते हैं।

जरूरत है तो सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी करने की। उन्होंने कहा कि सरकार सभी स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। इससे पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार होगा व उसके परिणाम सार्थक होंगे। सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

# वारदात में इस्तेमाल पिस्तौल बरामद



**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद: सदर फतेहाबाद** पुलिस ने शादी से मना करने पर एक युवती को गोली मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार दोनों युवकों से पूछताछ के आधार पर वारदात में प्रयोग की गई नाजायज पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस 32 बोर व एक कार को बरामद कर लिया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने रविवार को बताया कि इस बारे पुलिस ने 27 अक्टूबर को हिसार जिले के गांव असरावां निवासी सुरेन्द्र कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी 24 साल की लडकी हिसार में सीए की पढ़ाई कर रही है। वह गांव के ही अमित, मनोज निवासी नागपुर व जगान निवासी रेनु के साथ फतेहाबाद आई थी। वापस जाते समय मनोज उस पर शादी करने का दबाव डालने लगा लेकिन उसने मना कर दिया। इस बात से गुस्साए मनोज ने नाजायज पिस्तौल से युवती पर पर गोली चला दी, जिससे वह बेहोश हो गई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों युवकों को गत दिवस गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान जांच अधिकारी एएसआई चिमन लाल ने पिस्तौल व कार को बरामद कर लिया है।

### अवैध पिस्तौल समेत एक व्यक्ति काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** पुलिस की अपराध शाखा-2 की टीम ने अवैध हथियार सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। किसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। एस.आई. राजकुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गांव गधौला के पास सदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस की टीम ने शनिवार शाम को काबू किया।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों पर सरकार नही गंभीर

**मंथन**

**रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों व मुद्दों के प्रति प्रदेश सरकार के उदासीन रवैये पर चिंता व्यक्त की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** रिटायर्ड कर्मचारी संघ फतेहाबाद की बैठक रविवार को पटवारी भवन फतेहाबाद में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रधान प्राचार्य रामदास ने की तथा संचालन ब्लाक सचिव हरकिशन लाल कम्बोज ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में जोगेन्द्र सिंह भ्याना, जिला सचिव बेगराज व वित्त सचिव रघुनाथ मैहता ने भाग लिया। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों व मुद्दों के प्रति प्रदेश सरकार के उदासीन रवैये पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार पिछले लंबे समय से पेंशनर्ज व वरिष्ठ नागरिकों की मांगों के प्रति कोई ध्यान नहीं दे रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि नवंबर में जिला सम्मेलन आयोजित करके सांगठनिक प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा तथा 24 दिसम्बर को होने वाले राज्य सम्मेलन में फतेहाबाद से रिटायर्ड कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। राज्य सम्मेलन में पेंशनर्ज की मांगों को जोर-शोर से उठाया जाएगा। जिला सचिव बेगराज ने बताया कि सम्मेलन को कामयाब करने के लिए सदस्यता अभियान को तेज किया जाएगा। पेंशन को आयकर मुक्त किया जाए। बैठक में प्रवक्ता कर्मजीत सिंह, मुख्याध्यापक अश्वनी कम्पानी, मनोहर लाल कानूनगो, रामेश्वर दास बीएलईओ, प्रभुराम, बलबीर सिंह, रामकिशन तंवर सहित काफी संख्या में सेवानिवृत कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राइवेट बस की टक्कर से कार सवार भाई की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद: जिले के शहर** टोहाना में एक प्राइवेट बस की टक्कर से कार सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि मृतक की बहन घायल हो गई। इस हादसे में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रविवार को इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव समैण निवासी दर्शना ने कहा है कि वह अपने भाई दलबीर सिंह के साथ कार में सवार होकर टोहाना से वापस अपने गांव समैण आ रही थी। जैसे ही वह बाबा सियाराम मंदिर के पास पहुंचे तभी हिसार की तरफ से आ रही एक प्राइवेट बस का चालक ने लापरवाही व तेजगति से कार में टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में वह भाई दलबीर सिंह समेत घायल हो गई, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में घायल दोनों लोगों को उपचार के लिए टोहाना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से चिकित्सकों ने उनके भाई दलबीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि उन्हें (दर्शना) को रेफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नशे से युवक की मौत, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद: शहर के तहसील** चौक में नशे का इंजेक्शन लगाने से एक युवक की मौत होने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने रविवार को आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी मोहल्ला फतेहाबाद निवासी अर्जुन सिंह ने कहा है कि 7 नवंबर को नशीली दवा का इंजेक्शन लगाने से उसके छोटे भाई पवन कुमार की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया था।



अर्जुन ने कहा कि उसके भाई पवन के दोस्त सुनील कुमार निवासी ढाण्ड व विनोद कुमार निवासी रामनिवास मोहल्ला फतेहाबाद ने उसके भाई को नशे की हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। विनोद ने अब उसे बताया कि पवन ने उस दिन सुबह तहसील चौक स्थित सौरभ मेडिकल हाल से नशीली दवा लेकर आया था और इसे पानी में घोल कर इंजेक्शन लगाया था। इसके बाद पवन बेहोश हो गई और उसकी मौत हो गई।

# अरबों रुपये कर दिए खर्च फिर भी पीने को नहीं मिल रहा शुद्ध पानीः सैलजा

**सरकार को घेरा**

**दूषित पानी की समस्या से जूझ रहीं है प्रदेश की स्मार्ट और मिलेनियम सिटी तक**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आरओ पेयजल की आपूर्ति का दावा करने वाले प्रदेश सरकार लोगों को शुद्ध पेयजल तक उपलब्ध नहीं करवा पा रही है, लोग दूषित पानी पीने को मजबूर है या लोग पानी खरीदकर पी रहे है। स्मार्ट सिटी और मिलेनियम सिटी तक दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। अधिकतर जगहों पर पीने के पानी की जांच करवाई जा रही है, सिरसा में अधिकतर स्थानों पर पानी पीने योग्य नहीं पाया गया। कही पर टीडीएस ज्यादा है या पानी दूषित है। लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि



प्रदेश के अधिकतर जिलों में दूषितज पेयजल आपूर्ति की बात सामने आ रही है लोग जगह जगह प्रदर्शन कर रहे है। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग पेयजल और सीवरेज पर अरबों रुपये खर्च कर रहा है पर धरातल पर तस्वीर बदलती दिखाई नहीं दे रही है। स्टार्ट सिटी पंचकूला, फरीदाबाद और करनाल में सरकार 500-500 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है पर वहां के हालात आज भी नहीं बदले है, कूडा प्रबंधन का कोई उचित प्रबंध नहीं किया गया है मिलेनियम सिटी गुरुग्राम का हाल किसी से छुपा नहीं है। शिकायत मिलने पर सरकार पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच करवाती है जांच में नमूने फेल मिलते है इसके बाद क्या करना है क्या नहीं करना विभाग भूल जाता है यानी लोगों को अपने ही हॉल पर छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सिरसा शहर को आरओ वॉटर की आपूर्ति के लिए अब तक करीब 300 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए होंगे, आधी आबादी आज भी नलकूप का पानी पीने को मजबूर है, यह पानी पीने योग्य नहीं है, कही टीडीएस बहुत ज्यादा है तो कही पर सीवरेज युक्त पानी की आपूर्ति हो रही है। अधिकतर वार्ड में पानी के नमूने फेल पाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सिरसा शहर की कई कालोनियों में नागरिकों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। पानी इतना गंदा है कि उसमें दुर्गंध आ रही है और स्वाद भी बदल गया है, जिससे जल जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

स्थानीय विधायक गोकुल सेतिया भी करीब दूषित पेयजल की करीब 375 शिकायतें संबंधित अधिकारियों को सौंप चुके है पर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की कमी का रोना रो रहे है यानि जब तक कर्मचारी पूरे नहीं होंगे शहर की जनता दूषित पानी पीती रहेगी। यहीं वजह है कि समस्या जस की तस बनी हुई है। प्रदेश के कई जिलों में लोगों को मजबूरी में बाजार से खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है।

# पराली जलाने में पांच किसानों पर केस दर्ज, आठ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
फतेहाबादः प्रतिबंध के बावजूद धान की पराली जलाने वालों के खिलाफ जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। जिला पुलिस ने रविवार को भी पांच किसानों के खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस ने आठ किसानों को गिरफ्तार किया है लेकिन बाद में सभी को जमानत पर रिहा किया गया। जिले में पराली जलाने के मामले में अब तक 54 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। पुलिस के अनुसार सदर फतेहाबाद में कृषि विभाग के एग्रीकल्चर सुपरवाइजर मनोज कुमार की शिकायत पर गांव भिरड़ाना में किसान गुलशन कुमार



व सुधीर कुमार पुत्र आत्मप्रकाश निवासी भिरड़ाना के खिलाफ पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज की गई है। एक अन्य शिकायत पर भिरड़ाना के मलकीत सिंह व रेशम सिंह निवासी करतार सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा सदर टोहाना पुलिस ने कृषि विभाग के एडीओ सुरेश कुमार की शिकायत पर किसान नायब सिंह पुत्र नेक सिंह निवासी करंडी के खिलाफ पराली जलाने पर केस दर्ज किया है।

**पराली जलाने में आठ किसान गिरफ्तार**

प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाने के मामले में जिला पुलिस ने आठ किसानों को गिरफ्तार किया है। इनमें भूना पुलिस ने पराली जलाने पर 2 नवंबर को दर्ज मामले में किसान अमरजीत पुत्र नेकीराम निवासी गोरखपुर को, 3 नवंबर को दर्ज मामले में संदीप कुमार पुत्र होशियार सिंह निवासी जांडली कलां, 4 नवंबर को दर्ज मामले में सुखबीर पुत्र बारूराम, 7 नवंबर को दर्ज मामले में सचिन पुत्र जगदीश निवासी जांडली को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा सदर टोहाना पुलिस ने 7 नवंबर को दर्ज चार मामलों में

**काबू**

**पुलिस ने आठ किसानों को गिरफ्तार किया है लेकिन बाद में सभी को जमानत पर रिहा किया गया**

किसान विक्की पुत्र बलकार सिंह निवासी अमानी, नाहर पुत्र मुख्तयार निवासी जमालपुर शेखां, भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामजी लाल निवासी डांगरा व जितेन्द्र मीणा पुत्र सुभाष को गिरफ्तार किया है। बाद में सभी किसानों को पुलिस ने जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# महिला की डिलीवरी के बाद शरीर में छोड़ दी रुई, जांच के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: नागरिक अस्पताल में** स्थित प्रसूति वार्ड में एक महिला की नॉर्मल डिलीवरी के बाद गुप्तांग में ही रुई छोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के परिजनों ने मामले की शिकायत सीएमओ डा. गोपाल गोयल को दी है। सीएमओ ने भी शिकायत मिलते ही जांच के आदेश दे दिए हैं। सदर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले एक गांव निवासी युवक ने सीएमओ डा. गोपाल गोयल को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर गत 21 अक्टूबर को नागरिक अस्पताल में भर्ती

**जांच के आदेश**

**मामले की शिकायत सीएमओ डा. गोपाल गोयल को दी है। सीएमओ ने भी शिकायत मिलते ही जांच के आदेश दे दिए**

करवाया गया था। 22 अक्टूबर को उसकी पत्नी को नॉर्मल डिलीवरी हुई और बच्ची को जन्म दिया।
अस्पताल प्रशासन के नियमानुसार दो दिन बाद उसकी पत्नी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। घर जाने के बाद उसकी पत्नी को दर्द होने लगा। परिजनों ने प्रसव के बाद के दर्द होने की बात कहते हुए उसकी सेवा की। घर पर दवाइयां दी लेकिन उसे आराम नहीं हुआ। महिला को अहसास हुआ कि उसके शरीर से कुछ रुई जैसा बाहर निकल रहा है। जिसके बाद परिजन उसे दोबारा नागरिक अस्पताल में लेकर आए। यहां महिला की दोबारा सफाई की गई और उसके पेट से रुई निकली गई। यहां चिकित्सकों की लापरवाही की शिकायत पति ने सीएमओ डा. गोपाल गोयल को दी है और ऐसी लापरवाही करने वाले चिकित्सक व स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# हरियाणा में सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा मौसम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल: हरियाणा** में सोमवार से मौसम बदलेगा और प्रदेश में दो दिनों तक बादल छाए रहेंगे। बरसात न होने और रात दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण अभी गर्मी बनी हुई है और सर्दी दस्तक नहीं दे रही है। प्रदूषण को इसकी वजह माना जा रहा है। हरियाणा में रात का तापमान सामान्य से औसतन 4.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हो गया है। 24 घंटे में रात के तापमान में 0.8 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। हिसार में यह सबसे कम 16.2 और रोहतक में सबसे अधिक 20.3 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं दिन के अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। यह सिरसा में सबसे अधिक 34.0



डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अच्छी बात यह है कि कल से सूबे में दो दिन तक बादल छाएंगे। इससे बाद 15 और 16 नवंबर को बारिश के आसार बन रहे हैं। सूबे के अंबाला, पंचकूला और चंडीगढ़ में बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। राज्य में मानसून का प्रदर्शन अब तक संतोषजनक रहा है। कुल मिलाकर अब तक 424.6 मिमी बारिश के मुकाबले 406.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जो सामान्य से महज 4 प्रतिशत कम है। यानी बारिश का कोटा लगभग पूरा हो चुका है।दूसरी ओर, अगर जिले के हिसाब से बारिश की स्थिति देखें तो 10 जिले ऐसे हैं,

**वायु गुणवत्ता**

**बरसात न होने और रात दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण अभी गर्मी बनी हुई है**

जिनमें 10 से 38 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। 12 जिलों में सामान्य से 10 से 71 प्रतिशतअधिक बारिश हुई है।? भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र सिंह छौक्कर ने बताया कि अब मौसम गेहूं की बुआई के अनुकूल है। वैसे सूबे में गेहूं की बुआई का सही समय 25 अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच होता है।

**वायु गुणवत्ता में तापमान बढ़ने से सुधार**

तापमान बढ़ने से प्रदूषण से कुछ राहत जरूर मिली है। शनिवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक ( एक्यूआई ) 301 से 400 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच 'बहुत खराब' श्रेणी में सिर्फ बहादुरगढ़ में रहा। यहां एक्यूआई 305 दर्ज किया गया। जबकि शुक्रवार को 4 शहर इस श्रेणी में थे। वहीं, 14 शहरों में एक्यूआई 201 से 300 के बीच 'खराब' श्रेणी में रहा। 7 शहरों में एक्यूआई 101 से 200 के बीच 'मध्यम' श्रेणी में रहा। पलवल में यह सबसे कम 114 रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम एक्यूआई की बात करें तो यह 16 शहरों में 300 से ऊपर पहुंचा।

# उत्तर भारत के विकास का 'मनोहर' रोडमैप तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: उत्तर भारत** के केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ सहित चार राज्यों में ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास का मनोहर रोडमैप तैयार हो चुका है। हरियाणा व पंजाब में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने को लेकर घरों की छतों को विकल्प के तौर पर प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा, हिमाचल में हाइड्रो प्रोजेक्टों को बढ़ावा जाएगा। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल उत्तर भारत के तीन दिवसीय पर रहे। तीन दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा सरकार के साथ बैठक कर ऊर्जा एवं शहरी विकास पर विस्तार से चर्चा की। मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में 42 करोड़ की लागत से तैयार हुए आवासीय परिसर का उद्घाटन



किया। दरअसल, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राज्यों में चल रहे ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास के प्रोजेक्टों का रिव्यू कर रहे हैं। अभी तक नार्थ-ईस्ट के आठ, साउथ के तीन और गुजरात का दौरा कर चुके हैं। उत्तर भारत के चंडीगढ़ सहित चार राज्यों में केंद्रीय योजनाओं का रिव्यू करने मनोहर लाल पहुंचे। हिमाचल दौरे के दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश में हाइड्रो पावर प्लांट प्रोजेक्टों को गति देने और शहरी विकास को लेकर पहल करते हुए, प्रदेश का मुफ्त बिजली शेयर बढ़ाने पर मनोहर लाल ने सार्थक कदम बढ़ाया है और हिमाचल में शहर बसाने को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई लंबित प्रोजेक्टों और नई योजनाओं पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को अवगत कराया। मनोहर लाल ने आश्वासन दिया कि पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में पावर प्लांट प्रोजेक्टों को गति दी जाएगी और स्मार्ट शहर भी बसाए जाएंगे। हिमाचल सरकार की ओर से फ्री पावर शेयर बढ़ाने का विषय रखा गया, जिस पर मनोहर लाल ने आश्वासन दिया कि इस विचार किया जाएगा। वहीं हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के समक्ष शानन प्रोजेक्ट पर स्वामित्व, भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड में हिमाचल हिस्सेदारी समेत कई मुद्दों को उठाया। मनोहर लाल ने बताया कि शानन प्रोजेक्ट की 100 साल की लीज समाप्त हो गई है, इसको लेकर पंजाब से मतभेदों को दूर किया जाएगा।

**जब सुक्खू ने की मनोहर की कार्यशैली की प्रशंसा**
=हिमाचल दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने सभी मुद्दों और विषयों का न केवल समाधान का आश्वासन दिया, बल्कि नए योजनाओं को लागू करने की भी सराहनीय पहल की।
बतौर मुख्यमंत्री, मनोहर लाल को कार्य करने का अनुभव है ऐसे में अब हिमाचल प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा।

**हरियाणा का पावर मॉडल देशभर में होगा लागू**
हरियाणा में मनोहर पावर मॉडल देशभर के राज्यों के लिए आदर्श बन रहा है। अब दूसरे राज्य भी केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर पावर मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं।

# भाजपा सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है: कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राई से विधायक** श्रीमती कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। श्रीमती कृष्णा गहलावत रविवार को जिला के गांव नसीरपुर बांगर में 15 बीपीएल परिवारों को उनके 100 गज के प्लाटों की रजिस्ट्री आवंटित करने के उपरांत संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर उनके साथ खरखोदा से विधायक पवन खरखोदा भी मौजूद थे। अपने संबोधन में श्रीमती कृष्णा गहलावत ने कहा कि वर्ष 2009 में इन परिवारों को बीपीएल के प्लाट तो आवंटित कर दिए गए थे



लेकिन उन्हें आज तक इनका कब्जा नहीं मिल पाया था। उन्होंने कहा कि आज इन परिवारों को यह रजिस्ट्री आवंटित की जा रही हैं। इस अवसर पर खरखोदा से विधायक पवन खरखोदा ने कहा कि वर्तमान सरकार अंतोदय की भावना के साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर उनका विकास किया जा रहा है। यही वजह है कि लगातार तीसरी बार अब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। इस अवसर पर उन्होंने उन सभी 19 परिवारों को बधाई दी जिन्हें आज रजिस्ट्री आवंटित की गई है। कार्यक्रम में बैरागी समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिव पवार, जिला परिषद अध्यक्ष राजवीर दहिया, ब्लॉक समिति अध्यक्ष सते रोहट, पूर्व सरपंच राम सिंह, राहुल, अजीत, राकेश, काला, बिल्लू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### भूतपूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई संपन्न

**गन्नौर। भूतपूर्व सैनिक** संगठन की मासिक बैठक केडी नगर स्थित कार्यालय में ब्लाकाध्यक्ष नायब सूबेदार ओमप्रकाश मालिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन कैप्टन एसएस दहिया ने किया। बैठक में पार्क अस्पताल के निदेशक ब्रिगेडियर यशपाल सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ब्रिग्रेडियर यशपाल सिंह ने भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों को अस्पताल की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। ओमप्रकाश मलिक ने बताया कि संगठन द्वारा जनरल रणजीत सिंह को गन्नौर में सीएसडी कैंटीन खुलवाने के लिए मांग पत्र सौंपा गया था, जिस पर कार्रवाई चल रही है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही गन्नौर में सीएसडी कैंटीन खुल जाएगी। इस मौके पर सुबेदार चांद सिंह, कृष्ण, भीम सिंह, ईश्वर सिंह, नफे सिंह आदि मौजूद रहे।

### रास्ता रोककर व्यक्ति से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नीताना**
**महेंद्रगढ़। गांव माधोगढ़** में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शख्स अपने घर जा रहा था, तभी उसे रास्ते में रोककर कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को इसकी शिकायत दी। पीड़ित की शिकायत पर सतनाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। गांव माधोगढ़ निवासी मुकेश ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। उसने बताया कि आरोपी सचिन ने पहले मेरे पापा के साथ मारपीट की थी, जिस बात को लेकर सचिन और उसका परिवार हमारे परिवार से रंजिश रखते थे। 7 नवंबर को वह अपने गांव माधोगढ़ से अपने घर जा रहा था। जब वह सचिन के घर के पास पहुंचा तो सचिन, मोहित, सुनीता, रोहित व रोहित की पत्नी ने उसका रास्ता रोक लिया और उसकी लाठी-डंडों पिटाई की, जिससे पीड़ित उस समय बेहोश हो गया। पीड़ित ने बताया कि इन लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। झगड़े का शोर सुनकर मेरी पत्नी कांता व मेरी भाभी रीना ने मौका पर पहुंचकर इन लोगों से मुझे छुड़वाया। जिसके बाद पीड़ित को सरकारी हॉस्पिटल सतनाली में लेकर गए। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मुझे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पीड़ित ने अपना इलाज करवाने के बाद शनिवार को अपनी शिकायत पुलिस में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### दीक्षांत के महफूज में बीच में मीलों की दूरी होने के बाद भी प्यार की शक्ति को टटोला गया है

**नई दिल्ली।** प्यार और विरह के भावुक सफर पर निकलने के लिए तैयार हो जाईये क्योंकि मुंबई स्थित गायक-गीतलेखक दीक्षांत का नया ट्रैक ह्यमहफूज़ह्न रिलीज हो गया है। अपने हिट गीत ह्यआंखोंसे बतानाह्न की अपार सफलता के बाद दीक्षांत श्रोताओं को उस दुनिया में ले जा रहे हैं, जिसमें आपस में मीलों की दूरी होने के बाद भी प्यार बना रहता है। ह्यमहफूज़ह्न में उन्होंने प्यार के दर्द और शक्ति के बारे में बताया है। यह गीत हर उस व्यक्ति के लिए है, जिसने बीच में लंबी दूरी होने के बाद भी किसी को चाहा है। अपने सिग्नेचर मीठे स्वर और भावुक आवाज के साथ दीक्षांत ने एक प्राकृतिक भावभीना परिदृश्य निर्मित किया है, जिसमें प्यार, विरह और किसी को अपने दिल में महफूज रखने की चाहत का वर्णन है। यह ट्रैक सच्चे प्यार की ताकत के बारे में बताता है, जिससे श्रोताओं को एहसास होता है कि सच्चा प्यार लंबी दूरी और लंबे समय के बाद भी बना रहता है। भावुकता और मधुरता के नाजुक संतुलन के साथ, महफूज उन सब लोगों को बहुत पसंद आएगा, जिन्होंने अपने किसी प्रियजन को खोने का दर्द महसूस किया है। इस गीत के बारे में दीक्षांत ने कहा, मैं श्रोताओं से मिले प्यार और सहयोग के लिए उनका आभारी हूँ। यह अद्भुत है। महफूज़ एक व्यक्तिगत गीत है, जिसके हर सुर में मैंने अपने दिल को खोलकर रख दिया है। यह गीत उन सभी के दिल में उतर जाएगा, जिन्होंने जीवन में दूरी होने के बाद भी किसी को गहराई से चाहा है। मुझे उम्मीद है कि इस गीत के शब्दों में श्रोताओं को अपनी खुद की कहानी महसूस होगी। उन्हें जुड़ाव और सुकून की भावना महसूस होगी कि इस सफर में वो अकेले नहीं हैं। महफूज़ का हृदयस्पर्शी और भावुक संगीत दीक्षांत के बेहतरीन स्वरों को उभारकर लाता है। उनके बोल प्रेमियों के बीच गहरी भावनाएं उत्पन्न करते हैं, जिनके बीच की दूरियाँ तो बहुत लंबी हैं, लेकिन भावनाएं एक दूसरे से गहराई से जुड़ी हैं। श्रोताओं के हृदय में उतर जाने के लिए मशहूर, दीक्षांत ने एक बार फिर ऐसी मधुर धुन तैयार की है, जो मानवीय भावनाओं का बहुत सुंदर चित्रण करती है।

# न्याय का स्थान सबसे ऊंचा, सफलता के लिए हार्डवर्क जरूरी : वर्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के कलसौरा** गांव की बेटी वर्षा राजस्थान में जज बनी है। करनाल में जाट महासभा ने रविवार को वर्षा व उसके परिवार का सम्मान किया। वर्षा ने कहा कि उसका सबसे ज्यादा फोकस पेंडिंग केसों में कमी लाने पर होगा। कलसौरा गांव की वर्षा ने बताया कि वह साधारण किसान परिवार की बेटी है और राजस्थान न्यायिक सेवा की परीक्षा में 65वां स्थान हासिल किया है। उसने ने कुरुक्षेत्र के लाडवा के पास भारत कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई की थी। उसके बाद से वह न्यायिक परीक्षा की तैयारी कर रही थी। वर्षा ने बताया कि 12वीं



की पढ़ाई के बाद केवी डीएवी कॉलेज करनाल से बीएएसी की पढ़ाई की। बाद में एलएलबी की पढ़ाई की और पिछले साल से वह तैयारी कर रही थी। उन्होंने भारत कॉलेज से एलएलबी के बाद एग्जाम की तैयारी शुरू की थी। उन्होंने बताया कि वह घर से ही ऑनलाइन कोचिंग के जरिए तैयारी कर रही थी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए हार्ड वर्क की जरूरत होती है। हमें लगातार मेहनत करते रहना चाहिए और कभी मायूस न हो और अपने टीचरों की भी मदद लेनी चाहिए, क्योंकि उन्हीं का मार्गदर्शन आपको आगे बढ़ा? में मदद करता है। ऐसा नहीं है कि पढ़ाई के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत होती है, लेकिन घर में बैठकर भी पढ़ाई की जा सकती है और सफलता पाई जा सकती है।
वर्षा ने बताया कि समाज में हर तरह के लोग होते है, जिसमें कुछ नेगेटिव भी होते है कुछ पॉजिटिव भी होते है। मैंने नेगेटिव लोगों को इग्नोर किया और पॉजिटिव लोगों से प्रेरणा ली। हालांकि बचपन से मेरा कोई सपना नहीं था कि मैं ज्यूडिसरी में जाऊंगी, लेकिन जैसे जैसे पढ़ाई की तो पता चला कि न्याय का स्थान सबसे ऊंचा होता है और मेरा कुछ योगदान इस क्षेत्र में हो। इसके लिए मैंने इस फील्ड को चुना। फोकस यही रहेगा कि लोगों को समय पर न्याय मिले, ज्यादा केसों का निपटारा हो।

# कैथल पुलिस स्कूलों व कॉलेजों में बांटेगी फूलों के पौधे

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल: फ्लावर मैन** ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध डॉ. रामजी जयमल द्वारा दस दिन पूर्व पुलिस लाइन कैथल में बिजाई किए गए फूलों के पौधे अंकुरित हो गए हैं। पौधे तैयार होने के बाद स्कूल कॉलेजों में पुलिस विभाग की ओर से यह पौधे निशुल्क वितरित किए जाएंगे। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि पुलिस लाइन कैथल स्थित कम्युनिटी सेंटर के ग्राउंड में डीएसपी सुशील प्रकाश, सीडीआई एएसआई अजय व अन्य पुलिस कर्मचारियों के सहयोग से क्यारियां तैयार की गई थी। जिनमें डॉ. रामजी जयमल द्वारा लगभग 40 किस्मों के सीजनल फूलों के बीज लगाए गए थे। जिनमें पेटुनिया, गैंदा, गजीनिया, एलिसम डॉग फ्लावर, मेरीगोल्ड, आईस फ्लावर आदि फूल शामिल हैं। एसपी राजेश कालिया ने बताया कि उक्त बीज अंकुरित हो गए है, जो 15 दिन में इन फूलों की पौध तैयार हो जाएगी। तैयार फूलों की पौध को निशुल्क स्कूलों-कॉलेजों व अन्य संस्थानों में वितरित किया जाएगा। फूलों की पौध लेने वाले स्कूल-कॉलेज व अन्य संस्थान पुलिस लाइन कैथल में संपर्क करके पौध ले सकते है।

# गुरुग्राम: इंसान के कर्म ही तय करते हैं जीवन की दशा व दिशा: राव नरबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। हरियाणा के** उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मानव जीवन में उसके कर्म ही उसके उत्थान और पतन का माध्यम बनते हैं। कर्म ही हमारे जीवन की दिशा और दशा तय करता है। इसलिए हम सबको सदैव हानि पहुंचाने वाले कर्मों से दूरी रखते हुए अच्छे कर्मों का वरण करना चाहिए। वे रविवार को सेक्टर-51 स्थित शिव मंदिर में तिरुपति बालाजी विवाह उत्सव (कल्याणोत्सवम) कार्यक्रम में बोल रहे थे। राव नरबीर सिंह ने आयोजन में भगवान तिरुपति बालाजी की पूजा अर्चना कर व उनका आशीर्वाद लेने उपरान्त अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद जी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने विचारों पर नियंत्रण रखना चाहिए नहीं तो वे हमारे कर्म बन जाते हैं और अपने कर्मों पर नियंत्रण रखना चाहिए नहीं तो वे हमारा भाग्य बन जाएंगे। इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता का निर्माण होता है। हमारे इन विभिन्न पर्व एवं त्योहारों के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा की अविरल धारा निर्बाध गति से सदैव प्रवाहित होती रहे।

# पब्लिक की लड़ाई लड़ना पाप तो मैं नर्क जाने को तैयार: जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक: रविवार** 10 नवंबर को जयहिंद के टूटे हुए तम्बू में जयहिन्द सेना के कोर कमांडरों की मीटिंग हुई जिसमें प्रदेश के हर जिले से लोग पहुंचे। सभी ने अपनेअपने विचार रखे और बाद में उसी स्थान पर टूटे हुए तम्बू का अंतिम संस्कार किया। साथ ही यह फैसला लिया गया कि सेक्टर6 में जहां सरकार का बुलडोजर तम्बू पर चला था उसी जगह पर अगले रविवार 17 नवंबर को टूटे हुए तम्बू की सत्रहवीं की जाएगी। जयहिंद ने बताया कि जब तक वह जिंदा है 36 बिरादरी की आवाज उठाई जाएगी और आगे भी जनता दरबार भी इसी तरह लगाया जाएगा। अगर सरकार को



जयहिंद द्वारा लगाए जाने वाले जनता दरबार से इतनी ही दिक्कत है तो सरकार जयहिंद को हरियाणा से तड़ीपार कर दे और अपने मंत्रियों और अधिकारियों को कहे कि वे जनता की समस्याओं का समाधान करें। जयहिंद ने बताया कि जिस जगह पर तम्बू था उस जगह पर किसी का कोई प्लाट नहीं था और न ही किसी का कब्जा ओर आस पास भी हजारों पेड़पौधे भी थे। अगर सरकार इन पेड़ों को काटकर वहां प्लाट निकालना चाहती है तो यह सरकार की बहुत खराब नीति है। जयहिंद ने बताया कि हमारे मुख्यमंत्री नायब सैनी जी भी उस समाज से आते है जिस समाज में पेड़पौधों की रक्षा की जाती है, अगर सरकार ऐसा करती है तो वह पाप की भागी बनेगी और नरक में जाएगी। साथ ही जयहिंद ने कहा कि इन पेड़ों से पहले जयहिंद की गर्दन कटेगी। जिस तरह से जयहिंद के तम्बू पर सरकार का बुलडोजर चला कोर कमांडरों ने सरकार की इस हरकत को कायराना बताते हुए कहा कि तम्बू से लोगो की आवाज उठाई जाती थी अगर सरकार को लगता है कि इस तरह तम्बू पर बुलडोजर चला देने से हम लोगों की आवाज उठाने से रुक जाएंगे तो सरकार बिल्कुल गलत सोचती है। यहां तक कि तम्बू के टूटने से सभी पक्ष व विपक्ष के नेता सभी खुश नजर आ रहे है।

# शिक्षा नीति से सृजित होंगे रोजगार के अवसर: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**हरियाणा के शिक्षा पुरातत्व** एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने रविवार को पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के 6 गांव के धन्यवाद दौरे के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरा करने के करीब होगा उस वक्त तक भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश को ताकत मिली है केंद्र व राज्य सरकार की नीतियां से विकास को बल मिला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसी नीति है जिससे डिग्री व डिप्लोमा लेकर संस्थान से बाहर निकलने वाले युवाओं को रोजगार

**शिक्षा पर जोर**
**▶▶ अगले वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति हरियाणा में लागू की जाएगी, नई शिक्षा नीति के लाभों से लोगों को अवगत कराया**

के निमित्त अवसर मिलेंगे। मंत्री ने कहा कि अगले वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति हरियाणा में लागू की जाएगी। उन्होंने नई शिक्षा नीति के लाभों से भी लोगों को अवगत कराया व उनसे सहयोग की अपील की। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में भारत एक बार फिर विश्व गुरु बनेगा इसका श्रेय भारत की जनता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व को जा रहा है। मंत्री ने कहा कि जिन कार्यों की उन्होंने शुरुआत की थी उन्हें एक-एक करके पूरा किया जाएगा व जो भी नए कार्य शुरू किए जा रहे हैं उन पर अति शीघ्रता से कार्य होगा। मंत्री ने कहा कि आज देश की पहचान दबंग राष्ट्र के रूप में है। प्रधानमंत्री ऐसे ऐसे देश में गए हैं जहां पर पिछले 60 वर्ष में देश का कोई प्रधानमंत्री नहीं गया था। इन यात्राओं का उद्देश्य देश को मजबूत बनाना।आपसी संबंधों को और मजबूती देना मुख्य रूप से है। मंत्री ने कहा कि आज दुनिया भर में भारत के लोग पहुंच रहे हैं व हिंदुस्तान का तिरंगा फहरा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विदेश में इस प्रकार से प्रभाव बढ़ रहा है कि भारतीयों की संख्या को देखते हुए वहां की सरकार भी नई-नई योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बेल क्वालिफाइड अध्यापक है जो बेहतर परिणाम दे सकते हैं। जरूरत है तो सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी करने की। उन्होंने कहा कि सरकार सभी स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था करेगी इस से पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार होगा व उसके परिणाम सार्थक होंगे। सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है मंत्री ने कहा कि देश महिला सशक्तिकरण को लेकर गंभीर है। महिलाओं की सुरक्षा व उन्हें हर क्षेत्र में बराबर का सम्मान दिया जा रहा है।

# देवोत्थान एकादशी पर दिल्ली-एनसीआर में होंगी हजारों शादियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। देवोत्थान** (देवउठनी) एकादशी से शहर में शादी-समारोह व अन्य मांगलिक आयोजन मंगलवार से शुरू हो जाएंगे। अबूझ मुहूर्त कहे जाने वाले देवोत्थान पर दिल्ली-एनसीआर में हजारों शादियां होंगी। गुरुग्राम शहर के बैंक्वेट हाल व समारोह स्थल बुक हो चुके हैं। समारोह स्थलों को आयोजकों ने सजाना भी शुरू किया हुआ है। विवाह आयोजन शुरू हो जाने से कैटरिंग व बैंड बाजों, फूल के कारोबार में भी तेजी आई गई है। इन कारोबारों से जुड़े लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। बड़ी संख्या में युवक-युवतियां वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। सफेद घोड़ी पर बैठना शुभ माना जाता है। इन घोड़ियों के दामों में भी वृद्धि हो गई है। सिंगल घोड़ी के साथ-साथ अब बग्घी की डिमांड बढ़ गई है। जहां पहले 2 हजार से 5 हजार रुपए किराए पर घोड़ि??ं मिल जाती थी, अब इन घोड़ियों के दामों में भी जबरदस्त वृद्धि हो गई है। शहर में घोड़ि??ं कम पड़ गई हैं। इसलिए बाहर से घोड़ियों की व्यवस्था की जा रही है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि नवंबर में शादी-विवाह की कुछ तिथियां बेहद शुभ हैं। जिसमें 12, 16, 17, 18, 22 , 23, 24, 25, 28 और 29 नवंबर शामिल हैं।

# अंहकारियों की मरोड़ निकाल देती है प्रदेश की जनता: अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना: प्रदेश के** सहकारिता, जेल, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस सांसद कहते फिरते थे कि वो हरियाणा के प्रधान, अब तो उन्हें पता चल गया होगा कि प्रदेश की जनता घमंड व अंहकार करने वालों की किस तरह से मरोड़ निकाल देती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गोहाना की जनता हो जल्द ही बड़े प्रोजेक्ट की सौगात मिलेगी और विकास के मामले में गोहाना एक नंबर पर होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में डीएपी की कोई कमी नहीं है, मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं निगरानी रखे हुए है और अधिकारियों इस बारे में उचित



दिशा-निर्देश दिये गए है कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। रविवार को कैबिनेट मंत्री ने गोहाना में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने सोनीपत रोड से पानीपत रोड के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने गुरुद्वारा सिंह सभा द्वार का अनावरण भी किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अब एक तरह से कांग्रेस का आधार खत्म हो चुका है और अब हरियाणा में भाजपा की सरकार लंबे समय तक रहेगी। उन्होंने कहा कि डीएपी के नाम पर कांग्रेस किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, जबकि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। डीएपी मामले को लेकर मुख्यमंत्री स्वयं निगरानी रखे हुए है और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

**विकास के मामले में गोहाना होगा नंबर एक**
कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी, जल्द ही अधिकारियों के साथ बैठक कर गोहाना के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक विधायक रहने के बावजूद पूर्व कांग्रेस विधायक जगबीर मलिक ने विकास को लेकर भी क्षेत्र वासियों की सुध ही नहीं ली, बस उन्होंने केवल जातिगत राजनीति की है।

**सारी उम्र रहूंगा गोहाना की जनता का ऋणी**
डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की जनता ने जो आशीर्वाद दिया है, सारी उम्र क्षेत्र की जनता का ऋणी रहूंगा और हर सुख व दुख में जनता के साथ खड़ा हूं। लोगों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के कामों को पूरे कर्तव्य परायणता के साथ किया जाए, यदि किसी अधिकारी द्वारा किसी नागरिक को परेशान करने की जानकारी मिली तो संबंधित अधिकारी कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

# कंपनी का भ्रमण कर आईटीआई के छात्रों के साथ किए विचार सांझा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: गुरु नानक** इंस्टिट्यूट आफ मैनेजमेंट दिल्ली के एमबीए, बीसीए, व बीकाम के विद्यार्थियों ने आईटीआई के छात्रों के साथ बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में नोप्टेक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड तथा चड्ढा सेल्स कंपनी का भ्रमण किया। कंपनी का भ्रमण करने के बाद कालेज छात्रों ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी के फिटर व्यवसाय के दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे छात्रों के साथ अपने विचार भी सांझा किए। निदेशक मनिंदर कौर, जगजीत कौर और



अर्चना देशपांडे के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कंपनी की कार्यप्रणाली के बारे में बारीकी से जानकारी ली। कंपनी के प्रबंध निदेशक सरदार बलदेव सिंह चड्ढा और कार्यकारी निदेशक सरदार जगदीप सिंह चड्ढा ने छात्र-छात्राओं को जीवन में अनुशासित और सहनशील रहकर कठोर परिश्रम करने की सलाह दी। इस अवसर पर सरदार अवतार सिंह, विकास आंतिल, आईटीआई राजलूगढ़ी के डीएसटी ट्रेनर प्रदीप मलिक, फैक्ट्री हैड लोकेश, संगीता आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# मध्यमवर्गीय परिवारों की समस्याएं

**देश** में सरकार किसी भी पार्टी की रही उसने हमेशा ही बीस और अस्सी के हिसाब से आकलन करते हुए आंकड़े पेश किये इसका परिणाम यह हुआ कि अल्प आय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को हमेशा ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। वर्तमान समय में देश की अस्सी प्रतिशत जनता को भोजन की थाली महंगी पड़ रही है। इसके पीछे वही कारण सामने आ रहे है जिनकी हमेशा चर्चा होती रही। मंहगाई को लेकर विपक्ष तो हमेशा महौल बनाता रहा लेकिन सत्तारूढ़ दल या उनके नेता वही बीस प्रतिशत धनी और सरकारी सेवारत संख्या के आधार पर मंहगाई को नकारते रहे। उनके सामने देश की लगभग आधी आबादी जिसकों गरीबी के आधार पर गेहूँ,चावल और मोटा अनाज निःशुल्क देने वाली सरकारों ने उसके अलावा उनकी अन्य जरूरतों की तरफ ध्यान ही नही दिया। भारत में मुद्रास्फीति की दर सितंबर में बढ़कर 5.49 प्रतिशत हो गई। जो अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। एनएसओ के डेटा के मुताबिक, खाने-पीने की चीजों की महंगाई सितंबर महीने में उछलकर 9.24 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने यानी अगस्त में 5.66 प्रतिशत और एक साल पहले 6.62 प्रतिशत के थी। सबसे खास बॉत तो यह कि किसी भी सरकार ने खुदारा बाजारों में नियंत्रण के लिए कोई मजबूत तंत्र नही बनाया जिससे खुदारा बाजारों की मनमानी पर रोक लगाई जा सके। जिसका परिणाम यह होता है कि साल की शुरूआत, अन्त या मध्य में किसी भी समय आम आदमी की भोजन की थाली ही उसे भारी पड़ने लगती है। कुछ आकड़ों के आधार पर हमारे देश में 65 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा के नीचे अपना जीवनयापन कर रहे हैं। खासकर गांवों में 72 प्रतिशत अधिक गरीब लोग रहते हैं क्योंकि ये लोग थोड़ी सी जमीन पर खेती कर के अपना जीवनयापन करते हैं और बिना पानी के खेती मानसून पर निर्भर है। देखा जाए तो सरकार के अनुसार 81.35 करोड़ भारतीय मुफ्त अनाज पाते हैं और इस स्कीम का नाम प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना है। अर्थात सरकार स्वयं 81.35 करोड़ लोगों को गरीब मानती है। अगर सरकार के इस आकड़े को ही सही मान लिया जाए तो आज इस जनसंख्या के लोगों को भोजन की थाली भारी पड़ रही है। अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों की खबरें सबको अच्छी लगती हैं, लेकिन अगर इस चकाचौंध के बीच बहुत सारे लोगों को खाने-पीने के सामान में भी कटौती करनी पड़े, तब यह सोचने की जरूरत है कि आर्थिक विकास के दावों के दायरे में कौन है! अन्य जरूरी सामान के साथ-साथ खाद्य पदार्थों की चढ़ी हुई कीमतों ने पहले ही आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित करना शुरू कर दिया था, लेकिन इस बीच पिछले कई महीनों से सब्जियों के दाम लगातार इस स्तर पर बने हुए हैं कि लोगों की थाली से सब्जियां भी गायब रहने लगी हैं। मुश्किल सिर्फ म्ै सब्जियों तक नहीं सिमटी है। इसका असर दूसरे खाद्य पदार्थों पर भी पड़ा है और अनाजों की खरीदारी के वक्त भी लोगों को अब थोड़ा रुक कर सोचना पड़ जाता है। बुधवार को जारी एक एजंसी की ताजा रपट के मुताबिक शाकाहारी थाली की कीमत में एक वर्ष पहले की समान अवधि की तुलना में बीस फीसद तक की बढ़ोतरी हो गई है।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा बनी साइबर की दुनिया



प्रियंका सौरभ

"प्लेटफॉर्म को स्पष्ट जवाबदेही उपाय प्रदान करने चाहिए और रिपोर्ट करनी चाहिए कि वे अपनी मॉडरेशन नीतियों के पारदर्शी ऑडिट के साथ फ़्लैग की गई सामग्री को कैसे संभालते हैं। यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम (2022) में डिजिटल प्लेटफॉर्म को सामग्री मॉडरेशन क्रियाओं की रिपोर्ट करना अनिवार्य किया गया है। तकनीकी कंपनियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि एल्गोरिदम को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि लिंग पूर्वाग्रह कम हो और हानिकारक उद्देश्यों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का दुरुपयोग रोका जा सके। गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिद्धांत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़िम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालते हैं, लेकिन अधिक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। सरकारों को डेटा सुरक्षा कानूनों को लागू करना चाहिए"

इंटरनेट इस्तेमाल करने वाली स्त्रियों की बढ़ती तादाद एक सकारात्मक बदलाव है। लेकिन, इसने और अधिक संख्या में महिलाओं को वर्चुअल दुनिया में खतरों के जोखिम में डाल दिया है। हाँ, ऐसा लग रहा है कि महिलाओं के प्रति ऑनलाइन अपराध की घटनाएँ बढ़ रही हैं। इनमें यौन उत्पीड़न, धमकाने, डराने बलात्कार या जान से मार देने की धमकियाँ देने, साइबर दुनिया में पीछा करने और बिना सहमति के तस्वीरें और वीडियो शेयर करने जैसी वारदातें शामिल हैं। सर्वे में पता चला है कि 60 प्रतिशत लड़कियों और महिलाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उत्पीड़न का सामना किया है और इनमें से लगभग 20 प्रतिशत ने इसके चलते या तो सोशल मीडिया को अलविदा कह दिया या फिर उसका इस्तेमाल कम कर दिया।

भारत की अदालतें, महिलाओं के प्रति ऑनलाइन अपराधों की तुलना में ऑफलाइन जुर्मों को ज्यादा अहमियत देती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उत्पन्न सामग्री के उदय ने डिजिटल स्पेस में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को और बढ़ा दिया है, जिससे ऑनलाइन उत्पीड़न और गोपनीयता उल्लंघन के नए रूप सामने आए हैं। इसने टेक कंपनियों और सरकारों दोनों को तत्काल कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई है। आज जब साइबर क्षेत्र में महिलाओं के लिए खतरे कई गुना बढ़ गए हैं, तो ऐसा कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है, जहाँ वह छुप सकें और न ही कोई कड़ी सुरक्षा वाला इलाका है, जहाँ बैठकर वह अपने सम्मान पर डाका डालने वाले साइबर खतरों के खत्म होने का इंतजार कर सकें। एक वैश्विक सर्वे में पता चला है कि 60 प्रतिशत लड़कियों और महिलाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उत्पीड़न का सामना किया है और इनमें से लगभग 20 प्रतिशत ने इसके चलते या तो सोशल मीडिया को अलविदा कह दिया या फिर उसका इस्तेमाल कम कर दिया।

इसी तरह यूएन विमेन ने पाया है कि दुनिया भर में 58 प्रतिशत महिलाएँ और लड़कियों को किसी न किसी तरह के ऑनलाइन शोषण का शिकार होना



पड़ा है। इनमें ट्रोलिंग, पीछा करने, डॉक्सिंग और लैंगिकता पर आधारित दूसरे तरह के ऑनलाइन हिंसक बर्ताव हैं, जो डिजिटिल युग के नए खतरों के तौर पर उभर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग डीपफेक वीडियो और चित्र बनाने के लिए किया जा रहा है, जो महिलाओं को मनगढ़ंत सामग्री के साथ लक्षित करते हैं जो अक्सर प्रकृति में यौन या मानहानिकारक होती है।

यू। एस। की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान के दौरान झूठे और हानिकारक संदर्भों में उन्हें चित्रित करने वाले डीपफेक का सामना करना पड़ा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल महिलाओं के चरित्र और विश्वसनीयता को कम करने के लिए डिजाइन की गई झूठी कथाएँ या स्त्री-द्वेषी सामग्री फैलाते हैं, विशेष रूप से नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को लक्षित करते हैं। रिपब्लिकन प्राइमरी के दौरान निक्की हेली हेरफेर की गई छवियों और फर्जी खबरों का शिकार हुईं। महिलाओं को ऑनलाइन वस्तुकरण और यौन रूप से स्पष्ट सामग्री का असंगत स्तर का सामना करना पड़ता है, जो वास्तविक नकली सामग्री बनाने की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता द्वारा बढ़ाया जाता है। इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई स्पष्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई डीपफेक और बदली हुई तस्वीरें महिलाओं की निजता का उल्लंघन करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर प्रतिष्ठा को काफी नुकसान होता है और मानसिक परेशानी होती है। बांग्लादेशी राजनेता रूमिन फरहाना को चुनावों से पहले डीपफेक सामग्री के साथ निशाना बनाया गया था। तकनीकी कंपनियों और सरकारों द्वारा समस्या को कम करने के लिए कदम। कंपनियों को त्रुटियों को रोकने के लिए मानवीय निगरानी के साथ, हानिकारक सामग्री को व्यापक रूप से प्रसारित होने से पहले सक्रिय रूप से चिह्नित करने और हटाने के लिए उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिटेक्शन सिस्टम में निवेश करना चाहिए। मेटा (फेसबुक) ने हाल ही में डीपफेक से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल की घोषणा की, लेकिन उनका कार्यान्वयन असंगत बना हुआ है।

प्लेटफॉर्म को स्पष्ट जवाबदेही उपाय प्रदान करने चाहिए और रिपोर्ट करनी चाहिए कि वे अपनी मॉडरेशन नीतियों के पारदर्शी ऑडिट के साथ फ़्लैग की गई सामग्री को कैसे संभालते हैं। यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम (2022) में डिजिटल प्लेटफॉर्म को सामग्री मॉडरेशन क्रियाओं की रिपोर्ट करना अनिवार्य किया गया है। तकनीकी कंपनियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि एल्गोरिदम को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि लिंग पूर्वाग्रह कम हो और हानिकारक उद्देश्यों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का दुरुपयोग रोका जा सके। गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिद्धांत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़िम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालते हैं, लेकिन अधिक कार्यान्वयन की आवश्यकता है।

सरकारों को डेटा सुरक्षा कानूनों को लागू करना चाहिए और डीपफेक-विशिष्ट कानूनों सहित एआई-जनरेटेड सामग्री के दुरुपयोग को सम्बोधित करने के लिए विशिष्ट कानूनी प्रावधान बनाने चाहिए। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 सामग्री मॉडरेशन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है, लेकिन इसमें कड़े एआई-विशिष्ट नियमों का अभाव है। सरकारों को एआई नैतिकता बोर्ड और रूपरेखाएँ स्थापित करनी चाहिए जो नैतिक एआई विकास को अनिवार्य बनाती हैं, लिंग आधारित भेदभाव को रोकने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। यूरोपीय संघ के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली एआई प्रणालियों को विनियमित करना है, विशेष रूप से मीडिया और निगरानी में। सरकारों को डीपफेक सामग्री की पहचान करने और रिपोर्ट करने के लिए जन जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए, विशेष रूप से कमजोर समूहों को लक्षित करना चाहिए। भारत का राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एआई-जनरेटेड कंटेंट से जुड़े साइबर अपराधों की आसान रिपोर्टिंग की सुविधा देता है। निर्धारित समय सीमा के भीतर हानिकारक कंटेंट को हटाने में विफल रहने पर तकनीकी कंपनियों को मौद्रिक दंड के माध्यम से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। यूरोपीय संघ में जीडीपीआर उन कंपनियों पर भारी जुमार्ना लगाने की अनुमति देता है जो उपयोगकताओं को डेटा के दुरुपयोग से बचाने में विफल रहती हैं। सरकारों, तकनीकी फर्मों और नागरिक समाज के बीच एक सक्रिय, बहुपक्षीय दृष्टिकोण महिलाओं के लिए सुरक्षित डिजिटल स्थानों का निर्माण सुनिश्चित करेगा, नैतिक एआई विकास और मजबूत ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

## कविता

### तस्वीर ऐसी बनाना चाहता हूं

तस्वीर ऐसी बनाना चाहता हूं
जो सीधी भी हो, सादी भी हो,
खोल दे सारी मन की व्यथा ।

फूलों की दिपमाला सी
धूप दीप सी
मंत्रोचार सी।
खुली हर दर्द के लिए
जिसकी बांहें हो।

नयन जिसके आतुर हो
हर पल हर घड़ी
प्रभु दर्शन के लिए।

हर हृदय की पीड़ा घोले
आंखों में जिसकी
झलकता प्यार हो।

हंसी में जिसकी
हरसृंगार फूल सा झरता
रुपहला सारा संसार हो।

नदियों सी पावन
निर्झरणी सी पवित्र
आकाश सी निर्मल
ऐसी ही तस्वीर
बनाना चाहता हूं।

संजीव
---------

## स्वस्थ रहने के लिए खाएं मूंगफली पर संभल कर

**डॉ रुप कुमार बनर्जी**
**होम्योपैथी चिकित्सक**

**धीरे** धीरे सर्दियों का आगमन हो और मूंगफली की बात न हो ऐसा तो हो ही नहीं सकता । मूंगफली बहुत ही गुणकारी होती है ।इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है ' आपको जानकर सुखद आश्चर्य होगा कि मूंगफली में अंडा और मांस जितनी ही कैलोरी पाई जाती है । एक मुट्ठी मूंगफली में 4 बादाम के जितनी ताकत होती है । अंडा,मांस, बादाम, दूध,घी आदि में मिलने बाले सभी तत्व हमें मूंगफली में आसानी से मिल जाते हैं ' सर्दियों के मौसम में खाना खाने के बाद 50 ग्राम मूंगफली हर रोज खानी चाहिए ' ये हमारे शरीर को शक्ति प्रदान करती हैं और सर्दी से हमारी रक्षा करती हैं ।

**मूंगफली के गुण** :- मूंगफली खाने से हमारे शरीर में मौजूद खराब कोलस्ट्रोल बाहर निकल जाता है और अच्छा कोलस्ट्रोल बनता है ।खाने में मूंगफली का तेल इस्तेमाल करने से हमारे शरीर के कीटाणु मरते हैं और शरीर स्वस्थ बनता है । मूंगफली खाने से हमारे शरीर को गर्मी मिलती है जो हमें सर्दी नहीं लगने देती और शरीर में ताकत बनी रहती है , जिससे हम जल्दी बीमार नहीं होते ।मूंगफली को सीमित मात्रा मे खाने से शरीर के बेकार का फैट कम होता है जो हमारे वजन को कम करता है , क्योंकि पेट भरा रहता है और ज्यादा खाने की इच्छा नहीं होती। मूंगफली के तेल से जोड़ो की मालिश करने से आराम मिलता है और दर्द ठीक हो जाता है , ये जोड़ो के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है । मूंगफली का तेल और मूंगफली खाने से शरीर में खून के बहाव का संतुलन बना रहता है जो हमारे दिल के लिए बहुत ही उपयोगी होता है मूंगफली का तेल हमें अपने भोजन में जरूर शामिल करना चाहिए , इससे दिल को मजबूती मिलती है। मूंगफली खाने से पेट के रोग जैसे ख्रकब्ज, गैस, आदि नहीं होते और पाचन क्रिया दुरूस्त रहती है।

मूंगफली के तेल में प्रोटीन बहुत ज्यादा होता है जो हमारे शरीर को हर रोग से बचाता है और बॉडी को मजबूती प्रदान करता है। शुगर के मरीज को रोज थोडी मूंगफली खानी चाहिए क्योंकि इसमें इन्सुलिन की मात्रा बहुत होती है जो शुगर को काफी मात्रा में कंट्रोल करता है। रोज नहाने से पहले अगर मूंगफली के तेल की मालिश करें फिर आधा घंटे बाद नहायें तो इससे सर्दियों में चमडी मुलायम और चमकदार बनती है और निखार भी आता है । मूंगफली खाने से शरीर मजबूत बनता है इससे रोग प्रतिरोधक शक्ति बढती है जो रोगों को दूर रखती है और हमारा शरीर स्वस्थ रहता है '

**सावधानी भी आवश्यक है** :- मूंगफली वैसे तो शरीर के लिए काफी फायदेमंद होती है इसमें वसा, फाइबर, काबोर्हाइड्रेट पर्याप्त मात्रा में होता है, लेकिन फिर भी जरुरत से ज्यादा किसी भी चीज का सेवन सही नहीं है। मूंगफली का अत्यधिक सेवन एलर्जी से लेकर हृदय रोग संबंधी तमाम समस्याएं बढ़ा देता है।

## विचार

# पुस्तकें ज्ञान का स्रोत, मित्र, मार्गदर्शक

**संजीव**

**महात्मा** गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो' उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैं। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंतःकरण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है।

'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं। वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञ-ासा को शांत करने का काम कर रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अपने धर्म का पालन करने में उपेक्षा नहीं

**चन्द्र प्रभा सूद**

**ह**र मनुष्य को अपने धर्म अथवा कर्त्तव्य का पालन निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए। उसमें उसे जरा-सी भी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। वह चाहे उच्चतम राज्याधिकारी, धर्मगुरु, नेता, अभिनेता, व्यवसायी, नौकरीपेशा, वैज्ञानिक आदि कोई भी हो। सबको अपने दायित्वों का निभाना चाहिए। जो भी व्यक्ति अपने कर्त्तव्य से मुँह मोड़ता है, वह भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार अपयश का भागीदार बनता है। अपने द्वारा किए गए दुष्कृत्यों का फल सभी को भुगतना पड़ता है। किसी को रत्ती भर भी रियायत नहीं मिलती। चाहे कितनी भी मुसीबत क्यों न आए यानी आपात काल में भी मनुष्य को पापकर्म करने से बचना चाहिए। उसके फल का भुगतान करते समय बहुत ही कष्ट होता है। यही समय उसकी परीक्षा का होता है कि वह अपने विचारों पर कितना अडिग रह पाता है। मनुष्य जब वह समय अपने असूलों का पालन करते हुए व्यतीत कर लेता है तब वह ईश्वर उसे फलस्वरूप सुख, ऐश्वर्य और यश उसकी झोली में डालता है। महाभारत काल में व्यास जी ने 'आपद्धर्म पर्व' में आपत्तिग्रस्त राजा के कर्त्तव्य का वर्णन करते हुए धर्मराज युधिष्ठिर को शंख-लिखित की निम्न कथा सुनाई। व्यास जी ने कहा- "युधिष्ठिर! राजधर्म के विषय में लोग इस प्राचीन ऐतिहासिक घटना का उदाहरण दिया करते हैं।" शंख और लिखित नामक दो भाई थे। दोनों ही कठोर व्रत का पालन करने वाले तपस्वी थे। बाहुदा नदी के तट पर उन दोनों के अलग-अलग बहुत सुन्दर आश्रम थे, जो सदा फल-फूलों से लदे रहने वाले वृक्षों से सुशोभित थे। एक दिन लिखित शंख के आश्रम में आए। दैवेच्छा से शंख उसी समय आश्रम से बाहर निकले थे। भाई की प्रतीक्षा करते हुए शंख को भूख लगने लगी। शंख के आश्रम में लिखित ने पके हुए बहुत से फल तोड़कर गिराए और उन्हें बड़ी निश्चिन्तता के साथ खाने लगे।

वे खा ही रहे थे कि शंख आश्रम लौट आए। भाई को फल खाते देख शंख ने उनसे पूछा- "तुमने ये फल कहाँ से प्राप्त किये हैं और किसलिए तुम इन्हें खा रहे हो?" लिखित ने निकट जाकर बड़े भाई को प्रणाम किया और हँसते हुए-से कहा- "भैया! मैंने ये फल यहीं से लिए हैं।"

## व्यवस्था का चमत्कार

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

श्री हरिहरनंद जी महाराज एक जाने-माने योगी थे। उनकी सिद्धियों के चर्चे पूरे जिले में फैले हुए थे। कहते हैं, वो एक बार आंख बंद करते थे तो पूरे गांव की समस्याएं हल हो जाती थीं। गांव के लोग उन पर विश्वास करते थे, क्योंकि उनकी साधना के चमत्कारों का कोई सानी नहीं था। लेकिन श्री हरिहरनंद जी को यह भी मालूम था कि चमत्कार केवल साधना से नहीं होते, बल्कि व्यवस्था से होते हैं। एक दिन की बात है, गांव का मुख्य नल खराब हो गया। पानी की समस्या ऐसी विकराल थी कि लोग नहाने की जगह सूखी जमीन पर जलाभिषेक करने लगे। लोग पंचायत में गए, सरपंच जी ने कहा, ह्लइसका समाधान तो केवल श्री हरिहरनंद जी ही कर सकते हैं।" सब लोग भागे-भागे हरिहरनंद जी के आश्रम पहुंचे। महाराज जी ध्यान में लीन थे। लोग वहीं बैठ गए। एक भक्त ने धीरे से महाराज के कान में कहा, ह्लगांव का नल सूख गया है। पानी नहीं आ रहा। कुछ कीजिए महाराज। महाराज ने आंखें खोलीं, गहरी सांस ली और बोले, चिंता मत करो, नल का चमत्कार अभी होगा। फिर आंखें बंद कर लीं। गांव के लोग चकित थे। उन्हें लगा कि महाराज जी कुछ अद्भुत करेंगे। थोड़ी देर बाद, महाराज जी ने आंखें खोलीं और बोले, नल का पानी बंद होने का कारण पता लगाओ और गांव के सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर साहब से मिलो। लोग हैरान! पानी की समस्या का समाधान कलेक्टर से कैसे होगा? पर कोई कुछ बोलने की हिम्मत नहीं कर सका। सरपंच और कुछ बुजुर्ग कलेक्टर ऑफिस की ओर रवाना हुए। कलेक्टर साहब ने उनकी बात सुनी और बोले, देखिए, ये सरकारी समस्या है। इसके लिए एक समिति बनेगी, जो समस्या की जांच करेगी। फिर उस समिति की रिपोर्ट पर हम कार्रवाई करेंगे। और हां, ये प्रक्रिया कम से कम छह महीने चलेगी। लोग निराश होकर वापस लौटे। गांव में अब तक पानी की बूंद-बूंद के लिए हाहाकार मचा था। हरिहरनंद जी ने कहा, सब ठीक होगा, धैर्य रखो। समिति के निर्णय का इंतजार करो।

समिति बनी, जांच शुरू हुई। समिति के सदस्य गांव आए, नल को देखा, और फिर रिपोर्ट तैयार करने में जुट गए। रिपोर्ट आई, जिसमें लिखा था, नल की टोटी में जंग लग गई है। इसके लिए टोटी बदलनी होगी।

## न्यूज फ्लैश

### पशु चोरी की बढ़ रही घटनाओं से पशुपालक चिंतित

**गन्नौर ।** गन्नौर क्षेत्र में पशु चोरी की बढ़ रही घटनाओं से पशुपालक काफी चिंतित हैं। पुलिस अभी तक चोरों तक नही पहुंच पाई है। अब कैलाना गांव की पशु चोरी का और मामला सामने आया है। कैलाना गांव के शक्ति सिंह ने बताया कि 5 नवंबर की रात 2 बजे अज्ञात व्यक्ति उसकी भैंस चोरी कर ले गए। पशुपालक ने थाना गन्नौर में शिकायत देते हुए पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज भी दी है। जिसमें चोर भैंस चोरी करते दिख रहे है। चोर भैंस को गाड़ी में चढ़ाते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान चोर फोन पर भी लगातार किसी से बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पिछले दिनों चटिया औलिया से भी भैंस चोरी हो गई थी। उसकी भी फुटेज पुलिस के पास है, लेकिन अब तक चोर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ सामान चुराया

**गन्नौर।** पटेल नगर में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ कर सामान चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मकान मालकिन ने सीसीटीवी फुटेज के साथ चोरी की शिकायत थाना गन्नौर में दी है। शिकायत में पटेल नगर की रहने वाली जगमति ने बताया कि वह 5 नवंबर की दोपहर घर से बाहर गए हुए थे। जब वह वापिस लौटे तो मकान के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी और मकान से मोबाइल, दो तोले की चैन व सूट चोरी हुए मिले। उन्हें सीसीटीवी में एक व्यक्ति व महिला चोरी करते हुए देखे। जिनकी पहचान समुंद्र व रानी के रूप में हुई। पुलिस ने जगमति की शिकायत पर समुंद्र व रानी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केस में गवाही देने की रंजिश रख व्यक्ति को बुरी तरह पीटा

**गन्नौर ।** खिजरपुर अहीर रोड पर एक व्यक्ति की केस में गवाही देने की रंजिश रखते हुए तीन व्यक्ति ने बुरी तरह से पिटाई कर दी। घायल के बेटे ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खिजरपुर अहीर गांव के प्रमोद ने बताया कि 7 नवंबर को उसके पिता अमरसिंह के साथ बाइक पर गन्नौर से अपने गांव लौट रहे थे। जब वह पूर्व सरपंच जसवंत के ट्यूबवैल के पास पहुंचे तो पीछे बाइक पर प्रमोद अपनी बाइक पर दो युवकों के साथ और अपनी बाइक उसके पिता की बाइक के सामने ला कर रोक दी। प्रमोद ने केस में गवाही देने का सबक सिखाने की बात कहते हुए डंडे से उसके पिता पर हमला कर दिया। उसके दो साथियों ने भी उसके पिता की पिटाई करनी शुरू कर दी। जब उसके पिता ने शोर मचाया तो वह भी मौके पर पहुंचा। जिसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी दे कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित प्रमोश व उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केटा गाड़ी ने स्कूटी को मारी टक्कर, केस दर्ज

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** जासावास गांव बस स्टैंड के पास एक स्कूटी पर सवार दो लोग को एक क्रेटा कार ने पीछे से टक्कर मारी, जिसमें वे घायल हो गए। कार एक व्यक्ति को कुछ दूरी तक घसीटती हुई ले गई। पीड़ित की शिकायत पर शनिवार को सदर थाना पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी ऊंची भांडोर गांव निवासी लक्ष्मण ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह 31 अक्टूबर को दोपहर अपने गांव से किसी स्कूटी चालक के साथ लिफ्ट लेकर महेंद्रगढ़ जा रहा था। जब हम गांव जासावास बस स्टैंड पर पहुंचे ही थे कि पीछे से एक महिला अपनी कार को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलती हुई आई और हमारी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। मैं सड़क पर गिर गया और स्कूटी चालक साइड में गिरा था। मुझे कार चालक काफी दूर तक सड़क पर घसीटते हुए ले गया। मुझे रीड की हड्डी व सारे शरीर में काफी चोट लगी। फिर मुझे उसी कार में डालकर सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ में लेकर आए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मुझे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरे परिवार के लोगों ने मुझे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां मेरा इलाज हुआ। आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस के मुताबिक जब हमने घायल के परिवार जनों से बात की तब उन्होंने बताया कि इसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। ठीक होने पर हम शिकायत देंगे। शनिवार को शहर थाना पुलिस में शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी।

# कुरुक्षेत्र से अग्रोहा धाम निशुल्क यात्रा के लिए सात बसों में सैंकड़ों लोग हुए रवाना

## अग्रोहा तीर्थ के लिए निशुल्क बसों में बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे हुए रवाना

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : अग्रोहा धाम यात्रा** के लिए कुरुक्षेत्र से रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर 7 बसों का काफिला करीब साढ़े तीन सौ लोगों को लेकर अग्रवाल धर्मशाला रेलवे स्टेशन कुरुक्षेत्र से रवाना हुआ। इस निशुल्क यात्रा बसों के काफिले को श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष इस तरह की यात्रा से लोगों को अग्रकुल नरेश महाराजा अग्रसेन की कर्मस्थली अग्रवालों की एक मात्र शक्तिपीठ अग्रोहा धाम में दर्शनों हेतु जाने का अवसर मिलता है। यात्रा के संयोजक श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के कोषाध्यक्ष कपिल



मित्तल एवं महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के प्रधान मुनीष मित्तल ने बताया कि निशुल्क बस यात्रा को लेकर समाज के सभी लोगों एवं श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहा। कुरुक्षेत्र से रवाना हुए काफिले में श्रद्धालु अग्रोहा धाम दर्शन में श्री अग्रसेन मंदिर, कुलदेवी श्री महालक्ष्मी मंदिर, सती मंदिर, वैष्णो देवी गुफा, श्री हनुमान जी के विराट स्वरूप इत्यादि के दर्शन करेंगे। अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता राजेश सिंगला ने कहा कि ऐसी यात्राओं से समाज के लोगों एवं विशेषकर युवाओं व बच्चों को अग्रकुल नरेश महाराजा अग्रसेन सहित धर्मस्थलों के बारे विस्तृत जानकारी मिलती है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए अग्रकुल नरेश भगवान श्री अग्रसेन महाराज मंदिर, कुलदेवी श्री महालक्ष्मी मंदिर, श्री सरस्वती मंदिर, वैष्णों देवी मंदिर, त्रिपुति बालाजी मंदिर, अमरनाथ गुफा, श्री हनुमानजी मंदिर इत्यादि के दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। सभी यात्रियों के अग्रोहा धाम में शक्ति सरोवर मे स्नान करने की भी व्यवस्था है। सिंगला ने कहा कि ऐसी यात्राओं का समय-समय पर आयोजन करते रहना चाहिए जिससे कि समाज में भाई-चारे की भावना बनी रहे व अपनी जड़ों से जुड़े रहने का सौभाग्य प्राप्त होता रहे। विनय गुप्ता ने कहा कि हमें अग्रसेन जी के दिखाए गए समानवाद एवं समानता के रास्ते पर चल कर समाज सेवा के प्रकल्पों से जुड़े रहने चाहिए। कपिल मित्तल ने कहा कि अग्रकुल के इतिहास को जान कर अपने आपको धन्य महसूस करने का अवसर होता है।

# रोटरी क्लब ऑफ गनौर सेंट्रल द्वारा आयोजित रक्तदान आयोजित



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर । रोटरी क्लब** ऑफ गन्नौर सेंट्रल द्वारा रविवार को जीटी रोड पर शिव मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 135 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। समाजसेवी वीरेन्द्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर सेंट्रल के प्रधान अमित त्यागी व सचिव सतीश चौधरी ने सयुक्त रूप से बताया कि उनके क्लब का इस वर्ष का ये तीसरा रक्तदान शिविर है। इस मौके पर समाजसेवी वीरेन्द्र कादियान ने खासकर युवाओं का आह्वान किया कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि उसके साथ में अन्य व्यक्तियों के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है। क्लब के सचिव सतीश चौधरी ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता।

### आने वाले दिनों में मौसम परिवर्तन की है संभावना

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** नवम्बर महीने का मध्य होने जा रहा है तो पिछले कुछ दिनों से हरियाणा के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह और रात में लोग हल्की सर्दी महसूस कर रहे हैं। इस बीच मौसम वैज्ञानिकों तथा कृषि विशेषज्ञों के अनुसार आगामी सप्ताह के बाद से नवम्बर महीने के अंत तक राज्य में सर्दी का पूरी तरह से आगाज होने की संभावना बनी है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने मौसम विभाग की जानकारी अनुसार कहा कि आने वाले दिनों में राज्य के कई हिस्सों में बरसात होने की भी संभावना बन रही है।

# 167 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। लायंस क्लब गन्नौर** गौरव द्वारा रविवार को गन्नौर शहर स्थित आर्य समाज मंदिर में निशुल्क आंखों की जांच व चश्मा वितरण का शिविर लगाया गया । शिविर में 167 जरूरतमंद लोगों ने आंखों की जांच करवाई। उनमें से 41 लोगो ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के योग्य पाए गए और 59 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए । निशुल्क कनेक्टर जांच शिविर का शुभारंभ करने पहुंचे समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने क्लब द्वारा करवाए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्लब समाज सेवा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में



बेहतर कार्य कर रहा है। गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करना सराहनीय काम है। समाज में एक दूसरे की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को किसी न किसी समाज सेवी संस्था के साथ मिलकर कमाई का कुछ हिस्सा दान के तौर पर गरीबों की सहायता में लगाना चाहिए। इससे समाज में भाईचारा मजबूत होता है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अंकित मल्होत्रा व परियोजना अध्यक्ष शालू वाधवा ने कहा कि नेत्र रोग विशेषज्ञों की शहर में कमी है और यदि गरीब व्यक्ति को चश्मा बनवाना पड़े तो उसकी दो दिन की ध्याड़ी उसमे चली जाती है। इसलिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आंखों के विख्यात डॉक्टर ने जांच करवाने के बाद उनकी आंखों के नंबर का चश्मा दिया है। उन्होंने कहा कि क्लब की पहल, क्षेत्र में गरीब लोग स्वस्थ रहे, लोगों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़े। इस मौके पर परियोजना अध्यक्ष शालू वाधवा, हरीश वाधवा, नीरज जगिया, भावना जगिया, विक्रांत मीनू हांडा , तरूण चुघ, गीता चुघ , डिम्पी मल्होत्रा, मनिंदर सनी, हरीश मदान, हरविंदर त्यागी के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

### महिला दूसरी बार लापता, शाम को घर से दवाई लेने गई थी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला के गांव** की एक महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गई। महिला दवाई लेने के लिए अपने घर से बाहर गई थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों को चिंता हुई और पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुंजपुरा थाना के गांव में रहने वाले पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी की उम्र करीब 35 साल है। 8 नवंबर की शाम करीब 7 बजे घर से दवाई लेने की बात कहकर निकली, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। पति का कहना है कि उसकी पत्नी अपने साथ मोबाइल लेकर गई थी, जो अब बंद आ रहा है। पति के अनुसार यह पहला मौका नहीं है जब उसकी पत्नी बिना बताए घर से गई हैं। करीब दो महीने पहले भी वह अचानक पानीपत से बिना किसी को सूचित किए चली गई थी। उस समय भी परिवार और ससुरालवालों ने उसे ढूंढने का प्रयास किया था, लेकिन वह कुछ समय बाद खुद ही लौट आई थी। इस बार भी वह बिना बताए गई है, जिससे पति और उनके परिवार वाले काफी परेशान हैं। पति ने साफ किया कि घर में किसी भी तरह का कोई झगड़ा या परेशानी नहीं थी।

# बलिंद्र राणा मौत के मामले में आया नया मोड़

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के चुंडीपुर** गांव में किसान बलिंद्र राणा की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस इस केस को जहां हादसा मान कर जांच कर रही थी, वहीं अब एडवोकेट अंशुल चौधरी की माने तो पुलिस ने हत्या की बजाय गैर इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया। मुख्य आरोपी का नाम भी केस से बाहर निकाल दिया। अब कोर्ट ने माना कि गलत धारा में मामला दर्ज हुआ है। अब हत्या की धारा में केस दर्ज होगा और मुख्य आरोपी का नाम भी शामिल किया जाएगा। अंशुल चौधरी ने बताया कि 11 अक्टूबर 2023 को बलिंद्र अपने खेतों में काम कर रहा था। उसके पास गांव के ही दो लोग आए। इन लोगों ने बैठकर बलिंद्र के साथ शराब पी थी। इसी दौरान इन तीनों के बीच झगड़ा हो गया और आरोपियों ने बलिंद्र के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया और ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गए। 12 अक्टूबर को परिजन मौके पर पहुंचे तो वहां पर बलिंद्र का शव देखकर हंगामा किया था। एडवोकेट की माने तो पुलिस ने 15 अक्टूबर को आईपीसी की धारा-304 में मामला दर्ज कर लिया। यह धारा गैर इरादतन हत्या में लगाई जाती है। उनका कहना है कि पुलिस ने मुख्य आरोपी को केस से निकालने और सजा कम से कम हो, उसके लिए धारा को छोटा कर दिया। परिवार को इस बात का पता लगा तो वे अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काटने लगे और सडकों पर छह महीने तक धक्के खाते रहे। उनकी शिकायतों को खारिज कर दिया जाता। एडवोकेट अंशुल ने बताया कि जब कोर्ट में चालान आया और परिजनों ने मुझसे संपर्क किया तो हमने चालान देखा तो उसमें पाया गया कि कुछ तो गलत हुआ है। जब कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हुई तो उसमें भी पाया गया कि मामले में धारा 304 लगाई गई है और मुख्य आरोपी का नाम निकाल दिया गया है, जो कि बिल्कुल गलत था। अंशुल ने कहा कि हमने कोर्ट में जज के सामने मामले से जुड़े सभी तथ्य रखे और जो भी लीगल प्रोसेस था, वह कोर्ट की तरफ से करवाया गया। जज ने सभी तथ्यों को देखा और कहा कि मुख्य आरोपी का नाम भी गलत निकाला गया है और गलत धारा में मामला दर्ज किया गया है। अब यह मामला धारा 302 में दर्ज किया जाएगा और मुख्य आरोपी का नाम भी एड किया जाएगा। एडवोकेट अंशुल ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर काम किया और हत्या का एक हादसा दिखा दिया। पुलिस ने अपनी कार्रवाई में दिखाया कि बलिंद्र शराब के नशे में था और ट्रैक्टर के नीचे आ गया और जिससे उसकी मौत हो गई और यह एक गैर इरादतन हत्या की धारा में आता है। ऐसे में पुलिस ने लापरवाही के साथ काम किया है।

# हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मूल रूप से बिहार** के रहने वाले सोनू की हत्या करने वाले आरोपी मोनू पुत्र पंचानन दास वासी केहुनिया थाना प्राणपुर जिला कटिहार बिहार को मेरठ रोड़ करनाल से गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में 17 अक्तूबर को थाना सैक्टर 32-33 में हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच सीआइए टू टीम को सौंपी गई थी। अनुसंधान अधिकारी देवीदयाल ने बताया कि आरोपी से पूछताछ पर सामने आया कि



मृतक सोनू आरोपी का भाई था और दोनों भाइयों में काफी दिनों से अनबन चल रही थी। 17 अक्तूबर को आरोपी द्वारा अपने भाई का गला दबाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। आज आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेशानुसार उसे जेल भेज दिया गया।

### अब तक 8 लाख 37 हजार 569 मीट्रिक टन धान की हुई आवक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में 8 लाख 37 हजार 569 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। खरीदी गई धान का उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर शुरू कर दिया गया है। अब तक 8 लाख 37 हजार 569 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई।

# वर्तमान परिस्थितियों में सत्संग-पूजा जरूरीः महंत

## जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी ने आधुनिकता के बावजूद पूजा व सत्संग को जरूरी माना

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : रविवार को जग** ज्योति दरबार में दूर दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं को सत्संग और पूजा के महत्व पर चर्चा करते हुए महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि आधुनिक समाज में हम चाहे कितना भी विकास कर लें तथा सुविधाएँ हासिल कर लें लेकिन हमारी परम्पराओं एवं संस्कृति के अनुसार पूजा करना तथा सत्संग में जाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आधुनिकता एवं भागदौड़ के जीवन में हमें सुविधाओं के बावजूद तनाव मिला है। समाज के बच्चे व युवा



भी तनाव ग्रस्त देखे जाते हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि सत्संग में धर्म और दर्शन के बारे में चर्चा होती है, जिससे ज्ञान मिलता है और सोच विकसित होती है। ऐसे में तनाव से भी मुक्ति मिलती है। सत्संग में जाने से मन के बुरे विचार और पाप दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग से नैतिकता का विकास होता है और समाज के प्रति ज़िम्मेदारी समझने में मदद मिलती है। सत्संग से जीवन पवित्र और निर्मल बनता है। उन्होंने कहा कि सत्संग से विवेक जागृत होता है और यह पता चलता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा है। सत्संग से मानसिक समस्याओं में आराम मिलता है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि पूजा एवं सत्संग का वैज्ञानिक महत्व भी है। पूजा विधि में कई तरह की क्रियाएं होती हैं, जिनसे देवताओं को ऊर्जा मिलती है और हमें भी उनकी ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर सोहन लाल गुप्ता, मांगे राम, कुलदीप मिश्रा, विजयंत, विजय राठी एवं अजय इत्यादि भी मौजूद रहे।

# महिला ने पति को दूसरी लड़की के साथ पकड़ा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले में एक महिला** ने अपने ही पति पर दूसरी शादी करने के गंभीर आरोप लगाए है। महिला ने पति पर अवैध संबंध बनाने और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के भी इल्जाम लगाए हैं। महिला को छोड़कर गायब हुआ पति दिल्ली में अपनी पहली पत्नी व बच्चे के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 15 मई 2023 को हिंदू रीति-रिवाज से करनाल के राजीवपुरम स्थित जय ज्वाला मां मंदिर में हुई थी। अंकुश ने खुद को अविवाहित बताकर उसे और उसके परिवार को भरोसा दिलाया कि वह अपनी गृहस्थी बसाना चाहता है। उसने वादा किया कि वे दोनों विवाह के बाद दिल्ली में किराये पर रहेंगे और परिवार से कोई संपर्क नहीं रखेंगे। शादी की रस्में निभाकर उन्होंने नई जिंदगी की शुरूआत की और आरोपी ने पीड़िता के साथ सुरक्षा की मांग करते हुए हाईकोर्ट से प्रोटेक्शन की रिट भी फाइल कराई थी। शादी के बाद महिला और अंकुश दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक किराए के मकान में साथ रहने लगे।

दोनों एक ऑटोमोबाइल कंपनी में काम करते थे और घर चलाने के खर्चे मिल-जुलकर उठाते थे। शादी के शुरुआती कुछ महीनों में सब ठीक चल रहा था। इस दौरान अंकुश ने महिला की गाड़ी किराए पर लगाने का प्रपोजल रखा, ताकि उससे आने वाली आमदनी से खर्च चलाया जा सके। कार को 16 हजार रुपए मासिक किराये पर एक व्यक्ति को दे दिया गया।जनवरी 2024 के बाद पीड़िता ने अंकुश के व्यवहार में अचानक बदलाव महसूस किया। वह बहाने बनाकर कई-कई दिन तक घर से गायब रहने लगा और फोन भी नहीं उठाता था। पीड़िता ने इसकी जांच की तो पता चला कि आरोपी कंपनी में भी गायब रहता है। जब महिला ने उससे इस बात की सफाई मांगी तो उसने उल्टा उस पर ही झूठे आरोप लगाने शुरू कर दिए और गाली-गलौज व मारपीट करने लगा। उसने पति को समझाने की कोशिश की, लेकिन उसका रवैया और क्रूर होता चला गया। विवाहिता ने बताया कि मार्च 2024 में उसका पति बिना बताए 10 दिनों तक गायब रहा। उसकी नेट बैंकिंग से पता चला कि वह दिल्ली के सुंदर नर्सरी पार्क में था। उसने वहां जाकर देखा तो अंकुश एक लडकी के साथ मोटरसाइकिल पर हाथ पकडकर घूमता पाया गया। जब उसने उसे रोककर पूछताछ की तो उसने लडकी को अनजान बताकर बहाना बनाया और फिर भीड़ को देखकर वहां से भाग गया। पीड़िता ने इस घटना के बाद आरोपी के वकील से संपर्क किया तो उसे पता चला कि अंकुश पहले से शादीशुदा है और उसने तलाक के लिए फरवरी 2023 में कोर्ट में याचिका डाली है, लेकिन तलाक हुआ नहीं है। इसके अलावा आरोपी पर पहले भी एक महिला से बलात्कार के आरोप में मामला दर्ज हुआ था, जिसमें उसने शादी कर केस समाप्त करवाया था। उस शादी से आरोपी का एक बच्चा भी है। यह जानकारी मिलते ही पीड़िता के साथ हुए धोखे का खुलासा हो गया और वह हैरान रह गई। महिला ने पुलिस को बताया कि बीते अप्रैल माह में पति ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया।

# महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए 12 नवंबर तक करें आवेदन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि युवा मामले एवं कौशल विभाग हरियाणा तथा नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से जिला स्तर पर दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव-2024 आगामी 21 व 22 नवंबर को स्थानीय सैक्टर-14 स्थित पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें 15 से 29 आयु वर्ग का कोई भी युवा भाग ले सकता है। इसके लिए युवा अपना आवेदन प्रधानाचार्य आईटीआई करनाल तथा जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के कार्यालय में 12 नवंबर तक कर सकते हैं। आवेदक रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए प्रतिभागी को रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ दसवीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, फोटो व बैंक खाता की प्रति लाना अनिवार्य हैं। प्रथम आने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन 12 नवंबर तक बाबू मूलचंद जैन राजकीय आईटीआई करनाल में व्यक्तिगत रूप से जमा करवा सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

**युवा महोत्सव में इन प्रतियोगिताओं को होगा आयोजन**

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में लोक गीत ग्रुप, लोक गीत एकल, ग्रुप डांस हरियाणवी व एकल, फाक सांग ग्रुप व एकल, पोस्टर मेकिंग, कहानी लेखन, पोयट्री, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, साइंस प्रोजेक्ट व मॉडल आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

न्यूज फ्लैश

## स्वर्गीय डॉ बलजीत सिंह प्रभाकर की प्रथम पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में मनाई



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** पथ के साथी फाउंडेशन कुरुक्षेत्र के द्वारा स्वर्गीय डॉ बलजीत सिंह प्रभाकर की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनका स्मृति दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया । पथ के साथी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर सुनील थुआ ने बताया की डॉ बलजीत सिंह एक बेहतरीन शिक्षक थे । उनका सपना था की समाज में सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ होनी चाहिए । आज उनके स्मृति दिवस के अवसर पर आज उनकी पत्नी मेषों देवी व पुत्र ऋतिक ने संस्था की प्रेरणा से विशाल कॉलोनी अमीन रोड़ में संचालित एडुकेशन फॉर ऑल सेंटर में जरूरतमंद व प्रवासी बच्चों को निशुल्क कलम कॉपी ,किताब बैग व अन्य स्टेशनरी का सामान वितरित किया। एजुकेशनल सेंटर की शिक्षिका पूनम यादव ने बताया की हमारे सेंटर पर प्रवासी मजदूरों के ऐसे बच्चों को पढ़ाया जाता है जो स्कूल में एडमिशन नहीं ले पाते हैं। शिक्षा से हर तरफ उजाले होते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में बहुत सहायता मिलती है । कार्यक्रम के अंत में सब बच्चों को फलाहार करवाया गया ।

## सरकार 2 लाख युवाओं को कराएगी रोजगार उपलब्ध पंचायत विकास एवं खनन मंत्री : कृष्ण

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** हरियाणा के पंचायत, विकास एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को इसराना विधानसभा क्षेत्र में धन्यवादी दौरे के दौरान बुआना लाखू,कैथ,काकोदा शाहपुर, चमराड़ा आदि गांवों में लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में सरकार 2 लाख युवाओं को रोजगार देगी वह पढ़ाई के स्तर में और भी सुधार करेगी। सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इस काबिल बनाना है ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सके इसको लेकर प्रदेश के 1 हजार गांव में लाइब्रेरी की सुविधा प्रदान की जाएगी । पंवार ने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता का बड़ा हिस्सा है। युवाओं के लिए गांव में ढाई हजार के करीब जिम खोले जाएंगे ताकि वो स्वस्थ रहे और अच्छा विचार लेकर अपने मिशन को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि 6 हजार 5 सौ से ज्यादा गांव में महिलाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्रों की शुरूआत जल्द ही राज्य सरकार करेगी। इसके अतिरिक्त 1 हजार संस्कृति केंद्र भी अगले साल तैयार हो जाएंगे । उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी गांवों की फिरनीयो को पक्का किया जाएगा व स्ट्रीट लाइट की विशेष व्यवस्था की जाएगी। गांव में मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जो विशेष कार्य बचे हुए हैं उनको पूरा करने के लिए सरकार प्रयासरत है। पंवार ने कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश में पर्ची व खर्ची की बजाए काबिलियत पर जोर दिया जा रहा है जिसके कारण आज हजारों योग्य युवा बगैर किसी सिफारिश के चयनित हो रहे हैं। आने वाले 5 सालों में देश का नक्शा बदल जाएगा।

# आओ चले उनके साथ जिन्होंने हमें चलना सिखाया: मणिभद्र

**माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में सच्चे मार्गदर्शक कौन होते हैं**

मार्गदर्शन

▶▶ अपने बच्चों में अच्छे संस्कार देने है तो हमें अपने माता-पिता की सेवा करनी होगी




टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** नेपाल केसरी राष्ट्र संत मानव मिलन के संस्थापक डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि "आओ चले उनके साथ जिन्होंने हमें चलना सिखाया। माता से हमें जिंदगी मिली पिता से हमें पहचान मिली।" यह वाक्य न केवल माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में सच्चे मार्गदर्शक कौन होते हैं। माता और पिता का जीवन में योगदान अमूल्य है। उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमें जीवन के हर कदम पर सही दिशा दिखाते हैं। हमें उनकी कीमत समझनी चाहिए और उनका आदर करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज सेक्टर 15 स्थित श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह एवं माता-पिता पूजन समारोह में उपस्थित भक्तजनों एवं शहर वासियों को संबोधित कर रहे थे। शहर के सेक्टर 15 श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था एवं वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह एवं माता-पिता पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत ही नहीं बल्कि नेपाल से भी गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में बुजुर्ग माता-पिता का बच्चों द्वारा पूजन एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पंजाब केसरी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती किरण चोपड़ा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज के सानिध्य में आज बुजुर्गों की सेवा के संकल्प को लेकर माता-पिता पूजन एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मां-बाप अपने बच्चों को उंगली पड़कर चलना सीखते हैं परंतु आज के आधुनिक युग में बच्चे यह सब भूल रहे हैं और माता-पिता से लगातार दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी विकृति को दूर करने के लिए महाराज जी द्वारा इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ताकि बच्चे अपने मां-बाप के करीब आए और उनकी सेवा करें। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि आज किसी भी व्यक्ति ने भगवान को नहीं देखा है। परंतु यदि धरती पर कहीं भगवान है तो वह हमारे माता-पिता के रूप में मौजूद हैं। जो की जीवन में अपने सभी सुख-दुख त्याग कर अपने बच्चों को आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाना है और अपने बच्चों में अच्छे संस्कार देने है तो हमें अपने माता-पिता की सेवा करनी होगी। तभी हमारे बच्चे यह देखकर संस्कारवान बनेंगे।

## चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने सेक्टर 29 में फ्लोरा चौक के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान फैज निवासी हाली कॉलोनी बबैल रोड के रूप में हुई। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज एएसआई राजेंद्र ने बताया कि उनकी टीम को शनिवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की फ्लोरा चौक के पास एक संदिग्ध किस्म का युवक होंडा ड्रीम बाइक पर सवार होकर घूम रहा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान फैज पुत्र अनवर निवासी हाली कॉलोनी बबैल रोड के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर उसने उक्त बाइक 9 अक्तूबर को नई सब्जी मंडी में चाऊमीन की रेहड़ी के पास से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में हरिओम पुत्र महिपाल निवासी राज नगर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। इंचार्ज एसआई राजेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है।

नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो आरोपी बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। शनिवार को आरोपी चोरीशुदा बाइक पर सवार होकर बाइक को बेचने के लिए फ्लोरा चौक पर ग्राहक की फिराक में घूम रहा था, पुलिस ने उसे चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया।
आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर रविवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

## विज सुनेंगे आज छावनी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र की जनता की हर सोमवार को प्रातः: 10 से दोपहर 12 बजे तक जन समस्याओं को सुनेंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान विज ने बताया कि अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने के लिए सोमवार का दिन तय किया है जिसमें विभागीय अधिकारी भी मौके पर ही मौजूद रहेंगे ताकि लोगों की समस्याओं का निदान हो सके। उन्होंने बताया कि केवल अम्बाला छावनी के लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा तथा यदि कोई इमरजेंसी है तो जनता के लिए उनके दरवाजे हर समय खुले हैं। मगर, नियमित कार्यों के लिए जनता हर सोमवार प्रातः: 10 से दोपहर 12 बजे तक उनसे मिल सकती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में वह केवल अम्बाला छावनी के लोगों की समस्याओं को ही सुनेंगे, अम्बाला छावनी से बाहर के लोग अपने क्षेत्र के विधायकों को समस्या बताएं या फिर मुख्यमंत्री जी ने समस्याएं सुनने के लिए अलग-अलग फोरम बनाए हैं, वहां लोग अपनी समस्या बता सकते हैं।

## अम्बाला में मेंटर्स-क्षमतावर्धन हेतु दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

फाउंडेशन

▶▶ दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 8-9 नवम्बर, 2024 को ब्लॉक शहजादपुर में किया गया



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अम्बाला जिले के सभी छः खण्डों के मेंटर्स के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 8-9 नवम्बर, 2024 को ब्लॉक शहजादपुर में किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा अवलोकन के दौरान एक समान दृष्टिकोण और पुनर्बलन क्षमता को परिमार्जित करना था, ताकि शिक्षकों को कक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए बेहतर मार्गदर्शन मिल सके और बच्चों के शैक्षणिक अधिगम को बढ़ाया जा सके। यह कार्यशाला निपुण डैशबोर्ड के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर आयोजित की गई, जिसे डीईईओ सुधीर कालड़ा द्वारा जरूरी समझा गया था। कार्यशाला में "लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन' के सहयोग से हिंदी और गणित विषय में कक्षा अवलोकन, फीडबैक प्रक्रिया पर शिक्षण प्रक्रिया की विडिओ को देखकर गहराई से चर्चा की गई तथा सभी मेंटर की एक स्तरीय समझ पुख्ता की गई। कार्यशाला के समापन दिवस पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और कार्यशाला के दौरान प्राप्त अनुभवों पर प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने सभी खंड से एक-एक मेंटर से उनकी कार्यशाला के दौरान बनी समझ को जांचा और मार्गदर्शन करते हुए अपेक्षा जाहिर की कि मेंटर कक्षा अवलोकन के दौरान शिक्षकों को शिक्षण प्रक्रियाओं में सुधार के लिए सहयोग करें जिससे बच्चों के सीखने के अपेक्षित परिणाम मिल सकें मेंटर्स ने बताया कि उन्हें अवलोकन के दौरान इंडिकेटर के अर्थ और प्राथमिकता आधारित पुनर्बलन के संतुलन को समझने में काफी मदद मिली है। इसके अलावा, वे यह भी महसूस कर रहे हैं कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से उनकी कार्यकुशलता में सुधार होगा और कक्षा में सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कार्यशाला की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए श्री कालड़ा ने खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी की प्रसंशा की।

## महिलाओं को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से कीट देकर किया सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के (भारत) द्वारा आज गाँव खेड़ी ब्राह्मण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आज सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित ऊषा सिलाई-कटाई सेंटर में ट्रेनिंग ले रही महिलाओं को अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से कीट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ऊषा सिलाई-कटाई सेंटर की टीचर सुनीता मुख्यातिथि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने की। ऊषा सिलाई-कटाई सेंटर की टीचर सुनीता देवी ने सेवा ट्रस्ट के कार्यो की दिल से प्रशंसा की और कहा की सेवा ट्रस्ट सामाजिक कार्यो को लेकर

सामाजिक कार्य

▶▶ बोध का वह अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करवाया जा सके

बहुत ज्यादा कार्य कर रहा है खासकर महिला सशक्तिकरण को लेकर तो बहुत कार्य कर रहा है जिसके लिए ट्रस्ट बहुत ही बधाई का पात्र है।

सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने अपने संबोधन में बताया कि संस्था द्वारा समस्त प्रांत में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर समानता ,सम्मान के अधिकार बोध का वह अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करवाया जा सके।

## परशुराम महाविद्यालय के छात्र गौरव ने स्वर्ण तथा रचना ने हासिल किया रजत



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा द्रोणाचार्य स्टेडियम में एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया 'भगवान परशुराम महाविद्यालय के छात्र गौरव ने 1500 मीटर व 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान व महाविद्यालय की छात्रा रचना ने 1500 मीटर में रजत पदक हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ' इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल जी ने विजेता खिलाड़ियों तथा टीम इंचार्ज डॉ दिलबाग सिंह को बधाई दी तथा भविष्य में ऐसे ही महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए कठिन परिश्रम करने के लिए भी प्रेरित किया 'इस अवसर पर खेल समिति के संयोजक प्रो हीरालाल, शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक डॉ सौरभ त्रिखा ,डॉ सतीश शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

## राज्य कार्यकारिणी की बैठक में हुआ मंथन

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक कर्मचारी भवन रोहतक में शनिवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष संदीप सांगवान ने की तथा संचालन प्रदेश महासचिव हितेंद्र सिहाग ने किया। बैठक में राज्य कमेटी के पदाधिकारियों सहित जिलों के प्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष भी शामिल हुए। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान धर्मवीर फौगाट विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## महिला मंडली दे रही तुलसी शालिग्राम विवाह का न्यौता

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** मंदिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर सेवा समिति की महिला संकीर्तन मंडली प्रभातफेरियां निकाल 14 नवम्बर को मन्दिर परिसर में होने वाले तुलसी शालिग्राम के विवाह का न्यौता देने रविवार को विधायक निखिल मदान के निवास पर पहुंची। मंदिर समिति प्रधान पवन तनेजा, महासचिव प्रेम नारंग, सचिव महेंद्र बत्रा, महिला मंडली प्रधान द्रोपदी थरेजा, महासचिव वीना तनेजा की अगुवाई में विधायक निखिल मदान को शालिग्राम की बारात व तुलसी विवाह में सपरिवार शामिल होने निमन्त्रण दिया। महिला मंडली ने सुबह सवेरे कल्याण नगर, बत्रा कॉलोनी, ऋषि नगर में प्रभातफेरियां निकालने के बाद विधायक निवास पर जाकर संकीर्तन कर प्रभु का गुणगान किया। महिलाओं ने नाच गा कर



सनातन धर्म का प्रचार किया। ओम नमो भगवते वासुदेवाय के जयकारों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। पवन तनेजा ने बताया कि मंदिर समिति की महिला मंडली धर्म के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का भी आह्वान कर रही हैं। सालगिरह, जन्मदिन, नए भवन की बधाई देकर भी महिला मंडली प्रभात फेरियों में चार चांद लगा रही हैं। इस मौके पर चयनिका छाबड़ा, राज मुंजाल, प्रकाश आहूजा, रितु नंदा, यशोवंती शर्मा, मोना गुगलानी, वर्षा वर्मा, कांता गोयत, सरोज मानकतालिया, सरोज झाई,

सनातन धर्म

▶▶ तुलसी शालिग्राम के विवाह का न्यौता देने रविवार को विधायक निखिल मदान के निवास पर पहुंची

तारावंती बग्गा, पुष्पा मलिक,सुदेश वधवा, आदर्शबाला भगत, नीरू चावला, शाकुंतला कालरा, सरिता वधवा, किरण चावला, लीलावती, मंजू ढालिया, कौशल्या कालरा, महेश्वरी, कृष्णा छाबड़ा, शशि बाला, राज सेतिया, हनी, ममता, रवि शर्मा, संजय चावला, सोनू कालरा, प्रवीण बत्रा, गीतेश नागपाल संजय चावला, गिरधारी, मनोज थरेजा, सरोज, आदि श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## बदमाशों से लूटा गया सामान खरीदने वाले आरोपी गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया

**पानीपत,(कमाल हुसैन)** सीआईए वन पुलिस टीम ने हाईवे पर ट्रक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के बदमाशों से लूटा गया सामान खरीदने वाले आरोपी को यूपी के मेरठ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मुकम्मिल निवासी मेरठ यूपी के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने हाईवे पर ट्रक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर बीते वीरवार को गिरोह के सरगना हथवाला निवासी आरोपी आमिर, भारत नगर निवासी आरोपी मन्नु व हथवाला निवासी आरोपी आदिल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने अपने पांच अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर पानीपत, दिल्ली में एक-एक व सोनीपत में तीन ट्रक लूट की वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। लूट की उक्त वारदातों बारें संबंधित थाना में अभियोग दर्ज है।
पानीपत की ट्रक लूट की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में चढ़ाऊ मोहल्ला निवासी ट्रक चालक रामतेज की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

काबू

▶▶ सीआईए वन पुलिस टीम ने हाईवे पर ट्रक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया

प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ था उन्होंने अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए हाईवे पर ट्रक लूटने की योजना बनाई। आरोपी आदिल के पास खुद की मारूति अर्टिगा गाड़ी थी। सभी आरोपी रात के समय अर्टिगा गाड़ी में सवार होकर हाईवे पर निकलते और लूट की वारदात को अंजाम देते थे।
आरोपियों ने पिछले 20 दिनों में हाईवे पर एकाएक कर ट्रक लूट की 5 वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ट्रक के सामान उतारने के बाद खाली ट्रक को किसी भी स्थान पर छोड़कर फरार हो जाते थे। इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पानीपत से लूटे ट्रक का सामान गन्नौर थाना क्षेत्र में दूसरे केंटर में लोढ़ कर सामान यूपी के मेरठ ले जाकर वहा मुकम्मिल नाम के युवक को 3 लाख 50 हजार रूपए में बेचने बारे स्वीकारा था। आरोपियों को मुकम्मिल से पैसे आगे सामान बिकने के बाद मिलने थे।

## ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले संभल जाए वरना खैर नहीं: वरूण सिंगला

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक वरूण सिगंला, आईपीएस के निर्देशानुसार जिला कुरूक्षेत्र में पुलिस द्वारा यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है जिसके मध्यनजर जिला कुरूक्षेत्र पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुये 111 वाहनों के चालान किए गए। चालान में मुख्यतःगलत पार्किंग-04, बुलेट ट्रिपल राइडिंग-02, बिना हेलमेट-10, लाईन चेज के-60, गलत नम्बर प्लेट के-19, अन्य-1 एवं तेज गति से वाहन चलाना-15 है।



साथ ही इन पर 1,16,500 रुपए का जुमार्ना किया गया है । पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिगंला, आईपीएस ने जिला कुरूक्षेत्र की आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों की पूरी तरह से

चालान

▶▶ अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुये 111 वाहनों के चालान किए गए

पालना करें तथा अपने व औरों के जीवन को बचाएं, शराब का सेवन कर कभी वाहन ना चलाएं। पुलिस कप्तान कुरूक्षेत्र ने बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वालों को सचेत करते हुए कर रही है संभल जाएं अन्यथा इस अपराध के लिए मुकदमा का भी प्रावधान है।

# वेद बिना मति नहीं और गाय बिना गति नहीं-नायब सैनी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : राज्यपालश्री** आचार्य देवव्रत बोले-आर्य समाज की संस्थाओं को बचाने हेतु सरकार बनाए नया कानून कुरुक्षेत्र, 10 नवम्बर 2024 - भारतीय संस्कृति में वेद और गाय का विशेष महत्त्व है। हमारे यहां वेद बिना मति नहीं और गाय बिना गति नहीं की कहावत प्रचलित है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती ने समाज में व्यापक स्तर पर जहां वेदों का प्रचार-प्रसार किया वहीं गाय के गुणों की व्याख्या करते हुए एक पूरी पुस्तक गोकरुणानिधि लिखी




और लोगों को गाय की उपयोगिता समझायी। उक्त शब्द आज महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित आर्य महासम्मेलन में उमड़े भारी जनसैलाब को सम्बोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहे। मुख्यमंत्री समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जहां पर गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने उनका बुके देकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर परोपकारी सभा अजमेर के महामंत्री कन्हैयालाल आर्य, आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान देशबन्धु आर्य, महामंत्री उमेद शर्मा, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, उत्तर प्रदेश आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान देवेन्द्रपाल वर्मा, भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, डीडी शर्मा, सुभाष कलसाना, सुशील राणा सहित विभिन्न स्थानों से पधारे आर्य विद्वान्‌ मौजूद रहे। मंच संचालन वैदिक विद्वान्‌ डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार द्वारा किया गया। आचार्यश्री कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि आचार्य देवव्रत ने जीर्ण-क्षीर्ण हालत में इस गुरुकुल की बागडोर संभाली और निःस्वार्थ भाव से एक दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करते हुए गुरुकुल को सफलता के शिखर पर पहुंचाया। उन्हीं की कड़ी मेहनत और परिश्रम का परिणाम है कि वर्तमान में गुरुकुल कुरुक्षेत्र देश का एकमात्र ऐसा संस्थान है जहां से हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्र एन.डी.ए, नीट, आईआईटी, एनआईटी के लिए चुने जाते हैं। महर्षि दयानन्द जी की 200वीं जयन्ती पर सभी आर्यजनों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने हमेशा समाज उत्थान का कार्य किया।

# पुलिस अधीक्षक ने अपराध रोकथाम के लिए दिए दिशा-निर्देश

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : पुलिस अधीक्षक** वरुण सिंगला ने पुलिस लाईन के मीटिंग हाल में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मीटिंग कर अपराध और अपराधियों को अंकुश लगाने के लिए आवशयक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को सभी पर्वेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को ईमानदारी व लग्न से कर्तव्य निर्वहन करने व आमजन को शांतिपूर्ण माहौल देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपराधिक वारदातों को रोकने के लिये अपने-अपने एरिया में ज्यादा से ज्यादा पुलिस की गस्त को बढाने के आदेश दिये। पुलिस अधीक्षक ने जिला के पर्वेक्षण अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को आदेश देते हुए कहा कि जिला में



नशा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। साथ ही मे कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाकर नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों के सख्त करवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे पर शिकन्जा कसने के लिए जिला पुलिस द्वारा मोबाइल नंबर 74969-85327 जारी किया गया है जिस पर नशा बेचने वालों के बारे में सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा युवाओं को नशे दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए प्रेरित करें।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली पुलिस के जवान ने पत्नी संग सोनीपत से दिल्ली जाकर किया रक्तदान

सोनीपत

**माँ भारती रक्तवाहिनी** से लम्बे समय से जुड़े दिल्ली पुलिस सेवारत सुनील भारद्वाज ने दिल्ली केंद्रीय विद्यालय में शिक्षिका पत्नी रेनु शर्मा के साथ दिल्ली के सरोज



अस्पताल मधुबन चौक रोहिणी में एक मरीज के लिए रक्तदान किया। मरीज लिवर सिरोसिस बीमारी से पीड़ित है जिसे लम्बे समय तक खून की जरूरत पड़ेगी। मरीज को 7 यूनिट खून की जरूरत थी जिसमे से सुनील व रेनु ने गांव नागल कला सोनीपत से संस्था के ग्रुप में सन्देश देखकर तुरन्त पहुचे ओर रक्तदान किया। जीवन बचाने की इस मुहिम से लगातार जुड़े सुनील ने 17वी बार व रेनु ने 6वी बार रक्तदान किया। ऐसा बहुत कम ही देखने को मिलता है कि पति पत्नी एक साथ इस प्रकार से रक्तदान करने 60` दूर पहुँचे ओर मरीज का जीवन बचाया। सुनील भारद्वाज ने बताया कि माँ भारती रक्तवाहिनी से प्रेम गौतम से ही हमे ये सेवा कार्य करने की प्रेरणा मिली है जिसे हम लगातार आगे बढ़ाते रहेंगे और रक्तदान शिविरो का आयोजन करवाते रहेंगे।

### एटीएम कार्ड बदलकर अकाउंट से ठगों ने निकाले 45 हजार रुपए

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कस्बा घरौंडा में** दो अलग-अलग घटनाओं में ठगों ने एटीएम कार्ड बदलकर दो लोगों के अकाउंट से 45 हजार 500 रुपए निकाल लिए। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने का प्रयास कर रही है।
घरौंडा के वार्ड नंबर 13 निवासी बलबीर ने बताया कि 9 नवंबर की सुबह लगभग 9 बजे केनरा बैंक के एटीएम से 10 हजार रुपए निकालते समय दो अनजान व्यक्तियों ने उनके एटीएम कार्ड को बदल दिया। बलबीर ने उनसे अपना कार्ड समझकर वापस ले लिया और अपने काम के लिए लिबर्टी चले गए। दोपहर में उन्होंने जब मोबाइल चेक किया तो पाया कि उनके खाते से 20 हजार और 14 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। उससे कुल 34 हजार रुपए ठग लिए गए।
वहीं दूसरे मामले में घरौंडा की विग कॉलोनी के निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि 8 नवंबर को लगभग 11 बजे वह पीएनबी के एटीएम में पैसे निकालने का प्रयास कर रहे थे। बार-बार कोशिश के बावजूद एटीएम पिन नहीं लग पाया और पास खड़े अजनबी लोग उनके करीब आ गए। जसवंत ने बैंक में जाकर पिन समस्या की शिकायत की और अन्य एटीएम पर भी पैसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन हर बार समस्या बनी रही। इसके बाद जब उन्होंने बैंक स्टेटमेंट निकाली तो पता चला कि उनके खाते से 11500 रुपए पीएनबी के एटीएम करनाल से निकाले जा चुके हैं। उन्होंने पुलिस से शिकायत की और धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति की फुटेज की जांच करने की मांग की। दोनों ही घटनाओं में थाना घरौंडा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस ने एटीएम फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान का प्रयास शुरू कर दिया है। दोनों पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पशु व्यापारी से 1.15 लाख रुपए लूटे

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले में नगला-बीबीपुर** जाटान रोड पर एक पशु व्यापारी के साथ दिन-दहाड़े पिस्तौल के बल पर एक लाख 15 हजार रुपए लूट लिए गए। बदमाश ने बाइक पर लिफ्ट लेकर वारदात को अंजाम दिया है। सूचना मिलते ही कुंजपुरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार यूपी के जिला सहारनपुर के लखनौती गांव का शकील पशु व्यापारी है। शनिवार को वह अपनी स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर अपने गांव से कुरूक्षेत्र जा रहा था। उसने किसी व्यक्ति से ब्याज पर पैसे लिए थे। वही पैसे लौटाने के लिए वह जा रहा था। उसके भतीजे फरमान कुरैशी ने बताया कि शकील जैसे ही नगला के पास पहुंचा तो उसे किसी युवक ने लिफ्ट के लिए हाथ दिया और बीबीपुर तक लिफ्ट देने के लिए कहा।कुरैशी ने बताया कि उसके चाचा ने युवक को बाइक पर बैठा लिया। नगला-बीबीपुर जाटान के बीच जंगलों के पास जाते ही पीछे बैठे युवक ने शकील की कमर में पिस्तौल लगा दी और उसे जंगल में एक कच्ची सडक पर बाइक ले जाने के लिए कहा। इसके बाद बाइक कच्चे और सुनसान रास्ते पर खड़ी करवा ली।

# खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन)

**आर्य बाल भारती स्कूल** खेल मैदान में विश्व नागरिक एवं विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गयो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे ध्वजारोहण उपरान्त खिलाड़ियों को अनुशासन बनाए रखने की शपथ दिलवाई गई प्रधानाचार्य सत्यवान और पीटीआई जगदीश आर्य एवं आशा अरोड़ा तथा पीटीआई सुनील ने खिलाड़ियों से परिचय करवायो योग अध्यापक प्रवीण आर्य और कला अध्यापक प्रदीप कुमार ने भी छात्र जीवन में खेलों के महत्व के बारे में जानकारी दी खेल प्रतियोगिता एवं पुरस्कार




वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए खेल एवं योग प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्होंने कहा कि देश का यह छोटा सा प्रदेश हमारा यह हरियाणा खिलाड़ियों की ही नहीं भारतीय खेलों की जननी भी है आजादी के बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा ने हमेशा ही दो तिहाई पुरस्कार अकेले हरियाणा ने जीते हैं इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि हरियाणा के हर गांव में युवा खिलाड़ी और व्योवृद्ध खिलाड़ी खेल नर्सरीयां तैयार करने में पूर्ण सहयोग देते हैं यदि इस देश को नौजवान और चरित्रवान बनाए रखना है तो खेलो और खिलाड़ियों का प्रोत्साहन और अधिक बढ़ाना होगो

**आर्य शिक्षण संस्थाएं खेलों के प्रति समर्पित**

उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की विशेष खुशी है कि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक की ओर से संचालित हरियाणा प्रदेश की सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं समर्पित भाव से खेलों को बढ़ावा दे रही हैविद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने विद्यालय में पहुंचने पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी बड़े खिलाड़ियों और हमारे सभी बुजुर्गों को खेलो को बढ़ावा देने के लिए आगे आना होगा।

# रक्तदान महादान, रक्तदान से मिल सकता है किसी को जीवनदान : जगमोहन आनंद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। विश्व विज्ञान** दिवस के अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को स्थानीय जरनैली कॉलोनी स्थित सेव लाइफ ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया और इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद कहा। विधायक ने कहा कि मानवता की सच्ची सेवा ही ईश्वर की सेवा है। मानवता की सेवा के मार्ग अनेक हैं, रक्तदान भी इनमें से एक है। उन्होंने कहा कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसकी पूर्ति केवल रक्तदाताओं द्वारा किए गए रक्तदान से ही की जा सकती है। आए दिन होने वाली सडक दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल होने वाले व्यक्तियों को रक्त की अत्यंत जरूरत रहती है और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भी रक्त की आवश्यकता होती है। इन सभी जरूरतों की पूर्ति का एकमात्र माध्यम रक्तदान शिविर हैं। धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं आए दिन रक्तदान शिविरों का आयोजन करके इस पुण्य कार्य को आगे बढ़ा रही हैं। विधायक ने कहा कि रक्तदान महादान है।

# विदेश भेजने के नाम पर 13 .5 लाख की ठगी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के बजीदा** जाटान गांव के युवक को जर्मनी भेजने के नाम पर रूस भेज दिया। रूस में युवक के साथ शोषण हुआ और युवक 6 महीने से लापता है। पिता ने अपने बेटे को जर्मनी भेजने के लिए 15 लाख रुपए में सौदा किया था। एजेंटों ने उसे जर्मनी की बजाय रूस भेज दिया, जहां पर उसका बेटा फंस गया। पिता ने अपने बेटे को विदेश से वापस लाने के लिए भरसक प्रयास किए, एजेंटों ने जितने पैसे मांगे उतने पैसे दिए। एजेंट पिता को लूटते रहे, लेकिन उसके बावजूद भी युवक का कोई सुराग नहीं लगा।
गांव दहा निवासी धर्मपाल ने अपने बेटे विशु को जर्मनी भेजने का सपना देखा था। उसके बेटे विशु ने दसवीं तक पढ़ाई की थी और वह जर्मनी जाकर काम करना चाहता था। एक रिश्तेदार ने धर्मपाल की मुलाकात पंजाब के संगरूर जिले के बलियाल गांव निवासी गौरव कुमार से करवाई, जिसने उन्हें विश्वास दिलाया कि वह विशु को जर्मनी भेजने में मदद करेगा। इसके बाद धर्मपाल ने बेटे को विदेश भेजने के लिए गौरव के कहे अनुसार अपनी मेहनत की कमाई से धीरे-धीरे बड़ी रकम जुटाई और एजेंट को सौंप दी।

# कविंद्र को प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर जताया आभार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। एडवोकेट कविंदर** राणा को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल का प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर राजपूत सभा करनाल ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया है। राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कविंद्र राणा को पार्टी के प्रति समर्पण और काबिलियत को देखते हुए उन्हें यह पद दिया गया है। सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजपूत सभा के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें सरकार के इस कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने



बताया कि कविंद्र राणा विधि स्नातक व पेशे से वकील हैं। उन्होंने वर्ष 1998 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुडकर छात्र हितों की आवाज उठाई। तत्पश्चात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कार्य करते हुए वर्ष 2008 में संघ तृतीय वर्ष का शिक्षण प्राप्त किया और संघ में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए संघ प्रेरणा से वर्ष 2004 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने। उसके बाद उन्हें जिला भारतीय जनता पार्टी का सचिव चुना गया। वर्ष 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में अपना पूर्ण योगदान देने के बाद जब मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में सरकार बनी तो एडवोकेट कविंद्र राणा को घरौंडा विधानसभा में निगरानी समिति के अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई और साथ ही जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य भी कविंद्र राणा को बनाया गया। इतना ही नहीं सीएम विंडो में विशिष्ट सदस्य जैसा दायित्व भी उन्हें सौंपा गया। वर्तमान में कविंद्र राणा बीजेपी के विधि प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक की जिम्मेदारी पर कार्यरत थे। इनके कार्यों से प्रभावित होकर सरकार ने उन्हें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के करनाल लोकसभा का प्रतिनिधि का दायित्व देकर बड़ी और अहम जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए करनाल राजपूत समाज भी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के आभारी है।

# राष्ट्र ऋषि दंतोपंत ठेंगड़ी का मनाया जन्मदिवस

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। पूरे देश में** आज राष्ट्र ऋषि दंतोपंत ठेंगड़ी के जन्मदिवस को स्वदेशी स्वावलम्बन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में दिल्ली केंद्र के माध्यम से जिला स्तर पर 500 स्वावलम्बी केन्दों को जोड़ा गया और 12 जगह दूसरे देशों में भी इस कार्यक्रम को लाइव देखा गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुधीर कुमार ने कार्यक्रम में विशेष रूप से दंतोपंत ठेंगड़ी की विकास यात्रा के बारे में बताया और स्वदेशी से जुड़ा एक उदहारण देकर समझाया कि जापान में वहां के नागरिक ने दूसरे देश का मीठा



संतरा खाने से मना कर दिया और अपने देश का खट्टा संतरा ही खाया कि यही खाऊंगा, क्योंकि मेरे देश का है। उन्होंने बताया कि कैसे हम राष्ट्र ऋषि दंतोपंत के जीवन से राष्ट्र जागरूकता की प्रेरणा ले सकते हैं, कैसे स्वावलम्बन की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में स्वावलम्बी भारत अभियान के अखिल भारतीय प्रशिक्षक, अर्थ प्रमुख सतीश चावला ने मुख्य रूप से कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हम इस समय अमृतकाल में चल रहे हैं। हमें मौका मिला है कि हम अपने पूर्वजों से हुई कुछ गलतियों को भी सुधारें और अपने देश की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनें, जो इस समय देश के 37 करोड़ युवा उद्यमिता के मार्ग पर चलें तो यही देश के लिए स्वावलबी अभियान में महादान है। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग प्रमुख डॉ. दुलीचंद ने राष्ट्र ऋषि दंतोपंत ठेंगड़ी की जीवन यात्रा के बारे में बताया कि उनकी विचारधारा एक नहीं थी, सबके लिए थी, उनकी संघर्ष यात्रा पर 200 पुस्तकें लिखी गई स्वावलम्बी भारत अभियान भी उसी आशीर्वचन में से एक है। दंतोपंत ने मजदूर वर्ग किसान वर्ग के लिए काम किया। इसके बाद भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की। उन्होंने राष्ट्र भाव से एक दूसरे से जुड?ा सिखाया और सामाजिक समरसता की प्रेरणा दी। स्वावलम्बी भारत अभियान की सदस्य सरोज चावला ने चल रहे स्वावलम्बी भारत अभियान के बारे में प्रकाश डाला।

# महिला सोने-चांदी के जेवरात लेकर हुई फरार

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। गांव सतनाली** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव से दो बच्चों की मां घर से कहीं चली गई। वह अपने साथ जेवरात व नकदी ले गई। परिवार के एक सदस्य पर महिला को ले जाने का शक है। पति की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सतनाली थाना के अंतर्गत आने वाले एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 2012 में भिवानी जिला के एक गांव में हुई थी। उसकी पत्नी की उम्र करीब 27 वर्ष है। उसके दो बच्चे हैं। इनमें बड़े लड़के की उम्र 11 वर्ष व दूसरा लड़का की उम्र 9 वर्ष है। 7/8 नवंबर की रात को उसकी पत्नी घर से बिना बताए कहीं चली गई। हमने अपने तौर पर अड़ोस-पड़ोस व रिश्तेदारियों में पता किया। लेकिन मेरी पत्नी का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। जब हमने अपने घर में चेक किया तब पता चला कि मेरी पत्नी अपने साथ सोने-चांदी के गहने व नकदी भी ले गई। हमें शक है कि उसकी पत्नी को परिवार का ही एक लड़का कहीं लेकर गया है। पुलिस छानबीन में लगी है।

# पंचकूला में हुई भाजपा की छोटी टोली की बैठक

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली। भारतीय जनता** पार्टी के सदस्यता अभियान और आगामी कार्य योजनाओं को लेकर रविवार को पंचकूला के पार्टी कार्यालय पंचकमल में छोटी टोली की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल मौजूद रहे। घंटों तक चली बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई और आगामी कार्ययोजना बनाई गई। छोटी टोली



की बैठक में प्रदेश में बड़े स्तर पर चल रहे सदस्यता अभियान को और गति देने तथा 50 लाख सदस्य बनाने के टारगेट को जल्दी से जल्दी पूरा करने पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कार्यकताओं से दिए गए लक्ष्य से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आग्रह किया। वहीं पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी कहा कि प्रदेश में सदस्यता अभियान को अपार सफलता मिल रही है। कार्यकताओं की मेहनत से हम 50 लाख से अधिक सदस्य बनाने का रिकार्ड बनाएंगे। मुख्यमंत्रि नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता का पीएम मोदी और भाजपा के प्रति स्नेह का परिणाम है कि केंद्र और राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बुलंदियों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार भी जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। भाजपा ने जो भी वादे किए हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले दस वर्षों से पारदर्शी शासन व्यवस्था के चलते युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही है और यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दें।

**भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है जिसमें परिवारवाद नहीं चलता : बड़ौली**

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के 20 हजार 629 बूथों पर सदस्य बनाने के अभियान को अपार सफलता मिल रही है। लाखों लोग हर रोज भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि हरियाणा को 50 लाख सदस्य बनाने का जो टारगेट मिला है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को दिये जाएंगे अवॉर्ड : सीमा प्रसाद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला** कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद ने बताया कि विभाग द्वारा महिला एवं बच्चों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। इसी कड़ी में सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तर पर अवार्ड देने के लिए घोषणा की गई है। अब पात्र महिलाएं अपना आवेदन 20 नवम्बर तक ऑफलाईन माध्यम से जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में जमा करवा सकती हैं। सीमा प्रसाद ने विभिन्न अवॉर्डों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिन महिलाओं द्वारा कठिन परिस्थितियों के दौरान भी पब्लिक सर्विस में सराहनीय कार्य किया गया हो व अन्य महिला व बच्चों के लिए रोल मॉडल रही हों, उन्हें इंदिरा गांधी महिला शक्ति अवार्ड के तहत एक लाख पचास हजार रुपए की राशि बतौर पुरस्कार प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार कल्पना चावला शौर्य अवार्ड के तहत जिन महिलाओं द्वारा अपने जीवन में रिस्क उठाकर कोई बहादुरी का कार्य किया गया हो, उन्हें एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि बहन शन्नो देवी पंचायती राज अवार्ड में महिला पंचायत नेता, ब्लाक समिति की महिला अध्यक्ष/सदस्या, जिला परिषद की महिला अध्यक्ष/सदस्या, नगर निगम की महिला अध्यक्ष/सदस्या द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जैसे कि महिला साक्षरता, स्वास्थ्य व पोषण, महिला सशक्तिकरण, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह व लिंगानुपात में सुधार इत्यादि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया हो, ऐसी महिलाओं को एक लाख रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाती है।

# श्री रामकृष्ण गौशाला में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी पर्व





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सोनीपत के कतलूपुर गांव** स्थित श्रीराम कृष्ण गौशाला में आचार्य तरुण कृष्ण, लखन आनंद शांडिल्य के सानिध्य में गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य तरुण लखन जी ने गायों को स्नान करवा कर लाल चुनरी ओढ़ाई और तिलक करके गुड और हरा चारा खिलाया और आरती के साथ ही सभी गायों की परिक्रमा की। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में गोभक्त मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत कामधेनु यज्ञ करके किया गया। इसके पश्चात गौ पूजन, गोदान व भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को भक्तों का आचार्य तरुण लखन जी महाराज ने पटका पहनाकर, प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गोपाष्टमी की पूजा के बाद भगवान श्री कृष्ण गायों को चराने के लिए ले गए थे। गाय की पूजा करने से समस्त देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। गाय को हिंदू धर्म में माता का दर्जा दिया गया है गाय की सेवा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आचार्य तरुण लखन जी महाराज ने सत्संग के दौरान कहा कि गौ माता के दर्शन स्पर्श से ही मनुष्य का कल्याण हो जाता है। गौ माता से उत्पन्न सकारात्मक ऊर्जा मनुष्य को नई चेतना देती है इससे मनुष्य के शरीर में ज्ञान ज्योति चेतन होती है। गोपाष्टमी पर गायों की पूजा करने से 33 कोटी देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। कार्यक्रम पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो को भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। कार्यक्रम में शुभम बंसल, देवकीनंदन, लवलीत सचदेवा, जुगल किशोर शर्मा, जसवंत, श्यामलाल, अजय, रणवीर सिंह, श्री राम जी, मोहित गुप्ता, कपिल भारद्वाज, गर्ग परिवार, धवन परिवार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आजादपुर गांव में सहभोज कार्यक्रम का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के धीरपुर मंडल वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके आजादपुर गांव के शादी नगर के कलस्टर पर बूथ अध्यक्ष कृष्णा के घर के बाहर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा ने किया। जिसमें सभी बहनों और भाइयों और बच्चों ने मिलकर एक साथ बैठकर सहभोज किया। इस मौके पर सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नीलम बुद्धिराजा ने बताया कि आजादपुर गांव के शादीनगर इलाके के सेवा बस्ती में सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया और वहां पर मौजूद लोगों को भाजपा की नीतियों व भाजपा द्वारा किये जा रहे कार्यों से विशेष रूप से अवगत कराया।

## सेवा बस्ती में सुनील यादव ने किया सहभोज कार्यक्रम आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके जहांगीरपुरी की आईटीआई झुग्गी व अन्य झुग्गियों में बादली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सुनील यादव ने वहां के निवासियों के साथ सहभोज किया। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सुनील यादव ने कहा कि आज सेवा बस्ती के लोगों के साथ सहभोज कार्यक्रम में शामिल हुआ और लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं और भाजपा के कार्यों से अवगत कराया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की नीतियों व कार्यों से लोग प्रसन्न है और भाजपा से बहुताय की संख्या में जुड़ रहे है।

## 'मेयर ग्रामीणों की विरोधी, हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा नहीं की पूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने ग्रामीणों का हाउस टैक्स माफ नहीं करने व दोयम दर्जे का व्यवहार करने पर आम आदमी पार्टी को गांवों और ग्रामीण विरोधी करार दिया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि मेयर शैली ओबरॉय ने दो दिसंबर 2023 को आप पार्टी कार्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त करने की घोषणा की थी। लेकिन हाउस टैक्स माफ करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया उल्टा ग्रामीणों को गुमराह कर उनका मजाक बनाया।



थान सिंह यादव ने खुलासा किया किया कि उनकी घोषणा के बावजूद गांवों में एमसीडी की ओर से लगातार हाउस टैक्स जमा करने के नोटिस भेजे जा रहे हैं। इससे गांवों ग्रामीणों में नाराजगी और असंतोष बढ़ रहा है। यादव ने कहा कि मेयर की इस कथनी और करनी के अंतर ने ग्रामीणों को धोखे में रखा है और अपनी पार्टी के प्रति आक्रोश पैदा किया है। इस कारण उन्होंने आम आदमी पार्टी के ग्रामीण पृष्ठभूमि के पार्षदों से आग्रह किया है कि वे गांवों के हाउस टैक्स माफ को लेकर आगामी 14 नवंबर को होने वाले मेयर चुनाव का बहिष्कार करें। यादव ने इन पार्षदों को एक कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी कि यदि वे मेयर चुनाव का बहिष्कार नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ गांवों में प्रवेश न करने देने का आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## शालीमार बागः हैदरपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** झुग्गी बस्ती विस्तारक अभियान के तहत रोटरी क्लब दिल्ली एवं मां आदि शक्ति दुर्गा जी ट्रस्ट द्वारा आयोजित फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। क्लस्टर पालको के माध्यम से सेवा भारती, नेहरू कैंप, हैदरपुर में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया जिसमें सेवा बस्ती के सभी बड़े बुजुर्गों, भाइयों-बहनों ने आकर फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 लोगों ने चेकअप करवाया। इस कार्यक्रम में पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर के अलावा क्लस्टर पालक सहयोगी भरत अरोडा, सेवा बस्ती विस्तारक गंगाराम पासवान, प्रमोद पासवान, हर्ष, मंडल अध्यक्ष संजय झा, खंड प्रमुख अनिल कुमार, पिंकी ठाकुर, रमिता झा, बूथ अध्यक्ष सुशील, गीता यादव, बसंती, मिस्टर निगम, उमेश साहू रोहित साहनी, रामायण, शीला जी अन्य सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। इस मौके पर पूर्वांचल मोर्चा भाजपा दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष सुजीत ठाकुर ने वहां पर उपस्थित लोगों को केन्द्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कारी योजनाओ से अवगत कराया। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

## हिंदी अकादमी के सहयोग से रोहिणी में कवि सम्मेलन आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: रोहिणी में** 'हिंदी अकादमी' के सहयोग से सामाजिक संस्था 'नई प्रेरणा फाउंडेशन' ने 'हिंदुस्तानी भाषा अकादमी सभागार' में पुस्तक विमोचन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के अध्यक्ष एवं हिंदी अकादमी की कार्यकारिणी के सदस्य सुधाकर पाठक की विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। हिंदी अकादमी के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय गीतकार डॉ. जयसिंह आर्य ने की। प्रसिद्ध कवि एवं गजलकार डॉ संजय जैन की उपस्थिति भी अतिथि के रूप में रही। हिंदी अकादमी की ओर से आमंत्रित कवियों में व्यंग्यकार कवि विनोद पाराशर, गीतकार शैलजा सिंह और गजलकार कुमार अनुपम, राम श्याम हसीन और डॉ. गुरविंदर बांगा और दिल्ली एनसीआर के अन्य क्षेत्रों से पधारे, जिन अन्य कवियों में चित्रकार और कवि संजय कुमार गिरि ,डॉ. सीमा वत्स, शायर पदम प्रतीक, सुप्रिया सिंह, इब्राहिम अल्वी मौजूद रहे।

## गुरुद्वारा बंगला साहिब में चित्र प्रदर्शनी हुई शुरू

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख गुरुद्वारा** प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा बंगला साहिब में सरोवर के किनारे प्रथम पातशाही गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी 18 नवंबर तक चलेगी। गुरुद्वारा साहिब में अरदास कर इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलो और धर्म प्रचार मुखी जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि हर साल गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर यह प्रदर्शनी गुरुद्वारा बंगला साहिब में लगाई जाती है। इस बार




कमेटी ने भाई वीर सिंह साहित्य सदन के साथ मिलकर चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया है, जिसमें गुरु साहिबान के समय के इतिहास से संबंधित चित्र लगाए गए हैं। इसके साथ ही गुरु साहिब के जीवन से संबंधित विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जिनमें धार्मिक पुस्तकें शामिल हैं, जिन्हें देखकर संगतें अपना जीवन सफल बनाती हैं। इसके अतिरिक्त मातृभाषा पंजाबी के प्रचार को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को प्रेरित करने के लिए पंजाबी प्रचार समिति के सहयोग से एक स्टॉल भी लगाया गया है, जिसमें खालसा स्कूल के बच्चों द्वारा पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। यहां आकर बच्चे धर्म और इतिहास से संबंधित चित्र बनाकर पुरस्कार भी जीत सकते हैं।

## दिल्ली न्याय यात्रा का हर जगह लोग मुस्कुराते हुए कर रहे हैं भव्य रूप में स्वागतः देवेन्द्र यादव





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तीसरे दिन दिल्ली न्याय यात्रा मिलन सिनेमा, मोती नगर से शुरू होकर ईस्ट पंजाबी बाग, जाट धर्मशाला छोटूराम धर्म त्रिनगर, मेन रोड़ रामपुरा गांव, हंसा पुरी रोड़, जूर बाग, तोताराम बाजार, शांति नगर मेन मार्केट, आनंद नगर, इंद्रलोक पुलिस स्टेशन, इन्द्रलोक गुरुद्वारा, हाजी अब्दुल कुरेशी मार्ग, दयाबस्ती झुग्गी बस्ती, श्री साईं उपवन मंदिर, शास्त्री नगर, एल ब्लाक, शास्त्री नगर गोल चक्कर, भरत नगर नाला वजीरपुर, वजीरपुर जे.जे. कॉलोनी से होकर यात्रा का समापन चौपाल वजीर पुर गांव पर हुआ। दिल्ली न्याय यात्रा आज मोती नगर विधानसभा, त्रीनगर विधानसभा, सदर बाजार विधानसभा और वजीरपुर विधानसभा में लगभग 25 किलोमीटर की यात्रा तय की। न्याय के दौरान पूरे समय दिल्ली न्याय यात्रा को थीम सॉग बज रहा था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में बदलाव लाने, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ दिल्लीवालों को न्याय दिलाने के लिए सभी 70 विधानसभाओं में जाने वाली दिल्ली न्याय यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन और सम्मान मिल रहा है। यात्रा के दौरान हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दिल्लीवालों की उमड़ती भीड़ के आगे बढ़ते हर कदम में कांग्रेस के प्रति विश्वास, उम्मीद दिखाई दे रही है जो भाजपा और आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ न्याय और सत्य की लड़ाई के इस अभियान में दिल्ली को भ्रष्टाचारी अरविन्द केजरीवाल मुक्त बनाने अधिक सशक्त साबित होगी। देवेन्द्र यादव यात्रा के दौरान छोटे बड़े दुकानदारों, रेहड़ी पटरी वालों, रास्ते में सामान बेचने वालों, घरों के बाहर खड़े दिल्लीवालों से, ऑटो टैक्सी वालों सहित युवाओं, महिलाओं, विशेषकर रोज कमाकर खाने वाले श्रमिकों, मजदूरों से पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार आने के बाद रोजमर्रा में बढ़ती परेशानियों के बारे में चर्चा कर रहे है।

## उत्तराखण्ड के खिलाफ कार्तिक शर्मा का राजस्थान रणजी टीम में चयन

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की चयन समिति ने उत्तराखण्ड के विरुद्ध 13 से 16 नवम्बर तक देहरादून में खेले जाने वाले रणजी मैच के लिये अंडर-19 में कूच बिहार ट्राफी और वीनू मांकड़ ट्राफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भरतपुर के कार्तिक शर्मा का राजस्थान क्रिकेट टीम में चयन किया है। आरसीए के प्रवक्ता मनीष शर्मा ने बताया कि अपने पदार्पण रणजी मैच में शानदार शतकीय पारी खेलने वाले शुभम गढ़वाल को चोट के कारण अगले रणजी मैच से आराम दिया गया है। टीम इस प्रकार है। दीपक हुड्डा (कप्तान) दीपक चाहर (उपकप्तान) महिपाल लोमरोर, भारत शर्मा, अभिजीत तोमर, राम मोहन चौहान, कन्हैया लाल स्वामी, अजय सिंह कुकना, आराफात खान, अनिकेत चौधरी, जुबेर अली, राजेश बिश्नोई (जूनियर), कार्तिक शर्मा, साहिल दीवान, राजकुमार सैनी और राजवीर सिंह राठौर।

सपोर्ट स्टाफ - हेड कोच राजेश बिश्नोई, कोच पुनीत यादव, कोच निशांत सिंह, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सुनील शेरोन, फिजियो फरीद अहमद, मैनेजर गौरव शर्मा और भारत सिंह वीडियो एनालिस्ट होंगे।

## नए युग के लिए उत्साहित है बटलर

**लंदन।** जोस बटलर का कहना है कि इस साल कप्तानी छीन लिए जाने के डर के बाद वह इंग्लैंड की सफेद गेंद वाली टीमों का 'अगले युग' में नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड द्वारा सीमित ओवरों के किसी भी विश्व कप का बचाव करने में विफल रहने के बाद मैथ्यू मॉट को जुलाई में सफेद गेंद के मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। टेस्ट मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम जनवरी से सफेद गेंद की कमान संभालेंगे और 34 वर्षीय बटलर कप्तान होंगे। पिंडली की चोट के बाद वेस्टइंडीज में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए इंग्लैंड के साथ जुड़ने वाले बटलर ने कहा कि उन्हें लगता है कि पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब उन्हें कप्तानी से बर्खास्त कर सकते थे। उन्होंने कहा, ÷लेकिन कीसी को विश्वास था कि मैं टीम को आगे ले जा सकता हूं और भविष्य में कप्तानी कर सकता हूं। मेरी उनसे कुछ अच्छी बातचीत हुई और मैंने कहा कि मैं ऐसा नहीं करना चाहता क्योंकि मैं ऐसा करने वाला एकमात्र व्यक्ति हूं, मैं ऐसा करना चाहता हूं क्योंकि मैं ऐसा करने के लिए सही व्यक्ति हूं।' इंग्लैंड पांच टी20 मैचों में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, जिसके पहले दो मैच शनिवार और रविवार को बारबाडोस में होंगे, इसके बाद सीरीज सेंट लूसिया में खेली जाएगी।

## जैन जेलेजनी होंगे नीरज चोपड़ा के नये कोच

**मुबंई।** भारत के भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने 2025 एथलेटिक्स सत्र से पहले चेकिया के दिग्गज जैन जेलेजनी को अपना नया कोच नियुक्त किया है। तीन बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन और मौजूदा भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेजनी लंबे समय से चोपड़ा के आदर्श रहे हैं। वह इस महीने के अंत में पोटचेफस्ट्रूम में 31 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान दक्षिण अफ्रीका में नीरज चोपड़ा से जुड़ेंगे। घोषणा के बाद नीरज चोपड़ा ने कहा, बड़े होते हुए, मैं जैन की तकनीक और सटीकता की प्रशंसा करता था और उनके सभी वीडियो देखता था। जेलेजनी को आधुनिक युग का सबसे प्रसिद्ध भाला फेंकने वाला माना जाता है। उन्होंने बार्सिलोना 1992, अटलांटा 1996 और सिडनी 2000 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीते। उनका वर्तमान रिकॉर्ड 98.48 मीटर है जो उन्होंने 1996 में जर्मनी में बनाया था। चोपड़ा ने कहा, वह (जेलेजनी) इतने सालों तक खेल में सर्वश्रेष्ठ थे और मेरा मानना है कि उनके साथ काम करना अमूल्य होगा क्योंकि हमारी थ्रो करने की शैली समान है और उनके पास इससे जुड़ी बहुत जानकारी है। 58 वर्षीय जैन जेलेजनी चेकिया के टोक्यो 2020 रजत पदक विजेता जैकब वाजलेज्च और कांस्य विजेता विटेजस्लाव वेस्ली के पूर्व कोच हैं। उन्होंने दो बार की ओलंपिक और तीन बार की विश्व चैंपियन बारबोरा स्पोटाकोवा को भी कोचिंग दी है।

## पाकिस्तान नहीं जायेगी भारतीय टीम

**मुबंई ।** अगले साल फरवरी में प्रस्तावित चैंपियंस ट्राफी के लिये भारतीय टीम पड़ोसी देश पाकिस्तान नहीं जायेगी। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुये विदेश मंत्रालय ने भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। आठ देशों का यह टूर्नामेंट अगले साल 19 फ़रवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान में होना निर्धारित है। अब इस टूर्नामेंट के लिए पिछले साल की एशिया कप की तरह हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ सकता है। हाइब्रिड मॉडल के अनुसार यह चैंपियनशिप पाकिस्तान के अलावा यूएई अथवा श्रीलंका में खेली जा सकती है। गौरतलब है कि 2012-13 के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी द्विपक्षीय सीरीज़ नहीं हुई है। दोनों देशों के बीच आखिरी टेस्ट 2007 में हुआ था।




# पीकेएल : यूपी योद्धाज, यू मुंबा नोएडा में सीजन 11 के दूसरे चरण की करेंगे शुरुआत

एजेंसी

**नोएडा।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के दूसरे चरण की शुरुआत रविवार, 10 नवंबर को नोएडा इंडोर स्टेडियम में करने जा रही है। नोएडा चरण के रोमांचक उद्घाटन मुकाबले में घरेलू टीम यूपी योद्धा का सामना यू मुंबा से होगा। नोएडा चरण से पहले नोएडा के रेडिसन होटल में एक भव्य लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पीकेएल लीग कमिश्नर और मशाल स्पोर्ट्स में स्पोर्ट्स लीग के प्रमुख अनुपम गोस्वामी, टीम के कप्तान सुरेंदर गिल (यूपी योद्धाज ) और सुनील कुमार (यू मुंबा), मुख्य कोच जसवीर सिंह (यूपी योद्धाज ) और घोलमरेज़ा माज़ंदरानी (यू मुंबा) मौजूद थे। नोएडा में शुरू हो रहे सीजन 11 की प्रतिस्पर्धात्मक नेचर पर अनुपम गोस्वामी ने कहा, हम उम्मीद कर सकते हैं कि यह चरण बहुत प्रतिस्पर्धी होगा, जैसा कि हमने हैदराबाद चरण में देखा था, जहाँ 42 में से 25 मैच सात अंकों से कम अंतर से तय किए गए थे। यह नोएडा के लिए एक प्रभावशाली बेंचमार्क स्थापित करता है, और हम उम्मीद कर सकते हैं कि यह आगे भी बढ़ता रहेगा। सभी टीमें समान रूप से कुशल हैं, और इस तरह की प्रतिस्पर्धा के साथ, हमें विश्वास है कि नोएडा चरण प्रशंसकों द्वारा अच्छी तरह से प्राप्त किया जाएगा।



यूपी योद्धाज के कप्तान सुरेंदर गिल ने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने के बारे में अपनी उत्तेजना साझा करते हुए कहा, घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का लाभ किसी भी टीम के प्रदर्शन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देता है, और हमने पीकेएल में लगातार ऐसा देखा है। हमारे समर्थकों से हमें जो अतिरिक्त प्रेरणा मिलती है, वह अविश्वसनीय है, खासकर जब हम कम समय में कई मैचों का सामना कर रहे हैं, लेकिन हमारी टीम अच्छी तरह से तैयार है। हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और हम हर मैच को महत्वपूर्ण बनाना सुनिश्चित करेंगे। इस बीच, यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार ने कहा, टीम अभी अच्छा प्रदर्शन कर रही है, और मैं इस बात से प्रभावित हूं कि हमारे युवा खिलाड़ी किस तरह से शानदार प्रतिबद्धता दिखा रहे हैं, क्योंकि उनमें से अधिकांश इस सीजन में ही पीकेएल में पदार्पण कर रहे हैं। हमारी प्राथमिक योजना पूरे टूर्नामेंट में इस गति और मानसिकता को बनाए रखना है। जिस तरह से हम प्रदर्शन कर रहे हैं, मुझे सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचने की हमारी संभावनाओं पर पूरा भरोसा है। यू मुंबा ने आखिरी बार 2015 में पीकेएल सीजन 2 में खिताब जीता था, और अब प्रशंसकों के लिए ट्रॉफी घर लाने का समय आ गया है।

## अध्यापिका पूनम गुप्ता ने फिर जीता तीन स्वर्ण पदक

एजेंसी

**प्रयागराज।** वेटरेंस एथलेटिक्स इंडिया की तरफ से राष्ट्रीय वेटरेंस एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में प्रयागराज की गोल्डन गर्ल के नाम से मशहूर अध्यापिका पूनम गुप्ता ने फिर तीन स्वर्ण पदक जीत कर विभाग और प्रदेश का नाम रौशन किया है। पूनम ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के अमेठी में 8-9 नवम्बर को आयोजित किया गया। जिसमे बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अध्यापिका पूनम गुप्ता को उत्तर प्रदेश के लिए चयन किया गया था। पूनम ने 100 मी0 रेस (13.01) में स्वर्ण पदक, 110 मी0 हैडल (17.40) में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। पूनम ने पहली बार डिस्कस थ्रो में प्रतिभाग किया और (19.07) दूरी फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। पूनम ने बताया कि वह कैल्केनियल स्पर की दर्दनाक बीमारी से जूझ रही हैं। जिसमे पैर जमीन पर रखने से दबाव पड़ने पर एड़ी में असहनीय दर्द होता है। उसके बावजूद आखिरी समय में उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय लिया और उनका यह निर्णय सार्थक भी हुआ। उन्होंने अपने तीनो इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। अब वह अपनी बीमारी से उबरने पर पूरा ध्यान देंगी और 2025 कर्नाटक में साउथ एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में और दिल्ली में प्रतिभाग करेंगी।




## हनुमान कप हाकी टूर्नामेंट : स्पोर्ट्स हास्टल को हराकर लखनऊ हास्टल ने जीता खिताब

एजेंसी

**लखनऊ।** नितिश भारद्वाज, फहाद खान और सिद्दांत सिंह की स्टिक से निकले दो-दो गोलों के दम पर लखनऊ हॉस्टल ने राज्य स्तरीय हनुमान कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को 7-1 गोल से मात दी। वीर शिवाजी हॉकी अकादमी की तरफ से हुए टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला विजयंतखंड स्थित मोहम्मद शाहिद स्टेडियम पर खेला गया। विजेता को 50 हजार रुपये नकद और उपविजेता को 30 हजार की राशि के अलावा हर मैच के प्लेयर ऑफ द मैच को एक हजार रुपये दिए गए।

खेल की शुरुआत से ही लखनऊ हॉस्टल ने आक्रामक रुख अपना लिया था। छठवे मिनट में नितिश ने फील्ड गोल कर टीम का खाता खोला। लखनऊ हॉस्टल को दसवें मिनट में मिले पेनाल्टी कॉर्नर को सिद्दांत सिंह ने गोल में बदला। नितिश ने 25वें मिनट में एक दफा फिर गोल करने की कमान संभाली और फील्ड गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 29वें मिनट में सिद्दांत ने तो 35वें मिनट में फहाद खान ने गोल कर लखनऊ हॉस्टल को 5-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, एक मिनट बाद 36वें मिनट में स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए एकलौता गोल मो. दानिश ने किया। लखनऊ हॉस्टल से फिर पलटवार करते हुए 37वें मिनट में फहाद खान ने और 43वें मिनट में केतन कुश्वाहा ने गोल कर टीम का स्कोर 7-1 पहुंचा। इसी स्कोर पर मुकाबला खत्म हुआ।




इस दौरान सिद्दपीठ हनुमत निवास पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज, खादी ग्रामोद्योग के सीईओ उज्जवल कुमार और गेल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक चौधरी शेर सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। वीर शिवाजी हॉकी अकैडमी के अध्यक्ष गौरव अवस्थी की निगरानी में टूर्नामेंट हुआ।

## रणजी ट्रॉफी : विर्दभ ने हिमाचल को पारी और 88 रनों से दी शिकस्त

एजेंसी

**धर्मशाला।** नागपुर के विर्दभ क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान में हिमाचल और विर्दभ के के बीच खेले गए रणजी मैच में मेजबान विर्दभ की टीम ने हिमाचल को पारी और 88 रनों से शिकस्त दी है। ट्रॉफी के इलीट ग्रुप बी मैच में विर्दभ की पहली पारी में 575 रनों के बड़े स्कोर के चलते हिमाचल की बल्लेबाजी खासकर दूसरी पारी में फलाप रही और पूरी टीम 180 के स्कोर पर आउट हो गई। हालांकि पहली पारी में हिमाचल ने 307 रन बनाए थे लेकिन जबाव में बल्लेबाजी के लिए उतरी विर्दभ की टीम में ओपनर ध्रुव शोरे (125) और यश राठोड (128) के शतकों की बदौलत विर्दभ ने 575 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया।उधर 268 रनों से पीछे चल रहे हिमाचल की दूसरी पारी में बल्लेबाजी पूरी तरह लड़खड़ा गई और पूरी टीम 180 पर आलआउट हो गई। जिसके चलते उसे पारी और 88 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। दूसरी पारी में हिमाचल के मुकुल नेगी के 40 और आकाश वशिष्ट के 34 रनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज खास नही कर पाए।



**विर्दभ के हर्ष दुबे ने दो पारियों में लिए 11 विकेट**

उधर विर्दभ की ओर से गेंदबाज हर्ष दुबे ने दो पारियों में सबसे अधिक 11 विकेट अपने नाम किए जबकि हिमाचल की ओर से दिवेश शर्मा ने पहली पारी में विर्दभ के चार खिलाड़ियों का आउट किया।

रणजी ट्रॉफी के इलीट ग्रुप बी में विर्दभ सभी चार मैच जीतकर टेबल प्वांइट पर पहले स्थान पर बना हुआ है। इस जीत के बाद विर्दभ के 25 अंक हो गए हैं। गुजरात ने भी दो मैच जीते हैं जबकि उसके 18 अंक हैं और वह ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। जबकि हिमाचल चार में से दो मैच जीतकर 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

# मप्र ने दर्ज की उप्र पर 297 रन से जीत

एजेंसी

**बरेली ।** मध्य प्रदेश की टीम ने उ.प्र. को 297 रन से हरा कर श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कूच बेहार ट्राफी का मैच अपने नाम किया। खेल के चौथे और अंतिम दिन जीत के लिए दिए लक्ष्य 475 रन बनाने उतरे उ.प्र. के बल्लेबाज कल के स्कोर 139 रन को 177 रन तक पहुंचा पाए। नतीजा म.प्र. ने उ.प्र. पर 297 रन से जीत दर्ज कर मैच अपने नाम किया। 15 चौकों की मदद से 145 गेंदों पर मैच का एकमात्र शतक लगाने वाले म.प्र. के रुद्रांश सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति जी दोनों टीमों को अच्छे खेल की बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ रुद्रांश को मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यू.पी.सी.ए.) के तत्वावधान में बरेली



क्रिकेट एसोसिएशन (बी.सी.ए.) की ओर से दूसरी बार श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कूच बेहार ट्राफी के मैच के चौथे व अंतिम दिन खेल की शुरूआत अक्षु बाजवा और किशन कुमार सिंह ने की। दोनों ने कमजोर गेंदों को तेज तर्रार शाट खेले। चौथे दिन के छठवें ओवर में अक्षु बाजवा को रोहित सिंह ने अपनी ही गेंद पर कैच लेकर आउट किया। आउट होने से पहले अक्षु ने नाजुक मौके पर शानदार पांच छक्के और दो चौकों के साथ 58 गेंदों पर आकर्षक 44 रन बनाए। नौ विकेट गिरने के बाद किशन कुमार ने अंकुर शर्मा के साथ मोर्चा संभाला। लेकिन 11वें और दूसरी इनिंग के 55वे मैच में आयाम सरदाना की गेंद पर मनोज चौहान ने किशन कुमार का कैच लेकर उ.प्र. की अंतिम उम्मीद भी खत्म कर दी। आकर्षक मैच में दूसरी पारी में 15 चौकों की मदद से 145 गेंदों पर शतक लगाने वाले रुद्रांश और 68 रन बनाने वाले यशोवर्धन और 88 रन बनाने वाले अंश की बदौलत म.प्र. ने उ.प्र. को पहाड़ सा लक्ष्य देने में कामयाबी हासिल की।मैच के समापन समारोह में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य, मैच रैफरी सतीश राजगोपाल, आब्जर्वर गोपाल शर्मा, उत्तर प्रदेश के कप्तान मुहम्मद अमान, मध्य प्रदेश के कप्तान सोहम पटवर्धन और शतक बनाने वाले रुद्रांश सिंह ने पिच, मैदान और श्रीराम मूर्ति स्मारक स्टेडियम की तारीफ की।

## टेनिस : उप्र के अनिरुद्ध ने दिल्ली के दक्ष को दी मात

एजेंसी

**लखनऊ ।** आइटा मेन्स एक लाख इनामी टेनिस टूर्नामेंट में क्वालिफाइंग का पहले राउंड के 15 मुकाबले हुए। उन्नाद टेनिस एकेडमी में हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जमकर पसीने बहाये। उप्र के अनिरुद्ध कुमार ने दिल्ली के दक्ष गुप्ता को सीधे मुकाबले में मात दे दी। वहीं तेलंगाना के आठवें वरियता प्राप्त श्रीवांत मुम्मडी ने हरियाणा के आर्यन जाली को हराया। टेनिस एकेडमी में दोपहर से शुरू हुए मुकाबले में उप्र के अनुरुद्ध कुमार ने दिल्ली के दक्ष गुप्ता को सीधे मुकाबले में 6-3, 6-1 से हरा दिया। वहीं दिल्ली के द्वितीय वरियता प्राप्त सार्थक सुडेनबिना थके घंटों सेक्स करें और बीवी को अत्यधिक सुख का आनंद दें ने उप्र के अक्षत माल को 6-3, 6-2 से हरा दिया। वहीं बिहार के अभिषेक सिंह ने उप्र के शौर्य सिंह को 7-6, 6-2 से हरा दिया। उप्र के ध्रुव शर्मा ने मध्य प्रदेश के चौथे वरियता प्राप्त उत्कर्ष मिश्रा को सीधे मुकाबले में 6-1, 6-1 से मात दे दी। वहीं उप्र के पांचवें वरियता प्राप्त सौरभ कुमार सिंह ने उप्र के अभिषेक यादव को 6-1, 6-1 से हराया। किनडूविला ने उप्र के शोभित टंडन को सीधे मुकाबले में 6-2, 6-2 से हराकर अगले राउंड के लिए जगह बना ली। उप्र के वंशराज जलोटा ने आंध्र प्रदेश के छठें वरियता प्राप्त राहुल कृष्णा को 7-5, 6-3 से हरा दिया। तेलंगाना के राजेश्वर पटोला ने उप्र के अनुज कुमार को सीधे मुकाबले में 6-3, 6-0 से मात दे दी।

## मयूर की गेंदबाजी के साथ ही बल्ला भी चमका, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पहुंचा फाइनल में

एजेंसी

**लखनऊ।** इकाना मीडिया टी-20 कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ को दो विकेट से हराकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में इलक्ट्रॉनिक मीडिया के आल राउंडर मयूर शुक्ला ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही धुआंधार बल्लेबाजी की।

मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर से पहले ही 103 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गयी। सलामी बल्लेबाज वैभव ने 29 रन का योगदान दिया। वहीं रतिश शून्य पर ही पवेलियन लौट गये। टीम के कप्तान राघवेन्द्र प्रताप ने 14 रन बनाये। वहीं विद्याशंकर राय ने 22 रन का योगदान दिया। वहीं इलेक्ट्रानिक मीडिया ने आठ विकेट खोकर 104 रन बना लिये और मैच को दो विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज मार्तंड ने एक रन का योगदान दिया,वहीं मयूर शुक्ला ने धुआंधार बल्लबाजी करते हुए आठ चौका और एक छक्का की मदद से 40 बाल पर 58 रन बनाये। मयूर ने गेंदबाजी करते हुए भी चार विकेट झटके।




## वर्ल्ड पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता : अमेरिका के ऑस्टिन कॉक्स और पोलैंड की जोना कोकट बने विजेता

एजेंसी

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला की विश्वविख्यात बीड़-बिलिंग घाटी में आयोजित पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप सम्पन्न हो गया। वर्ल्ड कप के ओवरऑल वर्ग में अमेरिकी पायलट ऑस्टिन कोक्स और महिला वर्ग में पोलैंड की जोना कोकेट विजेता बनी है। पुरुषों के वर्ग में भारत के स्थानीय पायलट रणजीत सिंह दूसरे जबकि पोलैंड के डामर कैपिटा तीसरे स्थान पर रहे हैं। गौर हो कि इस बार वर्ल्ड पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता के विजेता बने ऑस्टिन पिछली बार आयोजित प्री पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के भी विजेता रहे थे। उधर महिला वर्ग में पोलैंड की जोना कोकोट पहले ही दिन से प्रथम स्थान और बनी हुई थी और उन्होंने अंतिम दिन तक उस स्थान को बरकरार रखते हुए यह प्रतियोगिता अपने नाम की। वहीं जर्मनी की डरिया अल्टीकवा दूसरे स्थान पर रही। विजेताओं को मुख्यमंत्री का दौरा रद्द होने के चलते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी



ने पुरस्कृत किया। गौरतलब है कि बीड़ बिलिंग में वर्ल्ड पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन 2 नवंबर से 9 नवंबर तक किया गया। इस बार सात दिनों के टास्क में दो दिन मौसम खराब रहने के चलते टास्क रद्द करने पड़े। बाबजूद इसके इज प्रतियोगिता आज सम्पन्न हो गई।

## बंगाल वॉरियर्स ने बेंगलुरु बुल्स को 40-29 से हराया

एजेंसी

**हैदराबाद ।** नितिन कुमार और मनिंदर सिंह की बदौलत बंगाल वॉरियर्स ने यहां गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के 44वें मैच में बेंगलुरु बुल्स को 40-29 से हरा दिया। 11वें सीजन में हैदराबाद में यह आखिरी मुकाबला था। इस सीजन का दूसरा लेग अब 10 नवंबर से एक दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में खेला जाएगा।

बंगाल वॉरियर्स की सात मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम अब 23 अंक लेकर पांचवें पायदान पर पहुंच गई है। बंगाल के लिए नितिन कुमार ने 14 और मनिंदर सिंह ने 10 प्वॉइंट लिए। बेंगलुरु बुल्स की आठ मैचों में यह छठी हार है। बेंगलुरु के लिए अक्षित ने 11 और अजिंक्य पवार ने 8 प्वॉइंट अपने नाम किए। परदीप नरवाल बनाम मनिंदर सिंह के बीच वॉर ऑफ स्टार्स के इस मुकाबले में शुरुआती मिनटों में बंगाल की टीम 7-3 के साथ बेंगलुरु पर भारी रही। पांच रेड में लगातार पांच प्वॉइंट लेने के बाद मनिंदर फिर टैकल कर लिए गए और बेंगलुरु ने वापसी की कोशिश करनी शुरू कर दी। लेकिन इसके बावजूद पहले 10 मिनट के खेल में बंगाल 9-6 से आगे थी।नंबर-1 और नंबर-2 की लड़ाई में मनिंदर परदीप की टीम पर लगातार हावी होते जा रहे थे। माइटी मनिंदर लगभग हर रेड में टीम के लिए प्वॉइंट लेकर आ रहे थे। इसी के चलते वॉरियर्स की टीम अपनी लीड को लगातार कायम रखे हुई थी। बेंगलुरु बुल्स के अक्षित और अजिंक्य ही चल रहे थे। लेकिन इसके बावजूद बेंगलुरु



बुल्स हाफ टाइम तक बंगाल को नहीं पकड़ पाई और वॉरियर्स ने अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए पहले 20 मिनट के खेल में खुद को 15-12 से आगे रखा। दूसरे हाफ के शुरू होने के बाद मनिंदर ने सुपर रेड लगाकर बेंगलुरु को ऑलआउट कर दिया और अपने स्कोर को 20-14 का कर दिया। मनिंदर ने इसी के साथ अपना सुपर-10 भी पूरा कर लिया। ऑलआउट होने के बाद आगे के खेल में बेंगलुरु धीरे-धीरे वापसी करने लगी।

# तेलुगू टाइटंस की घर से विजयी विदाई, अंतिम सेकेंड तक चले रोमांचक मैच में पुणेरी पलटन को एक अंक से हराया

एजेंसी

**हैदराबाद।** विजय मलिक और पवन सहरावत के दम पर तेलुगू टाइटंस ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज कर ली है। अपने घर में आखिरी मैच खेलने उतरी तेलुगू टाइटंस ने गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में खेले गए सीजन के 43वें मैच में मौजूदा चैंपियन पुणेरी पलटन को 34-33 से हरा दिया। तेलुगू टाइटंस की आठ मैचों में यह पांचवीं और लगातार चौथी जीत है। टीम अब 26 अंक लेकर अंकतालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। तेलुगू के लिए विजय मलिक ने 13 और पवन ने 12 अंक लिए। डिफेंडिंग चैंपियन पुणरी की आठ मैचों में यह दूसरी हार है। टीम 30 अंक लेकर अभी भी पहले नंबर पर है। पुणेरी के लिए आज पंकज मोहिते ने नौ अंक जुटाए।घर में अपना आखिरी मैच खेलने उतरी मेजबान तेलुगू टाइटंस के लिए पवन सहरावत ने शानदार शुरुआत की और टीम को 6-1 की लीड दिला दी। पुणेरी पलटन ऑलआउट की कगार पर थी लेकिन पंकज मोहिते ने सुपर रेड लगाकर टीम को रिवाइव करा दिया। पुणेरी ने फिर सुपर टैकल करके पहले छह मिनट के खेल में ही स्कोर को 6-6 की बराबरी पर ला दिया। मौजूदा चैंपियन ने अगले चार मिनट के अंदर तेलुगू टाइटंस को ऑलआउट कर दिया और स्कोर शुरुआती 10 मिनटों के खेल में खुद को 14-10 से आगे कर लिया। हालांकि तेलुगू को उस समय मैच में वापसी करने का मौका मिल गया जब पुणेरी के कप्तान असलम इनामदार चोटिल होकर मैट से बाहर चले गए। मेजबान टाइटंस के कप्तान पवन सहरावत ने इसका फायदा उठाते हुए सुपर रेड लगाकर इस सीजन का अपना छठा सुपर-10 भी लगा दिया। इसी के साथ तेलुगू 16-15 की लीड में आ गई।तेलुगू ने अगली ही रेड में पुणेरी को ऑलआउट कर दिया और स्कोर को 19-16 का कर दिया। अंतिम मिनटों में तेलुगू ने हालांकि अपनी लीड गंवा दी पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 20-20 की बराबरी पर आ गया। दूसरे हाफ के शुरू होने के बाद भी असलम मैट पर नहीं लौटे। इसके बावजूद दोनों टीमें 25वें मिनट तक के खेल में 22-22 की बराबरी पर थी। टाइटंस ने यहां से अपने डिफेंस के दम पर पवन को रिवाइव करा लिया। पवन ने मैट पर आते ही तेलुगू को लीड दिला दी। पुणेरी के लिए आज सिर्फ पंकज और मोहिते ही चल पा रहे थे। इसी की बदौलत खेल के 30वें मिनट तक वो तेलुगू को 24-24 की बराबरी पर रोके हुई थी। मैच के अंतिम 10 मिनट के खेल में भी दोनों टीमों के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिली। 34वें मिनट में पुणेरी के अजित कुमार ने सुपर रेड लगाकर टीम को फिर से लीड दिला दी।

लेकिन तभी विजय मलिक ने बोनस प्लस टच प्वॉइंट लेकर तेलुगू को लीड में ला दिया। अंतिम पांच मिनटों के खेल में पुणेरी और तेलुगू के बीच मैच काफी रोमांचक रहा। हालांकि विजय मलिक अगली रेड में आउट हो गए और तेलुगू की टीम ऑलआउट हो गई। पुणेरी के पास अब 33-32 की लीड थी। उधर पवन मैट पर लौट चुके थे और अंतिम मिनट में मुकाबला फिर 33-33 की बराबरी पर आ चुका था। अगली रेड में अजित कुमार डू ऑर डाई में बाहर कर दिए गए और तेलुगू टाइटंस लीड में आ गई। आखिरी रेड में विजय मलिक ने समय निकालकर तेलुगू टाइटंस को 34-33 के स्कोर के साथ 1 अंक से रोमांचक जीत दिला दी।

## सच्चे जनसेवक थे गोपाल जी: सीएम योगी

### आशुतोष टंडन का निधन प्रदेश और लखनऊ के लिए अपूर्णीय क्षति- सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** पूर्व मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता स्व. आशुतोष टंडन 'गोपाल जी' की पहली पुण्यतिथि पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में "राजनीति में शालीनता, सुचिता और सेवा" विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। लालजी टंडन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिरकत की। नेताओं ने स्व. आशुतोष टंडन चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उनके राजनीतिक योगदान और जीवन की उपलब्धियों को याद किया गया। सीएम योगी ने गोपाल जी के साथ अपने व्यक्तिगत और राजनीतिक अनुभव साझा करते हुए उन्हें सच्चे जनसेवक और समर्पित नेता के रूप में याद किया।



**सीएम योगी ने किया गोपाल जी के समर्पण का स्मरण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि जब 2017 में उन्हें मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा गया, तब गोपाल जी को चिकित्सा और प्राविधिक शिक्षा विभाग का कार्यभार दिया गया। गोपाल जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन को उत्तर प्रदेश में उतारने में पूरी लगन के साथ मेहनत की। लखनऊ में एसजीपीजीआई, आरएमएल, और अन्य चिकित्सा संस्थानों के विकास के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किया। गोपाल जी ने प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों की स्थिति को सुधारने के लिए अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन किया।

**गोपाल जी में पार्टी परंपराओं को सहेजने की थी गहरी रुचि- सीएम**

सीएम योगी ने बताया कि गोपाल जी को बीजेपी के पुराने नेताओं और परंपराओं की स्मृतियों को

**याद किया**

**▸▸ प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों की स्थिति सुधारने के लिए पूरी निष्ठा से किया कार्य- मुख्यमंत्री**

संजोने की गहरी रुचि थी। वे चाहते थे कि आरएमएल के एक सेंटर का नाम पूर्व मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्ता के नाम पर हो और लखनऊ के पूर्व मेयर डॉक्टर एसजी राय के नाम पर एक बैंक की स्थापना हो। यह उनकी विचारशीलता और बीजेपी की परंपराओं को सहेजने की गहरी सोच को दर्शाता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोपाल जी ने हर काम को बिना किसी प्रचार के शालीनता और सादगी के साथ किया और पार्टी के सिद्धांतों को कायम रखा।

**स्थानीय जनसंपर्क में था उनका अनोखा अंदाज**

सीएम योगी ने गोपाल जी के जनसंपर्क शैली का एक प्रेरक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि 2019 के चुनावों के दौरान गोपाल जी वाराणसी में चुनाव प्रचार में लगे थे, परंतु वे सुबह की पार्टी बैठक में शामिल नहीं हो पाते थे। इस पर लोगों को लगा कि वे गायब रहते हैं, लेकिन जब मुख्यमंत्री ने उनसे इस बारे में बातचीत की, तब गोपाल जी ने एक अलग ही पहलू बताया।

वे प्रतिदिन सुबह वाराणसी की गलियों में स्ट्रीट वेंडर्स, चाय-पान की दुकानों और छोटे व्यवसायियों से मिलते थे। इस प्रकार उन्होंने आम जनता के साथ गहरे संबंध बनाए। उनकी यह शैली उन्हें जनता से और करीब लाती थी और बीजेपी के समर्थन को मजबूत करती थी। सीएम योगी ने कहा कि गोपाल जी का यह तरीका जनसंपर्क और जनता के साथ रिश्ते मजबूत करने में प्रभावी साबित हुआ।

## ग्रीन और स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को किया जा रहा साकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** महाकुंभ 2025 को योगी सरकार स्वच्छ और ग्रीन महाकुंभ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में महाकुंभ 2025 को पूरी तरह प्लास्टिक फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम योगी की आकांक्षा के मुताबिक महाकुंभ के दौरान पूरे प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। महाकुंभ में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह बैन करने के साथ ही प्राकृतिक उत्पाद दोना, पत्तल, कुल्हड़ और जूट व कपड़े के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए मेला क्षेत्र में ही जूट व कपड़े के थैले, दोने,पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल खोले जाएंगे। इसके लिए निविदा भी जारी की गई है।

**पूरे मेला क्षेत्र में होगी सप्लाई**

प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर महाकुंभ के दौरान प्लास्टिक के सामनों के विकल्प के तौर पर




**प्लास्टिक फ्री**

**▸▸ जूट व कपड़े के थैले, दोने,पत्तल और कुल्हड़ के खुलेंगे स्टॉल, जारी हुई निविदा**

प्राकृतिक उत्पादों का प्रयोग करने के स्टॉल लगाने की योजना है। इसके लिए महाकुंभ में दोने, पत्तल, कुल्हड़ व कपड़े या जूट के थैलों के स्टॉल लगाने की निविदा जारी की गई है। इन स्टॉल से महाकुंभ के दौरान प्राकृतिक उत्पादों की सप्लाई पूरे मेला क्षेत्र में की जाएगी। साथ ही महाकुंभ के दौरान दुकानदारों को भी प्राकृतिक उत्पादों का ही प्रयोग करने का निर्देश जारी किया गया है। महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

**प्लास्टिक फ्री महाकुंभ बनाने का अभियान शुरू**

प्लास्टिक फ्री महाकुंभ अभियान में तेजीनलने के लिए प्रयागराज के मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शहर को विभिन्न जोन में बांटते हुए हर जोन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जो अपने जोन को स्वच्छ और प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए कार्ययोजना के तहत काम करेंगें। उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा साप्ताहिक तौर पर की जाएगी। साथ ही उन्होंने शहर में सभी पॉलीथीन बैग के थोक विक्रेताओं को शहर में पॉलीथीन की सप्लाई रोकने के भी निर्देश जारी किये हैं।

## 14 कोसी परिक्रमा: राम नगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब



**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा करने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मुहूर्त से पहले उठी परिक्रमा में देर रात बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए कुछ श्रद्धालुओं ने पांच घंटे में ही 42 किलोमीटर नाप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद रात भर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरीक्षण करते देखे गए। परिक्रमार्थियों को किसी प्रकार की तकलीफ न हो, इसलिए रात भर उच्चाधिकारी भी मेला क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ जुटे रहे। अब तक मिली जानकारी के अनुसार तकरीबन 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं के द्वारा परिक्रमा किये जाने की संभावना जताई जा रही है।

**5 हजार से अधिक मंदिरों की परिक्रमा**

**प्रबंधन**

**▸▸ मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरी रात अयोध्या में व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने में जुटे रहे अधिकारी**

यह पहला मौका है कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर समेत 5 हजार से अधिक मंदिरों की श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की है। पूरे परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न संगठनों की तरफ से जलपान की व्यवस्था कराई गई थी।

इसके अलावा नगर निगम की ओर विश्राम गृह व मोबाइल टॉयलेट के भी इंतजाम कराए गए थे। विभिन्न घाटों पर 150 से भी अधिक चेंजिंग रूम बनाये गए थे।

## देव दीपावली पर गौ माता के गोबर से बनाए दीयों से दमकेंगे काशी के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की है। इन प्रयासों से न केवल महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है, बल्कि उनके आत्मसम्मान में भी वृद्धि हो रही है। खासकर वाराणसी जिले में देव दीपावली के मौके पर गाय के गोबर से बने दीपों का निर्माण कर रही महिलाओं की सफलता इस बात का गवाह है कि कैसे योगी सरकार ने उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया है।



**गाय के गोबर से बने दीपों के निर्माण में जुटी हैं महिलाएं**

देव दीपावली के मौके पर, वाराणसी के घाटों पर लाखों दीप जलाने की तैयारी हो रही है। खास बात यह है कि इन दीपों का निर्माण गाय के गोबर से किया जा रहा है और यह कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। 7 स्वयं सहायता समूहों की 25 परिवारों की महिलाएं इस कार्य में जुटी हुई हैं और उनका लक्ष्य 30,000 गोबर से बने दीप तैयार करना है। पहले जहां देव दीपावली पर महिलाएं मुश्किल से 400-500

**आत्मनिर्भर**

**▸▸ मुख्यमंत्री ने राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की**

रुपये कमाती थीं, अब उन्हें इस कार्य के लिए लगभग 4,000 से 5,000 रुपये की आय हो रही है।

**स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं की कमाई में वृद्धि**

स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं अब घर-घर जाकर दीपों की बिक्री नहीं करतीं, बल्कि उन्हें पहले से ही बड़े पैमाने पर आर्डर मिलने लगे हैं। ग्राम अहरक की राधिका ने बताया कि पहले उन्हें दीपों को बेचने के लिए घर-घर जाना पड़ता था, लेकिन अब योगी सरकार के प्रयासों से उन्हें पहले से ही आर्डर मिल जाते हैं, जिससे उनकी आय में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनी हैं और अपने पैरों पर खड़ी हैं, जिसका सीधा लाभ उनके परिवारों को मिल रहा है। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को रोजगार और सशक्तिकरण के नए अवसर प्रदान किए हैं।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 11वें हाथी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**उमरिया:** मध्य प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की मौत का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों 10 हाथियों की मौत के बाद अब हाथी शावक की भी मौत हो गई। जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर रेंज क्षेत्र में 3 दिन पूर्व नन्हा हाथी शावक बीमार हालत में मिला था, जिसको तत्काल रेस्क्यू कर पार्क प्रबंधन ताला हाथी कैम्प ले आया था। जहां डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था, लेकिन रविवार सुबह उसकी मौत हो गई।

## 'मठ मंदिरों की भूमि कब्जा करने के दिन हुए समाप्त'

**टीम एक्शन इंडिया**

**ऋषिकेश:** भाजपा के फायर ब्रांड नेता व उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि भारत में वक्फ बोर्ड की आड़ में सेना व रेलवे सहित मठ मंदिरों की भूमि कब्जा करने के दिन समाप्त हो गए। यह बात रविवार को साक्षी महाराज ने ब्रह्मपुरी में श्री राम तप स्थली में आयोजित स्वामी दयानंद दास के 71 वें जन्म उत्सव के दौरान संतो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सन्तों के संघर्ष व भगवान राम के आशीर्वाद से 500 वर्ष से संघर्ष कर रहे सनातनधर्म से जुड़े लोगों का राम का मंदिर बन गया है। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट होने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी? द्वारा किए गए उद्घोष एक रहो अनेक रहो, राष्ट्रीय की रक्षा के लिए बंटोगे, तो कटोगे। सनातन धर्म को बचाने के लिए एक रहो नारे को हिंदू समाज लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि जब जब हिंदू समाज बंटा देश कटा है।

## फिर उड़ी कमलनाथ के दलबदल की खबरें

**टीम एक्शन इंडिया**

भोपाल: मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के दलबदल करने को लेकर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर चलने लगीं। रविवार को मीडिया और सोशल मीडिया में चल रही खबरों का कमलनाथ ने खंडन किया है। उन्होंने कहा कि मैं जीवन पर्यंत कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता रहा हूँ और आजीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा करता रहूंगा। इसके साथ ही उन्होंने झूठी खबरें चलाने वालों से माफी मांगने की बात भी कही। कमलनाथ ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दलबदल की खबरों का खंडन करते हुए पोस्ट कर लिखा मैं



मीडिया का बहुत सम्मान करता हूँ और मीडिया के साथियों से भी अपेक्षा रखता हूँ कि वे सत्य का ही प्रसार करें। एक चैनल की सोशल मीडिया साइट पर मेरे बारे में असत्य और भ्रामक खबर चलायी गई है। मैं जीवन पर्यंत कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता रहा हूँ और आजीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा करता रहूंगा। जो लोग इस तरह की खबरें चला रहे हैं, उन्हें अपने इस कृत्य के

**खंडन किया**

**▸▸ मैं जीवन पर्यंत कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता रहा हूँ और आजीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा करता रहूंगा**

लिए माफी माँगनी चाहिए। जय कांग्रेस, विजय कांग्रेस। पीयूष बबेले ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा- मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्व. इंदिरा गांधी के तृतीय पुत्र माने जाने वाले कमलनाथ के विषय में कुछ न्यूज चैनल सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें चला रहे हैं।

## हरिद्वार भी है वायु प्रदूषण की चपेट में

**हरिद्वार:** हरिद्वार में दीपावली पर्व बीतने के 10 दिन बाद भी वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है। हरिद्वार में एक्यूआई 166 है, जिसके चलते धर्मनगरी के बाशिंदे प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। दीपावली और छठ पर्व पर उपजा प्रदूषण हरिद्वार के क्षितिज पर भी दिखाई दे रहा है, जिससे धूप कमजोर बनी हुई है। हालांकि हरिद्वार के लिए यह अच्छी बात है कि यहां एक्यूआई लेवल बिना प्रयासों के ही ऋषिकेश से नीचे के स्तर पर आ गया है। उत्तराखंड के सर्वाधिक खराब एयर क्वालिटी वाले जिलों में फिलहाल देहरादून का एक्यूआई 276 के आसपास बना हुआ है।




**कार्यशाला** स्थानीय नगरीय निदेशालय, लखनऊ में आकांक्षी नगर योजना के तहत कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक

## उच्च गुणवत्ता वाले कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दे रही सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** स्थानीय नगरीय निदेशालय, लखनऊ में शनिवार को आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत सी.एम. अर्बन फेलोज और अधिशासी अधिकारियों के लिए एक कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य आकांक्षी नगर योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना और नगर विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करना था। इस कार्यशाला में आकांक्षी नगरों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को बढ़ाने, कन्वर्जेंस



योजनाओं के साथ समन्वय करने और आकांक्षी नगर योजना डैशबोर्ड के डेटा प्रबंधन की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए सभी आकांक्षी नगरों में उच्च गुणवत्ता वाले कार्य सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सी.एम. अर्बन फेलोज और अधिशासी अधिकारियों को प्रेरित किया कि वे शहरी क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार और जनसेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए ठोस प्रयास करें। बैठक में प्रमुख सचिव, निदेशक, अपर निदेशक, और उप निदेशक

**योजना**

**▸▸ शहरी विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की गई**

की उपस्थिति में शहरी विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की गई। इसमें विशेष रूप से आकांक्षी नगर योजना के प्रभावी कार्यान्वयन, डैशबोर्ड के उपयोग, और टेंडर प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी शामिल थी।